आयुर्वेद, आध्यात्म और षड्यंत्र

Ayurved, Spirituality & Conspiracy | By Nishant Prajapati | 1st Edition



आयुर्वेद, आध्यात्म और षड्यंत्र

लेखन एवं संपादन: निशांत बी. प्रजापति | Nishant B. Prajapati
स्थल: अहमदाबाद, गुजरात | Ahmedabad, Gujarat
(M) +91 97259 30800 | Email: nishant.prajapati@hotmail.com
Chat/Call for Privacy- @nishantguru007 (Telegram | Signal)
Telegram Channel- https://t.me/nishantguru007

Book Edition: First | Release Date: 05-Oct-2022

आयुर्वेद की एक औषध है **"त्रिफला"**, जिसका का नाम आप लोगोने जरूर सुना होगा. लेकिन त्रिफला के बारेमे जो जानकारी आज प्राप्त करेंगे उसे शायद ही कोई जानकार या अनुभवी चिकित्सक आपको बताएगा. सही ढंगसे अगर त्रिफला का नियमित सेवन किया जाए तो ये पूरी दुनिया में गंभीर से गंभीर रोगो की सबसे सस्ती और रामबाण दवा है. त्रिफला ना केवल शरीर के गंभीर रोगो के इलाज में उपयोगी है, बल्की शरीर के विकास के लिए जरुरी विटामिन और मिनरल्स की पूर्ति कुछ मात्रा में त्रिफला से हो सकती है. त्रिदोष को संतुलित कर शरीर की रोगप्रतिकारक क्षमता को बढ़ाने के लिए भी त्रिफला आयुर्वेद में उच्चतम और श्रेष्ठ औषधि मानी जाती है.

त्रिफला को अगर नियमित रूपसे जीवन में शामिल कर लिया जाए, तो यह आपके परिवार को गंभीर रोगो का शिकार होनेसे आसानीसे बचा सकती है एवं भविष्य मे उससे होनेवाले लाखो के खर्च से भी. यदी आप पहलेसे ही कोई सामान्य या घातक रोगो के शिकार हो चुके है, तो त्रिफला आपके लिए संजीवनी का काम करेगी. हज़ारो सालो से त्रिफला एक औषध के रूपमें भारतीय सनातन संस्कृति का हिस्सा रहा है, लेकीन कुछ आंतराष्ट्रीय षडयंत्रो के तहत वर्तमान में इसके के पुरे फायदे लोगो तक नहीं पहुंचने दिए गए. निश्चित ही इसे पढ़ने के बाद आप भारत के ऋषि-मुनियो के ज्ञान, आयुर्वेद और अपने भारतीय होने पर गर्व महसूस करेंगे.

जो भी जानकारी आपको इस पुस्तक के माध्यम से मिलनेवाली है, वह पुरे इंटरनेट पर खोजने से भी एकसाथ कहीं नहीं मिलेगी. **इसमे आपको त्रिफला के दिव्य लाभ के साथ आयुर्वेद, वैदिक सनातन संस्कृति एवं हिंदू सहित अन्य धर्मो के खिलाफ किये जानेवाले आरोपित आंतराष्ट्रीय षडयंत्रो की भी पूरी जानकारी प्राप्त होगी. दुनिया मे सबसे ज्यादा रहस्यमयी मानेजानेवाले इलुमिनाटी संगठन, जॉर्जिया गाइडस्टोन्स स्मारक तथा गुप्त शैतानी धर्म की जानकरी भी इस पुस्तक मे शामिल है.** पुस्तक को दिया गया योग्य समय और अनुक्रम से इसका पूर्ण पाठन आपका जीवन परिवर्तित करने के लिए काफी होगा.

सामान्य रूपसे लोग त्रिफला को मात्र कब्ज़ या एसिडिटी मिटानेवाली दवाई के रूपमें ही जानते है, लेकिन **त्रिफला को आयुर्वेद में शरीर का कायाकल्प करने वाली श्रेष्ठ रसायन औषधि का दर्जा प्राप्त है.** त्रिफला के अनगिनत लाभ और उसकी उपयोगिता का वर्णन आयुर्वेद में तो मिलता ही है, लेकिन **आज हम इसे मॉडर्न साइंस द्वारा लैब टेस्टिंग, चूहे, जानवर और व्यक्तियों पे किये गए कुछ ट्रायल, अध्यहन, शोध और रिसर्च के आधार पर मूल्यांकन करेंगे**, जिसके तमाम साइंटिफिक रिपोर्ट्स की कॉपी आपको पुस्तक मे लिंक (Link) द्वारा पीडीऍफ़ (PDF) स्वरुप में मिल जायेगी.



त्रिफला रसायन: रोगो के लिए दिव्य एवं चमत्कारिक महाऔषध

एलोपैथ रिसर्च अनुसार त्रिफला के फायदे: विषय सूचि

- डायबिटीज और शुगर लेवल को नियंत्रित करना - पेज नं: 7
- कोलेस्ट्रॉल, हाई ब्लड प्रेशर, हृदयघात और स्ट्रोक से बचाव - पेज नं: 9
- रक्त को शुद्ध करना और रक्त का संचार बढ़ाना - पेज नं: 11
- वजन घटाने और मोटापा कम करने के लिए - पेज नं: 12
- शरीर से विषैले तत्वो को दूर करने के लिए (डिटॉक्सिफिकेशन) - पेज नं: 14
- वायरल, बैक्टीरियल और फंगल इन्फेक्शन से लड़ने के लिए - पेज नं: 15
- गैस, एसिडिटी, कब्ज, आंत, बवासीर, पाचनसंबंधी रोगो के लिए - पेज नं: 16
- पेट का अल्सर और घाव भरने के लिए - पेज नं: 18
- आँखों के स्वास्थ्य के लिए - पेज नं: 19
- अनिंद्रा, तनाव और चिंता को दूर करने के लिए - पेज नं: 20
- मस्तिष्क (न्यूरो) संबंधी रोगो के लिए - पेज नं: 21
- दांत-मसूड़ों में दर्द, मुंह की दुर्गंध और इन्फेक्शन मिटाने के लिए - पेज नं: 22
- सेक्स संबंधी समस्या और पुरुषों की प्रजनन क्षमता के लिए - पेज नं: 23
- किडनी की रक्षा और मूत्र संबंधित समस्याओ में लाभकारी - पेज नं: 24
- जोड़ों के दर्द, आर्थराइटिस (गठिया) और गाउट में असरदार - पेज नं: 25
- केन्सर से बचाव और केन्सर के इलाज में प्रभावी - पेज नं: 26
- महिलाओमें रजोनिवृत्ति (मेनोपॉज), हार्मोन असंतुलन और पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (PCOS) के इलाज में उपयोगी - पेज नं: 28
- त्वचा को सेहतमंद, चमकदार और जवां रखने के लिए - पेज नं: 29
- बालों को लंबा, घना और चमकदार बनाने के लिए - पेज नं: 31
- चक्कर या मोशन सिकनेस के लिए - पेज नं: 32
- लिवर को स्वस्थ रखना और क्षति से बचाना - पेज नं: 33
- रेडिएशन से बचाव और क्षतिग्रस्त डीएनए (DNA) को ठीक करना - पेज नं: 35
- एचआईवी (HIV) तथा एड्स (AIDS) के इलाज में लाभदायी - पेज नं: 41
- पोषकतत्वों की पूर्ति और रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए - पेज नं: 42
- त्रिफला का खास परिस्थितियो में उपयोग और सावधानी - पेज नं: 47

आयुर्वेद अनुसार त्रिफला के फायदे: विषय सूचि

- त्रिफला क्या है? - पेज नं: 06
- आयुर्वेद क्या है और किसने लिखा? - पेज नं: 49
- त्रिदोष: आयुर्वेद का मूल सिद्धांत - पेज नं: 52
- सात धातुएं और भोजन में संबंध - पेज नं: 53
- मंदाग्नि (पाचनतंत्र) है सब रोगो का मूल - पेज नं: 53
- आयुर्वेद अनुसार रोगो को संख्या - पेज नं: 57
- आयुर्वेद में नाड़ी परीक्षण - पेज नं: 57
- त्रिफला- एक उत्तम और दिव्य महाऔषध - पेज नं: 58
- रोग-औषध के प्रकार और त्रिफला लेने का श्रेष्ठ समय - पेज नं: 61
- त्रिफला सेवन की मात्रा और अनुपात - पेज नं: 63
- शुद्ध त्रिफला का मापदंड - पेज नं: 68
- त्रिफला कैसे बनाये या कहाँ से प्राप्त करे? - पेज नं: 71
- वैध-रोगी के गुण और उनकी सही पहचान - पेज नं: 72
- त्रिफला का अन्य आयुर्वेदिक औषधो के साथ मुल्यांकन - पेज नं: 73
- त्रिफला का भिन्न रोगो पे असरदार होने का समय और सीमा - पेज नं: 76
- घी, तेल, शहद (मधु), नमक, गुड़ और शक्कर का महत्त्व - पेज नं: 81
- पंचकर्म चिकित्सा - पेज नं: 88
- पंचगव्य चिकित्सा - पेज नं: 90
- एलोपैथी, होमियोपैथी, आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का मूल्यांकन - पेज नं: 110
- आयुर्वेद-होमियोपैथी के इलाज के बारे में भ्रमणा एवं दुष्प्रचार - पेज नं: 119
- मर्म शास्त्र एवं मर्म चिकित्सा - पेज नं: 127
- नाड़ी, योग-प्राणायाम, चक्र और कुंडलिनी - पेज नं: 128
- एकाग्रता, मूर्तिपूजा, ध्यान, समाधी और मोक्ष - पेज नं: 132

आंतराष्ट्रीय शैतानी षड़यंत्र, ईश्वरी अवतरण और आध्यात्मिक क्रांति

- "इलुमिनाटी संगठन" और शैतान (लूसिफर) का गुप्त धर्म - पेज नं: 138
- जॉर्जिया गाइडस्टोन्स: रहस्यमयी स्मारक या मौतका फरमान? - पेज नं: 152
- इलुमिनाटी संगठन के सदस्यों के कार्य और आरोपित कृत्य - पेज नं: 219
- कलयुग का अंत और "कल्की भगवान" का अवतरण - पेज नं: 250
- स्व. राजीवभाई दीक्षित जी को मेरी भावपूर्ण श्रद्धांजलि - पेज नं: 253
- मेरा संदेश - पेज नं: 263

त्रिफला क्या है?

त्रिफला का शाब्दिक अर्थ है “तीन फल”. आयुर्वेद में त्रिफला तीन आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों का मिश्रण होता है– **आंवला, बहेड़ा और हरड़** जो भारत में एकदम आसानीसे मिल जाते है. संस्कृतमें में इन्हें अमलकी, विभीतक और हरितकी कहा गया है. **तीनो का अंग्रेजी वैज्ञानिक नाम Emblica Officinalis (आंवला), Terminalia Bellirica (बहेड़ा) और Terminalia Chebula (हरड़) है.** हरड़ शब्द कुछ लोगो के लिए नया हो सकता है. हरड़ और हल्दी दोनों अलग है तो उसे एक ना समजे. त्रिफला में इन तीनों फलो के बीज निकाल कर मिश्रण से चूर्ण बनाकर तैयार किया जाता है. तीनों ही फल अमृतीय गुणों से भरपूर है और योग्य मात्रा में जिनका मिश्रण त्रिफला कहलाता है.

त्रिफला अपने आपमें एक शक्तिशाली और गुणकारी औषध है, लेकिन इसे कभी अकेले नहीं खाया जाता. अधिकतर लोग अकेली त्रिफला का सेवन करते है, लेकिन इसे दिव्य रोगनाशक औषधीय रसायन बनाने के लिए ऋतुचर्या के अनुसार हर एक ऋतु में अलग अलग वस्तुओ के साथ लेने का विधान है, अथवा आयुर्वेद ग्रंथो में वर्णित कुछ खास गुणकारी औषधो में से किसी एक औषध को साल भर त्रिफला के साथ मिलाकर खाने का विधान भी है. इसीलिए त्रिफला को कभी अकेला सेवन ना करते हुए **शहद, घी, शक्कर, पीपर, मुलेठी या अन्य कुछ औषधोमें से किसी एक** के साथ लेने का विधान आयुर्वेद के ग्रंथो में बताया गया है, तभी वह शरीर के रोगो को नष्ट करनेवाला तथा और बुद्धि-यादशक्ति को बढ़ानेवाला दिव्य रसायन बनता है.

तो जब त्रिफला को बताई गयी किसी भी एक वस्तु के साथ निश्चित मात्रा में मिलाया जाता है तो वह एक सामान्य चूर्ण ना रहके त्रिदोषशामक, रोगनाशक एवं दिव्य महाऔषध बन जाता है जो **“त्रिफला रसायन”** कहलाता है.



वर्तमान समय में बिना मिलावट का घी, मध् और शक्कर मिलना मुश्किल है, तो त्रिफला को दिव्य रसायन में तब्दील करने के लिए और औषध के गुण एवं शुद्धता

को बनाए रखने के लिए **"मुलेठी" (Licorice)** ही सबसे कारगर औषध है. मुलेठी को **Glycyrrhiza Glabra** के अंग्रेजी वैज्ञानिक नाम से पहचाना जाता है. मुलेठी के चमत्कारी गुण जान लेने के बाद इसे भी श्रेष्ठतम औषधि के रूपमे स्वीकारने में आपको कोई कठिनाई नहीं होगी.

1) डायबिटीज और शुगर लेवल को नियंत्रित करना

त्रिफला **एंटी-डायबिटिक (Anti-Diabetic)** और **हाइपोग्लाइसीमिक (Hypoglycemic)** प्रभावी है जो रक्त में ग्लूकोज़ के लेवल को कम करने और उसे संतुलित रखने में असरदार पाया गया है. इसके हाइपोग्लाइसीमिक प्रभाव नैसर्गिक रूपसे रक्त में ग्लूकोज़ (शुगर) के लेवल को निचे लाने में सहायक है, जिसमे मौजूद **मेंथोल (Menthol) और सोर्बिटोल (Sorbitol)** नामक तत्व हाइपोग्लाइसीमिक प्रभाव पैदा करने के लिए जिम्मेदार माने जाते है. Link 1, Link 2

रिसर्च के अनुसार, मुलेठी की जड़ में **अमोरफ्रूटीन्स (Amorfrutins)** पाए जाते है, जो रक्त में हाई शुगर लेवल को नियंत्रित रखने मे सहायक है तथा मधुमेह विरोधी गुणों के लिए जाने जाते हैं. अमोरफ्रूटीन्स में कई **एंटी इंफ्लेमेट्री गुण (Anti-Inflammatory Properties)** होते हैं जो मधुमेह से संबंधित स्थितियों को दूर रखने में मददगार माने गए है Link.

अद्भुत बात यह है की मुलेठी स्वादमें मीठी होने के बावजूद इसे दवाई के रूपमे डायबिटीज रोगी खा सकते है जो उनके मीठा खाने की तलब को कुछ हद तक शांत कर सकता है. अधिकतर डायबिटिस के मरीज मीठा खाने से डरते है की शुगर का लेवल ना बढ़ जाय लेकिन मुलेठी में जो नैसर्गिक शुगर पायी जाती है वह कृत्रिम

तरीके से मानव द्वारा फैक्ट्री में बनाई जानेवाली केमिकल युक्त चीनी से बिलकुल अलग है. **मुलेठी की नैसर्गिक शुगर को चमत्कारी रूप से शरीर ना सिर्फ आसानी से पचा लेता है बल्कि इसमें मौजूद अमोर्फ्रुटिन नामक तत्व रक्त में शुगर के लेवल को भी नियंत्रित करते है. ये इस औषधि का एक ऐसा विरला गुण है जो अन्य किसी मीठी चीज या आयुर्वेद की औषधि में एकसाथ नहीं पाया जाता.** Link 3, Link 4.

रक्त में शुगर की अधिक मात्राको डायबिटीज (मधुमेह) कहा जाता है. यह समस्या तब उत्पन्न होती है, जब इंसुलिन का काम बाधित हो जाता है. इंसुलिन एक हार्मोन है, जो **पैंक्रियाज (Pancreas)** द्वारा बनाया जाता है. इंसुलिन, ग्लूकोज को एनर्जी में बदलने में मदद करता है. इंसुलिन न सिर्फ आपके रक्त में ग्लूकोज के स्तर को नियंत्रित करता है, बल्कि यह वसा (फैट) को संरक्षति करने मे भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. इसके साथ ही मेटाबॉलिज्म प्रक्रिया के लिए भी यह आवश्यक होता है. शरीर को शक्ति प्रदान करने के लिए रक्त के माध्यम से कोशिकाओं में ग्लूकोज पहुंचाने का काम इंसुलिन की मदद से ही पूरा होता है. शरीर की ऊर्जा को बनाए रखने मे इंसुलिन का अपना महत्व होता है. वहीं, जब इसकी कार्यप्रणाली बाधित हो जाती है, तब ग्लूकोज, उर्जा में परिवर्तित होने के बजाय रक्त में ठहर जाता है और जब ग्लूकोज का स्तर रक्त में बढ़ने लगता है, तब मधुमेह की समस्या उत्पन्न होती है. **अधिक प्यास लगना, बार-बार पेशाब लगना, भूख बढ़ना, थकान, धुंधला दिखाई देना, पैरों या हाथों में सुन्नता या झुनझुनी, घाव जल्दी न भरना या वजन घटना डायबिटीज के सामान्य लक्षण माने जाते है.**

डायबिटीज (मधुमेह) के कई प्रकार है, लेकिन मुख्य प्रकार समझना जरुरी है.

टाइप 2 डायबिटीज इंसुलिन की मात्रा कम हो जाती है या फिर शरीर सही तरीके से इंसुलिन का इस्तेमाल नहीं कर पाता है. यह मधुमेह का सबसे आम प्रकार

है, जो किसी भी उम्र के व्यक्ति को अपनी चपेट में ले सकता है. अधिक जंक फ़ूड का सेवन, मोटापे की वजह से, केवल बैठ के मानसिक रूप से काम करनेवाले तथा शारीरिक क्रियाओं में कमी आनेसे धीरे धीरे लोग इस रोग की तरफ बढ़ते जाते है, जिसका अंदाजा किसी को जल्दी नहीं हो पाता.

टाइप 1 डायबिटीज में इम्यून सिस्टम इंसुलिन बनाने वाली कोशिकाओं को नष्ट कर देता है. इस वजह से इंसुलिन का निर्माण नहीं हो पाता है. इस स्थिति में मरीज को इंसुलिन के इंजेक्शन दिये जाते हैं. डायबिटीज का ये प्रकार अनुवांशिक रूप से भी आ सकता है जिस स्थिति में मरीज को इंसुलिन के इंजेक्शन दिये जाते हैं. अनुवांशिक और अन्य कारणों से ग्रसित रोगीयो के लिए भी दिनचर्या के अनुसार त्रिफला के साथ पंचकर्म एवं पंचगव्य चिकित्सा अत्यंत लाभदेही साबित हो सकती है, जिसका विस्तृत वर्णन आयुर्वेद के विभाग में दिया गया है.

मधुमेह ऐसी बीमारी है जिसका असर आगे जाकर दूसरे अंगों पर भी पड़ता है. रक्त में शुगर की मात्रा अधिक बढ़ जाये तो इसके कारण 5-10 साल में दूसरे अंग भी प्रभावित होने की संभावना रहती है. इसके कारण गुर्दे में, आंखों में, पैर की नसों में कुछ खराबी आ सकती है. दिल की बीमारी के बढ़ने की संभावना सबसे अधिक रहती है जिसके कारण लकवा होने और पैर में रक्त संचार बाधित होने का खतरा अधिक रहता है. इससे अगर कोई धमनि (आर्टरी) ब्लॉक होती है तो हार्ट अटैक हो सकता है तथा ब्रेन में भी रक्त की सप्लाई बाधित होने से ब्रेन स्ट्रोक की संभावना बढ़ जाती है. यह स्थिति अचानक से नहीं आती है, बल्कि यह 10 साल पुराने इतिहास के कारण होता है ऐसा देखा गया है.

2) कोलेस्ट्रॉल, हाई ब्लड प्रेशर, हृदयघात और स्ट्रोक से बचाव



हाइ ब्लड प्रेशर (उक्त रक्तचाप) या फिर शरीर में अधिक कोलेस्ट्रॉल है तो आपके लिए त्रिफला का सेवन बहुत ही गुणकारी साबित होगा जो नैसर्गिक रूप से कोलेस्ट्रॉल के लेवल को नियंत्रित करने में मददगार पाया गया है.

त्रिफला में मौजूद "हरड़" **हाइपोलिपिडेमिक (Hypolipidemic)** प्रभाव के लिए असरदार मानी गयी है जो शरीर में अच्छे कोलेस्ट्रॉल **High-density Lipoprotein (HDL) को बढ़ाने तथा बुरे कोलेस्ट्रॉल Low-density Lipoprotein (LDL) तथा Very-low-density Lipoproteins (VLDL)** को कम करने के लिए मददगार है. Link 5, Link 6, Link 7. वही मुलेठी में पाए जानेवाले **फ्लेवनॉइड्स (Flavonoids)** तत्व कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करनेवाले है जो कोलेस्ट्रॉल को पित्त में तब्दील करने में सहायक माने जाते है. Link 8, Link 9. मुलेठी में मौजूद **पोलीफिनॉल्स (Polyphenols)** जो पौधों में नैसर्गिक रूपसे पाये जानेवाले **सूक्ष्म पोषकतत्व (Micronutrients)** होते है वह रक्त की धमनियों में जमा होनेवाले कचरे (Plaque) को दूर करनेमें भी मददगार बताये जाते है. Link 10, Link 11, Link 12.



हाइपरकोलेस्ट्रोलिमिया (Hypercholesterolemia) यानी रक्त में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा का बढ़ना है जो अगर नियंत्रित ना किया जाए तो आगे जाके हृदयघात का कारण बनता है. ज्यादातर लोग सोचते हैं कि कोलेस्ट्रॉल का होना शरीर के लिए नुकसानदायक हो सकता है. हालांकि, ये पूरी तरह से सच नहीं है. **कोलेस्ट्रॉल एक केमिकल कंपाउंड है जो सेल्स के निर्माण और हार्मोन्स के लिए जरूरी होता है.** शरीर में दो तरह के कोलेस्ट्रॉल पाए जाते हैं- बुरा कोलेस्ट्रॉल (LDL & VLDL) और अच्छा कोलेस्ट्रॉल (HDL). अच्छा कोलेस्ट्रॉल शरीर में से टॉक्सिक (विषैले) पदार्थों को बाहर निकालने में भी मददगार होता है. **लेकिन शरीर में "लो डेंसिटी लिपोप्रोटींस" यानि कि**

बुरे कोलेस्ट्रॉल की अधिकता होने से धमनियाँ (आर्टरीज) ब्लॉक हो जाती हैं, जिससे गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं. वही दिमाग तक रक्त पहुंचानेवाली वाहिनी में रक्त के थक्के (क्लॉटिंग) जम जानेसे मष्तिस्क में स्ट्रोक आने की समस्या पैदा हो सकती है.

कार्डियो-वैस्कुलर (Cardiovascular) रोग हृदय और रक्त वाहिकाओं से संबंधित बीमारियों का समूह है जिसमे मुख्य रूपसे निम्नलिखित बीमारिया शामिल है :-

- हृदय-धमनी रोग **(Coronary Heart Disease)**: हृदय की मांसपेशियों को रक्त की आपूर्ति करने वाली रक्त वाहिकाओं की बीमारी
- रक्त धमनी का रोग **(Cerebrovascular Disease):** मस्तिष्क को रक्त की आपूर्ति करने वाली रक्त वाहिकाओं की बीमारी
- बाह्य धमनी रोग **(Peripheral Arterial Disease)**: हाथ और पैरों को रक्त की आपूर्ति करने वाली रक्त वाहिकाओं की बीमारी
- तीव्र शिरा थ्रोम्बोसिस और फेफड़ों से संबंधित वाहिकारोध **(Deep Vein Thrombosis and Pulmonary Embolism)**: पैर की नसों में रक्त के थक्के जो हृदय और फेफड़ों की कार्यप्रणाली को अव्यवस्थित कर सकते हैं.

हाई कोलेस्ट्रॉल के कारण धमनियों में रक्त का प्रवाह ठीक से नहीं हो पाता जिससे उच्च रक्तचाप होने का खतरा बढ़ता है. इसके अलावा, डायबिटीज, अल्जाइमर, हार्ट अटैक, स्ट्रोक व किडनी संबंधी बीमारियों का खतरा भी उन लोगों को अधिक होता है जिनके शरीर में **LDL** और **VLDL** कोलेस्ट्रॉल का स्तर अधिक हो. त्रिफला कोलेस्ट्रॉल से बचाव करके हृदय-मष्तिक दोनों को सुरक्षित करने मे सामर्थ्यवान मानी जाती है.

3) रक्त को शुद्ध करना और रक्त का संचार बढ़ाना



त्रिफला का सेवन ना केवल रक्त में शुगर और कोलेस्ट्रॉल को कम करता है, बल्कि इसमें ''ब्लड सर्कुलेशन'' यानी रक्त के प्रवाह को बेहतर करने के भी गुण उसमे पाए जाते हैं. रक्तप्रवाह बेहतर होने से शरीर के हर हिस्से तक खून और ऑक्सीजन पहुंचता है. **त्रिफला सभी अंगों तक ऑक्सीजन पहुंचाने के साथ शरीर में मौजूद कार्बन डाइऑक्साइड भी बाहर निकालने मे मददगार है.** Link 13, Link 14.

रिसर्च के अनुसार त्रिफला का सेवन **RBC (Red Blood Cells)** यानी **लाल रक्त कोशिकाओ तथा हीमोग्लोबिन (Hemoglobin) के स्तर को बढ़ाने के लिए लाभदायी है.** किसी भी इंसान को स्वस्थ बने रहने के लिए उसके शरीर में रेड ब्लड सेल्स की पर्याप्त मात्रा का होना बहुत जरूरी है. रेड ब्लड सेल्स मुख्य रूप से शरीर में सभी अंगों तक ताजा ऑक्सीजन को पहुंचाने का काम करते हैं. हीमोग्लोबिन भी रेड ब्लड सेल्स में मौजूद एक तरह का प्रोटीन है जो शरीर के सभी अंगों और कोशिकाओं तक ऑक्सीजन पहुंचाने और कार्बनडाइऑक्साइड को शरीर के बाकी अंगों से फेफड़ों तक पहुंचाता है.

रक्त में "रेड ब्लड सेल्स" की मात्रा घटने के साथ शरीर में ऑक्सीजन भी घटने लगती है और नया रक्त बनना बाधित हो जाता है. इसी समस्या को खून की कमी **(Lack of Blood)**, **एनीमिया (Anemia)** या हिंदी में **रक्ताल्पता** भी कहा जाता है. एनीमिया के अनेको प्रकार है, जिसमे आयरन, फोलेट, बोन मैरो द्वारा नये रेड ब्लड सेल्स का निर्माण ना कर पाना, विटामिन B-12 या हीमोग्लोबिन की कमी से संबंधित लक्षण भी हो सकते है. परंतु, की गयी रिसर्च अनुसार खास कर रक्त में हीमोग्लोबिन से संबंधित विकारो से मुक्ति दिलाने में त्रिफला सीधे रूपसे प्रभावी पायी गयी है.

4) वजन घटाने और मोटापा कम करने के लिए

त्रिफला में मौजूद तत्व पैंक्रियास ग्रंथि के **ग्लायकोलिटिक एन्जाइम्स (Glycolytic Enzymes)** को नियंत्रित कर ग्लूकोज़ के लेवल को रक्तवाहिनी में प्रवेश करने मे मददगार माना जाता है. त्रिफला के दो घटक **एलेजीटेनिन्स और गेलोटेनिन्स (Ellagitannins and Gallotannins)** भी अप्रत्यक्ष रूपसे मोटापा कम करने के लिए असरदार माने जाते है. Link 15. इसके अलावा मुलेठी की जड़ के अर्क में **एंटीओबेसिटी (Antiobesity)** यानी मोटापे को कम करने वाला प्रभाव पाया गया है. Link 16.

त्रिफला ना सिर्फ वजन को कम करने में मदद करती है, बल्कि शरीर में जमा अधिक ट्राइग्लिसराइड्स (Triglycerides) यानी वसा (चरबी) की मात्रा को भी कम कर देती है जिसके कारण मोटापा प्रभावी रूपसे कम होने लगता है. "ट्राइग्लिसराइड्स" रक्त में पाए जाने वाला एक प्रकार का वसा (लिपिड) ही है, लेकिन यह कोलेस्ट्रॉल से थोड़ा अलग बताया जाता है. हमारा शरीर इस फैट को इस्तेमाल करके ऊर्जा पैदा करता है. बेहतर सेहत के लिए कुछ ट्राइग्लिसराइड्स का शरीर में हेल्दी लेवल जरूरी माना गया है. लेकिन, इसकी ज्यादा मात्रा शरीर को नुकसान पहुंचा सकती है. इससे दिल की बीमारी का खतरा पैदा हो सकता है. साथ ही इसके कारण हाई ब्लड प्रेशर, हाई ब्लड शुगर भी एक साथ होने का खतरा पैदा हो सकता है.

हाई ट्राइग्लिसराइड्स (High Triglycerides) से शरीर में मोटापा भी बढ़ता है. **जैसे ही शरीर में अच्छा माने जानेवाला कोलेस्ट्रॉल यानी HDL (हाई डेन्सीटी लिपोप्रोटीन) की मात्रा कम हो जाती है तो रक्त में ट्राइग्लिसराइड्स का लेवल बढ़ जाता है.** यह मेटाबॉलिक सिंड्रोम का हिस्सा भी हो सकता है, जिसमें कमर के

आसपास बहुत अधिक चर्बी का जमा होना, थायराइड हार्मोन का स्तर कम होना, लिवर या किडनी की बीमारी से भी संबंधित हो सकता है. आनुवांशिक विरासत, चयापचय रोग (जैसे मधुमेह) और कुछ दवाओं के कारण ट्राइग्लिसराइड्स का स्तर बढ़ सकता है. आहार मे बहुत अधिक वसा, परिष्कृत कार्बोहाइड्रेट्स (अतिरिक्त चीनी सहित) और शराब का सेवन किया जाये तो भी हमारे रक्तमें ट्राइग्लिसराइड्स की मात्रा बढ़ सकती है.

टेबल पर बैठकर करेवाले काम, नौकरी, धंधा या व्यवसाय होने के कारण, आधुनिक जीवन मे घूमने फिरने या श्रम का अधिक कार्य ना होने के कारण हमेशा मोटापे का खतरा बना रहता है और यह एक दम से ना होकर धीरे धीरे होता है. इसकी गंभीरता जब समज आती है तब तक मोटापा शरीर को घेर लेता है. बाद मे दैनिक जीवन का कार्य छोड़कर शरीर पे ध्यान केन्द्रीत करना अत्यंत कठिन हो जाता है. मोटापे का ताना लोगो से सुनकर दुःख का भाव मन ही मन मे उठने लगता है.

मोटापा किसी भी उम्र में, यहाँ तक कि छोटे बच्चों में भी हो सकता है. लेकिन बढ़ते उम्र में हार्मोन में परिवर्तन और कम सक्रिय जीवनशैली मोटापे के खतरे को बढ़ाती है. पर्याप्त नींद न लेना या अधिक नींद लेने से भूख बढ़ाने वाले हार्मोन में बदलाव हो सकता है और दवाओं में कुछ अवसादरोधी, दौरे-विरोधी, मधुमेह, एंटीसाइकोटिक और स्टीयरॉइड वजन बढ़ाने के लिए जिम्मेदार मानी जाती है. तो समय से जागकर मोटापा बालक, स्त्री-पुरुष सभी के लिए कभी गंभीर प्रश्न ना बने और अगर आप मोटापे का शिकार हो भी चुके हो तो त्रिफला आपके लिए रामबाण औषधि के रूपमे कार्य कर सकती है.

5) शरीर से विषैले तत्वो को दूर करने के लिए (डिटॉक्सिफिकेशन)

शरीर में जमा टॉक्सिक यानी विषैले तत्व को बाहर निकालने की प्रक्रिया को डिटॉक्सिफिकेशन (Detoxification) कहते हैं. प्राचीन काल से ही त्रिफला चूर्ण का इस्तेमाल डिटॉक्सीफिकेशन के लिए किया जाता रहा है Link 17.

एंटीऑक्सीडेंट (Anti-Oxidant) मतलब ऐसे पदार्थ जो हमारे शरीर में बननेवाले ऑक्सीडेंट **(Oxidant)** या फ्री रेडीकल **(Free Radical)** को संतुलित करते है. ऑक्सीडेशन **(Oxidation)** शरीर की एक जरुरी नैसर्गिक प्रक्रीया है जिसमे शरीर में वातावरण, खानपान या अन्य कारणोंसे कोई तकलीफ या रिएक्शंस आती है तो शरीर अपनी रक्षा के लिए जरुरी ऑक्सीडेंट्स निर्माण करता है. ये ऑक्सीडेंट्स या फ्री रेडिकल्स शरीर में इन्फेक्शन को नियंत्रित करने के काम में आते है और इनकी जरुरत हमारे शरीर को होती ही है. लेकिन **अगर "ऑक्सीडेंट्स की मात्रा" शरीर में अधिक हो जाती है तो ये हमारे शरीर की कोशिकाओं को या उसके डीएनए (DNA) को बड़ा नुकसान पहुंचा सकते है, जिससे शरीर में केन्सर जैसे गंभीर रोग होने की संभावना बढ़ जाती है. इसके अलावा डायबिटीस, हाइपरटेंशन, हार्ट प्रॉब्लम, आर्थराइटिस यानी हड्डियों के जोड़ में दर्द या सूजन की बीमारी, उम्र बड़ी दिखना (एजिंग) या शरीर के अन्य भागो में सूजन का होना, चमड़ी का ख़राब होना, चमड़ी की विविध बीमारिया या बालो की समस्या भी पैदा हो सकती है.**

पर्यावरण, दूषित भोजन और कॉस्मेटिक्स की वजह से शरीर के अंदर पहुंच चुके विषैले तत्व विभिन्न अंग जैसे की किडनी, लंग्स और लिवर के कार्य को प्रभावित कर दूषित करते रहते है. तो जैसे हम अपने शरीर को बहार से स्वच्छ रखते है और बरोबर सफाई करते है, उसी तरह से समय-समय पर शरीर के अंगो को डिटॉक्सीफाई करना जरूरी होता है, जिसमें त्रिफला चूर्ण मदद कर सकता है, क्योंकी उसमे एंटी-ऑक्सीडेंट प्रभाव पाया जाता है. Link 18.

6) वायरल, बैक्टीरियल और फंगल इन्फेक्शन से लड़ने के लिए

त्रिफला चूर्ण में एंटी-वायरल, एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल और एंटीपायरेटिक गुण पाए जाते है जो इन्फेक्शन से लड़ने मे मददगार साबित हो सकता है. **एंटी-वायरल (Antiviral), एंटी-बैक्टीरियल (Antibacterial)** गुण एक ओर सूक्ष्म जीवाणुओं से शरीर को बचाने में मदद करता है, तो दूसरी ओर **एंटीपाएरेटिक (Antipyretic)** गुण बुखार से शरीर को बचाने में मदद कर सकता है. Link 19, Link 20, Link 21.



रिसर्च के अनुसार हमारे शरीर में अलग अलग मार्गो से दाखिल होनेवाले विभिन्न ग्राम पॉजिटिव (Gram Positive) और ग्राम नेगिटिव (Gram Negative) बैक्टीरिया के विरुद्ध लड़ने के लिए त्रिफला प्रभावी औषध मानी गयी है Link 22. विज्ञान की भाषा मे ग्राम पॉजिटिव वे बैक्टीरिया होते हैं जो ग्राम स्टेन टेस्ट को सकारात्मक परिणाम देते हैं और क्रिस्टल वायलेट का दाग उठाते हैं. जबकि वे बैक्टीरिया जो क्रिस्टल वायलेट रंग को बनाए रखने में सक्षम नहीं होते हैं और ग्राम स्टेन टेस्ट को नकारात्मक परिणाम दिखाते हैं उसे ग्राम-नेगेटिव बैक्टीरिया कहा जाता है. जीतने भी प्रकार के इन्फेक्शन फैलानेवाले वाइरस, बेक्टेरिया या फंगल इन्फेक्शन हमारे शरीर में आते है, उनका नाश करने के लिए हमारे शरीर के पास ऑक्सीडेशन ही एक मात्र विकल्प है. तो ऑक्सीडेशन प्रक्रीया को शरीर को अपनी रक्षा के लिए रोकना संभव नहीं है, लेकीन अगर हम अधिक फ्री रैडिकल्स को नियंत्रित नहीं करते तो भी हमारे जीवन के लिए बड़ा घातक भी साबित हो सकता है और शरीर के महत्वपूर्ण अंगो को नुकसान भी पहोचा सकता है.

7) गैस, एसिडिटी, कब्ज, आंत, बवासीर, पाचन संबंधी रोगो के लिए



त्रिफला के औषधीय गुण पाचन शक्ति में सुधार कर पेट से संबंधित परेशानियों से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं. खाने को अच्छे से पचाने के साथ ही त्रिफला शरीर में खाने को अवशोषित करने में भी मददगार बताई गयी है Link 23.

त्रिफला पेट से संबंधित अन्य समस्याओं जैसे **कब्ज और इर्रिटेबल बाउल सिंड्रोम (Irritable Bowel Syndrome)** को भी ठीक कर सकती है **Link 24. इर्रिटेबल बाउल सिंड्रोम एक आम विकार है, जो बड़ी आंत (कोलन) को प्रभावित करता है. यह आमतौर पर ऐंठन, पेट दर्द, सूजन, गैस, दस्त और कब्ज का कारण बनता है.**

"इरिटेबल बॉवेल सिंड्रोम" के कई कारण हैं जिनमे से एक है आंत की मांसपेशियों में संकुचन **(Contractions)**. हमारे आंत की दीवार मांसपेशियों की परत से मिलकर बनी होती है. जब हम भोजन करते हैं तो भोजन को पाचन तंत्र में भेजने की क्रिया के दौरान ये मांसपेशियां सिकुड़ती हैं, लेकिन जब मांसपेशियां सामान्य से अधिक सिकुड़ जाती हैं तो पेट में गैस बनने लगती है और सूजन आ जाती है जिसके कारण आंत कमजोर हो जाती है और भोजन को पाचन तंत्र में भेज नहीं पाती है. इसके कारण व्यक्ति को डायरिया होने लगता है और इर्रिटेबल बाउल सिंड्रोम की समस्या हो जाती है.

अधिकतर रोगियों में तनाव के समय यह समस्या अधिक रहती है. तनाव होने पर आम तौर पर एड्रिनल ग्रंथियों से **एड्रेनैलिन** और **कॉर्टिसॉल** नाम के हार्मोनों का स्राव होता है. तनाव की वजह से पूरे पाचनतंत्र में जलन होने लगती है जिससे पाचन नली में सूजन आ जाती है और इसका नतीजा यह होता है कि पोषक तत्वों का शरीर के काम आना कम हो जाता है. महिलाओं में हार्मोनल बदलाव भी इरिटेबल बॉवेल सिंड्रोम की वजह से हो सकता है. कई महिलाओं में यह समस्या माहवारी के दिनों के

आस-पास बढ़ जाती है. कई बार पेट में बैक्टीरियल इंफेक्शन के कारण भी इरिटेबल बॉवेल सिंड्रोम हो सकता है. माइल्ड सेलिएक डिजीज से आंतों को नुकसान पहुँचने के कारण इरिटेबल बॉवेल सिंड्रोम के लक्षण दीखते है.

त्रिफला में मौजूद **टेनीक एसिड (Tannic Acid)** और **गेलीक एसिड (Gallic Acid)** नामक तत्व पाचन संबंधी समस्याओ से निजाद पाने के लिए अत्यंत प्रभावी और लाभकारी माने गए हैं Link 25. इसके अलावा मुलेठी में भी शोध के अनुसार **डिमल्सन्ट (Demulcent) और इमोलिएंट (Emollient)** गुण पाये जाते है, जो पेट में ऐंठन, सूजन और जलन को कम करने में मदद कर सकता है. इसका सेवन जठरांत्रिय यानी **गैस्ट्रोइन्टेस्टनल (Gastrointestinal)** स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है Link 26.

8) पेट का अल्सर और घाव भरने के लिए

त्रिफला में एंटी-इंफ्लेमेटरी **(Anti-Inflammatory)** गुण पाये जाते हैं, जो इंफ्लेमेशन यानी सूजन की समस्या को कम कर सकता है. एक अध्ययन में कहा गया है कि इसमें मौजूद मेथनॉल एक्सट्रैक्ट **(Methanol Extract)** सूजन को दूर करने में मददगार पाया गया है Link 27, Link 28. **शरीर में लंबे वक्त तक सूजन से गठिया, डायबिटिज, कैंसर और हृदय से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है जिसके बारे में पूरी जानकारी इस रिसर्च से ली जा सकती है.**

कई लोगो को अक्सर पेट में सामान्य जलन या दर्द रहता है जिसके पीछे के कई कारण हो सकते है पर अधिक या लम्बे समय तक ये रहने का एक कारण है पेट में अल्सर. **पेट का अल्सर, एक तरह का घाव है, जो पेट की सतह या छोटी**

आंत के पहले हिस्से डिओडेनम (Duodenum) में होता है. अल्सर तब बनता है, जब भोजन को पचाने में मदद करने वाला एसिड पेट की दीवारों और छोटी आंत को नुकसान पहुंचाने लगता है. पेट में जलन होना इसका सबसे आम लक्षण है. पेट के अल्सर को पेप्टिक अल्सर, डुओडेनल अल्सर, गैस्ट्रिक अल्सर या मात्र अल्सर भी कहा जाता है. एंटी बैक्टीरियल, एंटी मिक्रोबायल और एंटी ऑक्सीडेंट जैसे गुणों से भरपूर होने के कारण त्रिफला को अल्सर मिटाने तथा शरीर के संक्रमित घावों को भरने में प्रभावी मानी गई है. **Link 29**, **Link 30**

मुलेठी भी शरीर में किसी प्रकार की सूजन को ठीक करने के लिए उपयोगी मानी जाती है, क्योकि रिपोर्ट के अनुसार मुलेठी में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाया जाता है जो सूजन से लड़ने में कारगर माना जाता है **Link 31**.

9) आंखों के स्वास्थ्य के लिए

आंखें शरीर का नाजुक अंग होती हैं जिसके बिना इंसान के सुखी जीवन की कल्पना भी मुश्किल है. इसलिए हर छोटी से छोटी बीमारी से आंखों को बचाना अति आवश्यक है. त्रिफला आंखों के स्वास्थ्य के लिए टॉनिक का काम कर सकता है **क्योकि त्रिफला विटामिन C और फ्लेवनॉइड्स (Flavonoids) से भरपूर है. यह आंख की पुतली (लेंस) में ग्लूटाथिओन (Glutathione) जो की एक तरह का एंटीऑक्सीडेंट है उसके स्तर को बढ़ा सकता है. शोध के अनुसार त्रिफला मोतियाबिंद (Cataract) के जोखिम को कम करने में भी सहायक मानी जाती है** **Link 32**. हम अकसर अपने शरीर, त्वचा, बालों और अंदरूनी अंगों का पूरा ख्याल रखते हैं, लेकिन आंखों की देखभाल करना जरूरी नहीं समझते हैं. जबकि स्वस्थ रहने के लिए आंखों का ख्याल सबसे पहले रखना जरूरी है. त्रिफला आँखों को अच्छा सुरक्षा कवच प्रदान करती है.

10) अनिंद्रा, तनाव और चिंता को दूर करने के लिए

त्रिफला में एंटीस्ट्रेस (Anti-stress) प्रभाव पाए जाते हैं, जो तनाव को कम करने का काम कर सकता है. तनाव को कम करके यह इसकी वजह से होने वाली चिंता से भी राहत दिलाने में भी मदद कर सकता है Link 33.

अच्छी नींद के लिए मुलेठी का सेवन भी उतना ही फायदेमंद है. रिपोर्ट के अनुसार, मुलेठी में **ग्लाइसीर्रिजिन (Glycyrrhizin)** नामक यौगिक पाया जाता है, जिसका सेवन करने से अनिद्रा जैसी समस्या को दूर करने में मदद मिलती है **Link 34**. वहीं अन्य एक शोध में मुलेठी की जड़ का **इथेनॉल अर्क (Ethanol Extract)** नींद का समय बढ़ाने में मददगार साबित हुआ है **Link 35**.

अच्छी नींद ना सिर्फ अच्छी सेहत का बल्की असली सुख का भी संकेत देती है. अपर्याप्त नींद **न्यूरोएंडोक्राइन (Neuroendocrine)** यानी हार्मोन बनाने वाली कोशिकाओं और चयापचय पर बुरा प्रभाव डाल सकती हैं. इससे भूख में गड़बड़ी और मधुमेह की समस्याएं भी हो सकती हैं. इसके अलावा नींद की कमी से मस्तिष्क की खराब कार्यप्रणाली, शरीर में कम ऊर्जा का संचार और अनिद्रा की समस्या का कारण भी बन सकती है. नींद न आने या कम आने की समस्या को मेडिकल भाषा में **इंसोमनिया (Insomnia)** कहा जाता है. नींद की कमी की समस्या एक ऐसी स्तिथि है जो देखने में आम है, लेकिन अधिक समय से रहने पर गंभीर समस्या पैदा कर सकती है. नींद नहीं पुरे होने से व्यक्ति के मष्तिस्क की एकाग्रता न होना और रोजाना के कामो पर भी प्रभाव पड़ने लगता है. इससे शरीर की रक्षा प्रणाली कमजोर होने लगती है और व्यक्ति के बीमार पड़ने की संभावना बढ़ जाती है. इसिलए अनिंद्रा, तनाव और चिंता को दूर करने के लिए त्रिफला को अक्सीर औषधि माना गया है.

11) मस्तिष्क (न्यूरो) संबंधी रोगो के लिए



त्रिफला में **न्यूरोप्रोटेक्टिव (Neuroprotective)** यानी मस्तिष्क या चेतातंत्र से जुडी बीमारियों से लड़ने का गुण पाया जाता है और इसके लिए त्रिफला में मौजूद **गेलिक एसिड (Gallic Acid)** प्रभावी तत्व माना गया है **Link 40**. त्रिफला में मौजूद **ओमेगा (Omega)-3 और ओमेगा (Omega)-6 फैटी एसिड शरीर में अच्छे कोलेस्ट्रॉल (HDL) को बढ़ाने और बुरे कोलेस्ट्रॉल (LDL) को कम करने में तो सहायक है ही** लेकिन एक रिसर्च के अनुसार ओमेगा 3 फैटी एसिड **डिप्रेशन** और **सिजोफ्रेनिया (Schizophrenia)** यानी भ्रमरोग की समस्या को कम करने में भी सहायक है. डिप्रेशन में व्यक्ति का दुख, क्रोध, निराश या फ्रस्टेशन दीखता है और सिजोफ्रेनिया एक सायकोटिक विकार है जिसमे रोगी ऐसी चीजों को देखने, सुनने और विश्वास करने लगते हैं, जो वास्तविक में हैं ही नहीं **Link 41**.

मस्तिष्क के सक्रिय रूप से कार्य करने में भी मुलेठी अत्यंत लाभकारी मानी जाती है. मुलेठी में **ग्लाइसीराइजिक एसिड (Glycyrrhizic acid)** नामक कार्बनिक यौगिक पाया जाता है, जिसमें मुख्य रूप से न्यूरोप्रोटेक्टिव गुण होता है. यह गुण मस्तिष्क के लिए फायदेमंद माना जाता है. यह ऑक्सीडेटिव और सूजन के कारण मस्तिष्क होने वाली क्षति से बचाने में मदद कर सकता है **Link 42**.

किसी भी व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य का संबंध उसकी भावनात्मक (इमोशनल), मनोवैज्ञानिक (साइकोलॉजिकल) और सामाजिक (सोशल) स्थिति से जुड़ा होता है. मानसिक स्वास्थ्य से व्यक्ति के सोचने, समझने, महसूस करने और कार्य करने की

क्षमता प्रभावित होती है. वैसे तो मानसिक स्वास्थ्य विकार कई प्रकार के होते हैं जो आगे जाके गंभीर रूप ले सकते है.

हर व्यक्ति के परिवार का मानसिक स्वस्थ अच्छा रहे तो ही जीवन में प्रगति या इच्छित वस्तुओ पे जित पायी जा सकती है. तो मानसिक स्वास्थ्य बनाये रखने के लिए दैनिक जीवन में त्रिफला का सेवन गुणकारी साबित हो सकता है.

12) दांत-मसूड़ों में दर्द, मुंह की दुर्गंध-इन्फेक्शन मिटाने के लिए

त्रिफला के सेवन से दांतों से जुड़ी परेशानी, मसूड़ों में दर्द और मुंह से बदबू आने जैसी समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है. **त्रिफला में एंटी-माइक्रोबियल (Anti-microbial) गुण होते हैं, जो मुंह में बैक्टीरिया को पनपने से रोकने में मदद कर सकते हैं. त्रिफला में एंटीकेरीस (Anti-caries) गुण पाए जाते है जो दॉतो में सड़न से बचाने और दांतो के क्षय को रोकने के लिए उपयोगी माने गए है.** इसके अलावा, मसूड़ों से निकलने वाले खून की समस्या को भी कम करने में त्रिफला को फायदेमंद माना जाता है. ओरल हेल्थ यानी मुंह के स्वास्थ्य के लिए त्रिफला चूर्ण को पानी में डालकर इससे कुल्ला किया जा सकता है Link 43, Link 44. माउथ वॉश की तरह इसका उपयोग करने से मसूड़ों में संक्रमण व दर्द की समस्या कम हो सकती है Link 45, Link 46.

मुलेठी का सेवन भी मुंह के स्वास्थ्य में मददगार है. मुलेठी में **ग्लाइसीर्रिजिन (Glycyrrhizin), ग्लेब्रिडिन (Glabridin), लाइसोक्लेकोन ए (Licochalcone A), लाइसोरिसिडिन (Licoricidin) और लाइकोरिसोफ्लेवन ए (Licorisoflavan A)** जैसे

बायोएक्टिव यौगिक पाए जाते हैं. मुलेठी का सेवन करने से इन यौगिकों का प्रभाव ओरल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है जो यौगिक मुंह से जुड़े विभिन्न रोगों के उपचार में भी मददगार साबित हो सकते हैं **Link 47**.

दांत का दर्द अत्यंत कष्टदायी हो सकता है जिसमे कुछ भी चबाते समय दांतों में दर्द होना या झनझनाहट महसूस होना, ठंडा या गर्म खाने पर संवेदनशीलता महसूस होना, दांतों से खून आना और मसूड़ों की पकड़ कमजोर पड़ना, जबड़े में और चेहरे पर सूजन आना ये सब शामिल है. जिस समय दांत का दर्द अति हो और डॉक्टर की मौजूदगी ना हो उस वक़्त पीड़ा सहन करना भी कठिन हो जाता है. त्रिफला से अपने दांतो और मसूड़ों को पहले से ही मजबूत और स्वस्थ रखा जाए तो ऐसी समस्या पैदा होने का खतरा ताला जा सकता है और उससे होनेवाले खर्च को भी बचा जा सकता है.

13) सेक्स संबंधी समस्या और पुरुषों की प्रजनन क्षमता के लिए

सेक्स लाइफ में आनेवाली बड़ी समस्याओ का एक बड़ा कारण **पाचनतंत्र (Digestive System)** की खामी भी है, जिसके कारण शरीर में ऊर्जा का निर्माण ठीक से नहीं हो पाता. पाचन संबंधी समस्याओ को ठीक करने में त्रिफला को असरदार माना जाता है **Link 48**. **त्रिफला शरीरी में चयापचय की क्रिया को बेहतरीन बनाने में मददगार है जिससे भोजन ठीक से पचता है और भोजन के द्वारा शरीर के विकास के लिए जरुरी पोषकतत्वों की पूर्ति हो पाती है.** ऊर्जावान शरीर ही खुद को और अपने साथी को सेक्स लाइफ में पूर्ण संतुष्टि दे सकता है. जब कोई पुरुष संभोग के समय अपने लिंग को खड़ा नहीं रख पाता या स्तंभन लाने में नाकामयाब हो जाता है, उस स्थिति को **इरेक्टाइल डिसफंक्शन (Erectile dysfunction)** या स्तंभन दोष कहते है.

मुलेठी में पुरुषों की प्रजनन क्षमता को बेहतर बनाने के गुण पाए जाते है. एक वैज्ञानिक रिसर्च के अनुसार, मुलेठी की जड़/तने का सेवन व्यक्ति के पूरे शरीर को प्रभावित करता है. साथ ही यह पुरुषों में **टेस्टोस्टेरोन (Testosterone)** जैसे हार्मोन के स्तर को बढ़ाने में भी मदद कर सकता है, जो प्रजनन क्षमता के लिए लाभदायक हो सकता है **Link 49**.

टेस्टोस्टेरोन (Testosterone) पुरुषों में पाया जाने वाला हार्मोन है जो मांसपेशियों को विकसित करने और प्रजनन ऊतकों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. इसकी कमी का सीधा असर पुरुषों की घटती प्रजनन क्षमता और हड्डियों की कमजोरी के रूप में सामने आता है. प्रोजेस्टेरोन (Progesterone) नामक हार्मोन महिलाओं में पाया जाता है जो गर्भधारण में मदद करता है और मासिक चक्र को भी नियमित रखता है. जब कोई महिला गर्भवती नहीं होती है, तो प्रोजेस्टेरोन का स्तर नीचे चला जाता है और मासिक चक्र शुरू हो जाता है. **प्रोलेक्टिन (Prolactin)** भी पिट्यूटरी ग्रंथि द्वारा स्रावित होने वाला हार्मोन है जो बच्चे के जन्म के बाद माँ को उसे स्तनपान कराने में सक्षम बनाने में मदद करता है, साथ ही स्त्री की प्रजनन क्षमता को भी यह बढ़ाता है. लिंग का बड़ा या खड़ा होना रक्त के प्रवाह की वजह से होता है. स्त्री पुरुष दोनों में स्तंभन दोष या सैक्स में मन न लगने का कारण तनाव, डिप्रेशन या एंग्जायटी से भी जुड़ा हो सकता है. स्त्री-पुरुष सभी में पाचन संबंधी विकार दूर होने पर ही शरीर में शुद्ध धातु निर्माण की प्रक्रिया गतिवान हो सकती है और इसे बनाये रखने में त्रिफला बड़ा लाभ पहुंचा सकती है. इसका विस्तृत वर्णन आयुर्वेद अनुसार लेख में आगे दिया गया है. त्रिफला को नियमित जीवनमे शामिल कर सेक्स लाइफ को तंदुरस्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है.

14) किडनी की रक्षा और मूत्र संबंधित समस्याओ में लाभकारी



त्रिफला में नेफ्रोप्रोटेक्टीव (Nephroprotective) प्रभाव यानी किडनी से संबंधित समस्याओंसे लड़ने का गुण पाया गया है जो किडनी (गुर्दो) को होनेवाले नुक्सान से बचाता है और मूत्र से जुडी समस्याओं को दूर करने के लिए भी प्रभावी पाया गया है Link 50.

मुलेठी में भी **एंटीऑक्सीडेंट (Anti-oxidant)** गुण होने के कारण उसे **रीनल (Renal)** यानी किडनी संबंधित गतिविधियों के लिए गुणकारी माना गया है **Link 51**.

हमारे शरीर में किडनी **(Kidneys)** की एक अहम भूमिका होती है. वे शरीर से अपशिष्ट और अतिरिक्त तरल पदार्थ **(Extra Fluid)** को बाहर निकालने में मदद करती हैं. इसके साथ ही ये पानी, लवण और खनिजों के हेल्दी बैलेंस को बनाए रखने के लिए एसिड को हटाने में भी मदद करती हैं. इस स्वस्थ संतुलन के बिना शरीर की नसें, मांसपेशियां और अन्य कोशिकाएं ठीक से काम नहीं कर सकते. ऐसे में किडनी की खास देखभाल करना जरूरी हो जाता है जिसमे त्रिफला रक्षक का काम कर सकती है.

15) जोड़ों के दर्द, आर्थराइटिस (गठिया) और गाउट में असरदार

अभी तक अनेको प्रकार के आर्थराइटिस की पहचान हो चुकी है, लेकिन इनमें से सबसे अहम ऑस्टियो आर्थराइटिस (Osteo Arthritis) और रुमेटॉइड आर्थराइटिस (Rheumatoid Arthritis) है. ज्यादातर लोग इन्हीं दो का शिकार होते हैं, लेकिन कुछ जगहों पे दिखनेवाला एक प्रकार और भी है जिसे गाउट (Gout) भी कहते है.

अर्थराइटिस एक ऐसी बीमारी है, जिसमें जोड़ों के अंदर मौजूद कोशिकाए नष्ट होने लगते हैं. यह एक **ऑटोइम्यून इंफ्लेमेटरी (Autoimmune Inflammatory)** स्थिति है. यह किसी भी व्यक्ति को तब होता है जब उसके शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली अपने ही **श्लेष ऊतकों (Synovial Tissues)** या जोड़ों की लाइनिंग में मौजूद स्वस्थ कोशिकाओं पर हमला करने लगती है जो ज्वाइंट्स में सूजन, दर्द और अकड़न का कारण बनती है. यह आमतौर पर शरीर के दोनों ओर हाथों, कलाई, टखनों और घुटनों में होता है. समय के साथ बार-बार सूजन बढ़ने पर जोड़ों को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती है.

गाउट भी एक ज्वाइंट्स में सूजन से जुड़ी बीमारी है, लेकिन यह ऑटोइम्यून स्थिति नहीं है. बल्कि गाउट का कारण ब्लड में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ना होता है. यूरिक एसिड कई खाद्य पदार्थों और पेय पदार्थो, खासतौर पर अधिक प्रोटीन युक्त आहार के जरिए आपके शरीर में प्रवेश कर सकता है. वहीं, कुछ दवाइयों के कारण भी शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ सकती है. दरअसल, ब्लड में मौजूद यूरिक एसिड क्रिस्टल के रूप में **सिनोवियल ऊतकों (Tissues)** में जमा होने लगते हैं, जिसकी वजह से पैरों के अंगूठों पर अचानक से सूजन, लालिमा और दर्द की शिकायत बढ़ जाती है. इस स्थिति में मरीज को काफी असहनीय दर्द हो सकता है. धीरे-धीरे पैरों के अंगूठों का दर्द और सूजन शरीर के अन्य हिस्सों जैसे- हाथों के ज्वॉइंट्स और कोहनी में भी हो सकता है.

इस तरह त्रिफला का नियमित सेवन जोड़ों के दर्द, आर्थराइटिस (गठिया) और गाउट में अत्यंत लाभदायी साबित हो सकता है.

16) केन्सर से बचाव और केन्सर के इलाज में प्रभावी



त्रिफला में एंटी केन्सर (Anti Cancer) यानी केन्सर विरोधी गुण पाए जाते है, जो केन्सर से लड़ने के लिए और केन्सर के जोखिम को कम करने में प्रभावी माने जाते है Link 52.

माउथवॉश की तरह इस्तेमाल करने से त्रिफला युवा वयस्कों में तंबाकू की वजह से होने वाले मुँह के केन्सर सेल्स को पनपने से रोकने में असरदार पाया गया है. अध्यहन में कहा गया है कि त्रिफला में **एंटीनियोप्लास्टीक (Antineoplastic)** एजेंट होते हैं जो ट्यूमर (Tumor) को बढ़ने से रोक सकता है. यह गुण स्त्रियों में ब्रेस्ट (Breast) यानी स्तन केन्सर तथा पुरुषो में **प्रोस्टेट (Prostate)** ग्रंथि का केन्सर जो ग्रंथि मूत्राशय के ठीक नीचे स्थित है, यह दोनो तरह के कॅन्सर सेल्स पर त्रिफला प्रभावी पायी गयी है. त्रिफला के एंटीनियोप्लास्टीक गुण कोलन यानी आंत का जो सबसे बड़ा भाग है उसके कॅन्सर और **अग्न्याशय (Pancreas)** के केन्सर सेल्स पर भी उतना ही प्रभावी माना गया है.

हमारे शरीर में अरबों कोशिकाएँ हैं, जिनमे निरंतर पुरानी कोशिकाएँ मृत हो जाती हैं और नई कोशिकाएँ बनती रहती हैं. यहीं प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है, पर जब किसी कारण इस प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न हो जाए और कोशिकाओं की वृद्धि असामान्य हो जाए, तब ये शरीर में गांठ का रूप ले लेती हैं, जिसे ट्यूमर कहते हैं. डॉक्टरी भाषा में इसे **नियोप्लाज्म (Neoplasm)** कहा जाता है. ट्यूमर शरीर के ऊतकों (Tissues) की असामान्य वृद्धि (Abnormal Growth) है. मतलब की शरीर मे जब असामान्य कोशिकाएं (Cells) किसी जगह संग्रहित हो जाती है, तो ऊतकों (Tissues) का एक समूह बन जाता है जो ट्यूमर का रूप ले लेता है. ये कोशिकाएं असामान्य रूप से बढ़ते रहती है और अधिक से अधिक कोशिकाओं को अपने समूह में जोड़ती जाती है. ये ट्यूमर कोशिकाएं ठोस (Solid) और द्रव्य (Liquid) से भरी होती है.

ट्यूमर से डरने की आवश्यकता नहीं है, परंतु सावधानी जरुरी मानी जाती है. **बिनाइन ट्यूमर (Benign Tumor)** केन्सर रहित ट्यूमर है, जो अपनी उत्पत्ति की जगह से आगे नहीं फैलता है. लेकिन **मलिगनेंट ट्यूमर (Malignant Tumor)** केन्सरयुक्त ट्यूमर है, जो शरीर के दूसरे हिस्सों में भी फैलने का खतरा बहुत अधिक होता है. त्रिफला को अपने जीवन में शामिल कर कॅन्सर जैसे गंभीर रोग शरीर मे आने से पहले ही उसकी रक्षा हो सकती है तथा गंभीर रोग के इलाज के रूप में भविष्य में होनेवाले लाखो रुपए के नुक्सान से भी बचा जा सकता है.

17) महिलाओमें रजोनिवृत्ति (मेनोपॉज), हार्मोन असंतुलन और पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (PCOS) के इलाज में उपयोगी

Polycystic Ovarian Syndrome (पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम) या PCOS महिलाओं के अंडाशय (Ovary) से जुड़ी एक गंभीर बीमारी है, जिसकी वजह से महिलाओं के शरीर में हार्मोन का संतुलन बिगड़ जाता है और गर्भधारण करना मुश्किल हो जाता है. **इस अवस्था में महिलाओं के शरीर में फीमेल (स्त्री) हार्मोन की बजाय मेल (पुरुष) हार्मोन (एंड्रोजन) का स्तर ज्यादा बढ़ने लगता है.**

पीसीओएस अंतःस्रावी तंत्र **(Eendocrine System)** का एक चयापचय विकार **(Metabolic Disorder)** है. मानव शरीर को दिन के कार्यों मे, भोजन पचाने, रक्त परिसंचरण, श्वास और हार्मोनल संतुलन आदि कार्यों के लिए उचित मात्रा में ऊर्जा चाहिए होती है जो कि उसे भोजन से मिलती है. मनुष्य को अपने शरीर की बनावट के हिसाब से ऊर्जा की ज़रूरत होती है और यह ऊर्जा चयापचय क्रिया से प्राप्त होती है.

पीसीओएस होने पर अंडाशय में कई गांठे (सिस्ट) बनने लगती हैं. ये गांठे छोटी छोटी थैली के आकार की होती हैं जिनमे तरल पदार्थ भरा होता है. धीरे धीरे ये गांठे बड़ी होने लगती हैं और फिर ये ओव्यूलेशन की प्रक्रिया में रुकावट डालती हैं. ओव्यूलेशन की प्रक्रिया ना होने की वजह से ही **पीसीओएस से पीड़ित महिलाओं में गर्भधारण की संभावना कम रहती है. इसके अलावा महिलाओं के पीरियड्स में अनियमितता (Irregular Periods), वजन का बढ़ना और पेट में दर्द जैसी स्थितियों का सामना भी करना पड़ता सकता है**. पीसीओएस होने पर महिलाओं में टाइप-2

डायबिटीज होने की संभावना भी बढ़ जाती है. मुलेठी के अर्क को हार्मोन संतुलन और विशेष रूप से पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (PCOS) के रोग संबंधी लक्षणों को दूर करने में प्रभावी पाया गया है **Link 53**.

मेनोपॉज (Menopause) या रजोनिवृत्ति ऐसी स्थिति है, जो महिलाओं को 45 से 55 वर्ष की उम्र में हो सकती है. ऐसी स्थिति में महिलाओं को पीरियड्स आना बंद हो जाते हैं. रजोनिवृत्ति होने के कई साल पहले से शरीर एस्ट्रोजेन और प्रोजेस्ट्रोन हार्मोन का निष्कासन करना धीरे-धीरे कम करने लगता है. ये हार्मोन मासिक धर्म होने और गर्भधारण करने में मदद करते हैं. इसके कमी से पीरियड्स होना बंद हो जाता है और मां बनने की क्षमता भी खत्म होने लगती है. मेनोपॉज के साथ ही हॉट फ्लैश **(Hot Flash)** का अनुभव होने लगता है, जिसमे महिला के चेहरे, गर्दन या सीने पर गर्माहट का अहसास होता है. मुलेठी में **फाइटोएस्ट्रोजन (Phytoestrogen)** नामक प्रभाव पाया जाता है, जिसका अर्क के रूप में सेवन रजोनिवृत्ति के बाद होने वाली हॉट फ्लैश जैसी समस्या में काफी हद तक आराम पहुंचा सकता है **Link 54**. इस तरह महिलाओ की उपर्युक्त सभी समस्यामो में त्रिफला का सेवन वरदान साबित हो सकता है.

18) त्वचा को सेहतमंद, चमकदार और जवां रखने के लिए

त्रिफला में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट गुण न सिर्फ त्वचा की कोशिकाओं के लिए रक्षक का काम करते हैं, बल्कि त्वचा की देखभाल कर उसे स्वस्थ बनाए रखने में मदद कर सकते हैं. यह एंटी-ऑक्सीडेंट गुण स्किन एजिंग को रोकने में मदद करने के साथ ही त्वचा को बीमारियों से बचाए रखने में भी सहायक माना गया है **Link 55**.

इसके अलावा, त्वचामें खुजली व जलन जैसी परेशानी से छुटकारा दिलाने में भी त्रिफला चूर्ण सहायक हो सकता है Link 56.

मुलेठी में भी पाया जानेवाला यौगिक **लिक्विरेटिन (Liquiritin)** त्वचा पर मौजूद भूरे रंग के पिगमेंट को फैलाकर त्वचा को चमकदार बनाने में मददगार माना गया है. इसके अलावा, मुलेठी मे **ग्लैब्रेन (Glabrene)**, **आइसोलिकिरिटजेनिन (Isoliquiritigenin)**, **लाइसुरसाइड (Licuraside)**, **आइसोलिकिरिटिन (Isoliquiritin)** और **लाइसोक्लेकोन ए (Licochalcone A)** जैसे बायोएक्टिव यौगिक पाए जाते हैं. ये सभी यौगिक **टायरोसिन गतिविधि (Tyrosinase Activity)** को रोकने में मदद कर सकते हैं Link 57. टायरोसिन गतिविधि, त्वचा के रंग में होने वाला एक प्रकार का दोष है, जिसमे मुलेठी **एंटी-एजिंग (Anti-Aging)** क्रीम के रूप में भी काम कर सकती है Link 58.

उम्र बढ़ना **(Aging)** एक नैसर्गिक प्रक्रिया है, जिसके चलते शरीर के अंगों और उनकी रूख-रेखा में बदलाव आने लगता है. चेहरे पर उम्र की महीन रेखाएं **(Fine Lines)** घिर आती जिसमें ऊतकों **(Tissues)** और कोशिकाओं **(Cells)** में सिकुड़न आने लगती हैं. त्वचा की इन रेखाओं को झुर्रियां **(Wrinkles)** कहा जाता है. इसी तरह त्वचा पर जवानी वाली रौनक नहीं रहती और चेहरे का रंग भी डल होने लगता है. पर परेशानी तब आती है, जब लोगों में **उम्र से पहले एजिंग (Early Aging) शुरू हो जाती है.**

त्वचा से संबंधित समस्या विशेष रूप से महिलाओ को ज्यादा परेशानी देती है, क्योकि इससे शरीर की सुंदरता में कमी आने लगती है. उसके विपरीत साफ और चमकदार त्वचा व्यक्तित्व एवं सुंदरता मे वृद्धि कर हर किसी को आकर्षित करती है. धूल-मिट्टी और प्रदूषण भी त्वचा की समस्याओ को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार हो सकते है.

उम्र बढ़ने पर त्वचा की सबसे ऊपरी परत **एपिडर्मिस (Epidermis)** पतले होने लगते हैं. यह त्वचा को पारदर्शी और पीला बनाता है, जिसके कारण त्वचा के नीचे की रक्त वाहिकाएं नजर आने लगती हैं. ये रक्त वाहिकाएं भी नाजुक हो जाती हैं, जो आसान घाव या रक्तस्राव का कारण बन सकती हैं. इसलिए झुर्रियों के साथ चेहरे पर नीली नसें भी नजर आने लगती हैं.

इसके अलावा **फोटो एजिंग (Photo Aging)** नामक एक प्रक्रिया में, सूरज की यूवी किरणें त्वचा में **इलास्टिन (Elastin)** नामक फाइबर को प्रभावित करती हैं और यह टूट जाती हैं, जिससे त्वचा शिथिल हो जाती है और झुर्रियां बढ़ने लगती हैं. साथ ही उम्र बढ़ने के साथ भौंहों और आंखों के आसपास की त्वचा भी सूख जाती है, जिससे आपकी महीन रेखाएं और चेहरे की सामान्य मांसपेशियों की हलचल चेहरे पर नजर आती हैं.

इस तरह त्रिफला का नियमित सेवन त्वचा की समस्याओ को दूर करने में और उसे जवा रखने में प्रभावी पाया गया है.

19) बालों को लंबा, घना और चमकदार बनाने के लिए

त्रिफला में उपयोग में आनेवाला आंवला ऐसा औषध है, जिसमें मौजूद गुण बालो के विकास के लिए प्रभावी माने जाते है Link 59. त्रिफला चूर्ण को गुनगुने पानी में मिलाकर उससे बाल धोने से डेन्ड्रफ की समस्या भी कम हो सकती है Link 60.

मुलेठी की जड़ से प्राप्त **हाइड्रो अल्कोहोलिक (Hydro Alcoholic)** अर्क भी बालो के विकास और स्वास्थ्य के लिए प्रभावी पाया गया है Link 61. बालों की समस्या को कम करने और बालों को स्वस्थ रखने के लिए हर्बल शैम्पू की तरह मुलेठी की जड़ का उपयोग स्केल्प **(Scalp)** यानी माथे के बाल और उसकी चमड़ी से

जुडी समस्याओं को कम करने में भी उपयोगी पाया गया है Link 62. मुलेठी का उपयोग बालों के लिए बनाए जाने वाले टॉनिक में किया जाता है. मुलेठी बालों को झड़ने से रोकने में भी मददगार पाई गयी है Link 63.

लंबे, घने व चमकदार बाल पाना लगभग हर महिला की इच्छा होती है. बाल झड़ना एक आम समस्या है, जो पुरुष हो या महिला, किसी को भी प्रभावित कर सकती है. इसके पीछे कई बाल झड़ने के कारण जिम्मेदार हो सकते हैं. बालों के झड़ने का एक प्रमुख कारण आनुवंशिक भी है. अगर परिवार में पहले किसी को बाल झड़ने की समस्या रही है, तो परिवार में किसी अन्य सदस्य को भी इसका सामना करना पड़ सकता है. शारीरिक या भावनात्मक तनाव के कारण भी बाल झड़ सकते हैं. इस तरह के बालों के झड़ने को **टेलोजेन एफ्लुवियम (Telogen Effluvium)** कहा जाता है. जब आप शैम्पू करते हैं, कंघी करते हैं या अपने हाथों को बालों में फेरते हैं तो मुट्ठी में बहुत सारे बाल एक साथ आ जाते हैं

इस तरह बालो की विविध समस्या से निजाद पाने के लिए और बालो के विकास के लिए त्रिफला का सेवन आपके लिए फायदेमंद साबित होगा.

20) चक्कर या मोशन सिकनेस के लिए

कभी-कभी लोगों को चक्कर आने की समस्या या फिर बस-गाड़ी में उल्टी आने की परेशानी होती है. उल्टी आने के साथ ही सिरदर्द की समस्या भी हो जाती है. इस स्थिति बचने के लिए त्रिफला का सेवन फायदेमंद हो सकता है. इस मोशन सिकनेस को कम करने में विटामिन-सी एक अहम भूमिका निभाता है, जो आवला में भरपूर मात्रा में पाया जाता है Link 64.

मोशन सिकनेस कोई बीमारी नहीं है, बल्कि वह स्थिति है जब हमारे दिमाग को भीतरी कान, आंख और त्वचा से अलग-अलग सिग्नल मिलते हैं जिससे सेंट्रल नर्वस सिस्टम दुविधा में पड़ जाता है. कई लोगों को कार, ट्रेन या एयरप्लेन में बैठते समय तेज सिरदर्द, चक्कर आने या उल्टी आने की समस्या होती है. इसे मोशन सिकनेस **(Motion Sickness)** कहते हैं. गर्भवती महिलाओं और बच्चों में ये सबसे ज्यादा देखने को मिलता है. मोशन की स्थिति तब पैदा होती है, जब आपकी आंखें और आपके कान का **अंदरूनी हिस्सा (Semicircular Canals)** दिमाग को मिक्स्ड सिग्नल्स देते हैं. ऐसे में कान के अंदरूनी हिस्से से जो गति आप महसूस करते हैं, वो जो आप देख रहे हैं, उससे अलग होता है. त्रिफला से शरीर को जरुरी विटामिन C की मात्रा की पूर्ति होने से मोशन सिकनेस जैसी परिस्थितियो से बचा जा सकता है.

मोशन सिकनेस को आप सी सिकनेस **(See Sickness)** या कार सिकनेस **(Car Sickness)** भी कह सकते हैं. मोशन सिकनेस **(Motion Sickness Symptoms)** की वजह से सिरदर्द, उबकाई, पसीना और चक्कर आने की समस्या हो सकती है. त्रिफला इन सारी समस्याओं से निजाद पाने में सहायक हो सकती है.

21) लिवर को स्वस्थ रखना और क्षति से बचाना



त्रिफला में **हेपिटोप्रोटेक्टीव (Hepatoprotective)** यानी लिवर को विषैले तत्वों के नुक्सान से बचानेवाले मूलयवान प्रभाव पाए गए है, जो त्रिफला में नैसर्गिक रूप से मौजूद **फीनॉलिक (Phenolic)** और **पॉलीफीनॉलिक (Polyphenolic)** तत्वों की बजह से माने जाते है. हेपिटोप्रोटेक्टीव और एंटी-ऑक्सीडेंट प्रभाव के लिए कोनसे तत्व असरदार है ये आगे खोज का विषय है **Link 65. अन्य शोध में भी लिवर को क्षति**

से बचाने के लिए त्रिफला में असरदार गुण पाया गया है जिसके लिए त्रिफला में मौजूद टेनिन तत्व को प्रभावी माना गया है Link 66.

मुलेठी में भी लिवर को डैमेज होने से बचाने वाला **हेपिटोप्रोटेक्टीव (Hepatoprotective)** प्रभाव पाया जाता है, जो एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट प्रभाव को बढ़ाकर लिवर को क्षति यानी नुक्सान से बचाए रखने में असरदार पाया गया है Link 67. अर्क के रूप में मुलेठी का सेवन करने से **फैटी लिवर (Liver Steatosis)** से बचने में मदद मिल सकती है Link 68.

लिवर यानी यकृत हमारे शरीर का दूसरा सबसे बड़ा अंग है, जिसका प्रमुख काम खाने और पीने को एनर्जी और पोषकतत्वों (न्यूट्रिएंट्स) में तब्दील करना है. इसके अलावा ये खून से हानिकारक और विषैले पदार्थों को भी फिल्टर कर अलग करता है. किसी भी व्यक्ति के लिवर में वसा की मात्रा सामान्य से अधिक होने की स्थिति को फैटी लिवर कहा जाता है. फैटी लिवर उन स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है, जिसमें रोगी के लिवर का आकार निरंतर बढ़ता जाता है. लिवर भोजन को पचाने में मदद करता है और शरीर को ऊर्जा देता है.

"नॉन आल्कोहॉलिक फैटी लिवर डिजीज" (NAFLD) असंतुलित आहार के कारण हो सकता है जो आल्कोहोल यानी शराब के सेवन से जुड़ा नहीं होता है. पहला जिसमें लिवर में सिर्फ फैट जमा होता है पर लिवर में सूजन और लिवर कोशिकाओं की क्षति ना के बराबर होती है. वहीं, दूसरे प्रकार में लिवर में फैट जमने के साथ लिवर में सूजन और लिवर कोशिकाओं में क्षति की स्थिति बन सकती है. इसे नॉनआल्कोहॉलिक स्टीटोहेपेटाइटिस के नाम से जाना जाता है. नॉन आल्कोहॉलिक स्टीटोहेपेटाइटिस गंभीर लिवर की क्षति और लिवर कैंसर का कारण बन सकता है.

"आल्कोहॉलिक फैटी लिवर डिजीज" (NAFLD) जो अधिक शराब के सेवन से होने का खतरा होता है. इससे लिवर में सूजन और लिवर कोशिकाओं की क्षति ज्यादा बढ़ जाती है. जितना अधिक शराब का सेवन किया जाए, लिवर की क्षति उतनी बढ़ सकती है. अगर इस स्थिति को नियंत्रित न किया गया है, तो गंभीर लिवर से जुड़ी बीमारी जन्म ले सकती है, जैसे आल्कोहॉलिक हेपेटाइटिस (लिवर में गंभीर सूजन) और सिरोसिस (लिवर में घाव). आमतौर पर लिवर को खराब तभी माना जाता है, जब इसका एक बड़ा हिस्सा खराब हो जाता है और उसका इलाज करना बहुत मुश्किल या फिर असंभव हो जाता है. विकट परिस्थिति में लिवर को बदलना ही आखिरी रास्ता होता है जिसका खर्च लाखो में आता है.

लिवर का खराब होना पूरे शरीर की क्रियाशीलता और गतिविधियों को नुकसान पहुंचा सकता है. इसलिए, इस बीमारी से जुड़ी जानकारी होना बहुत जरूरी है, ताकि समय रहते इसके जोखिम को कम किया जा सके. त्रिफला का सेवन नियमित करके लिवर संबंधित समस्या आने से पहले ही इससे बचने का कार्य करना सुरक्षा की दृष्टि से लाभदायी है.

22) रेडिएशन से बचाव और क्षतिग्रस्त डीएनए (DNA) को ठीक करना

त्रिफला में रेडियोप्रोटेक्टीव (Radioprotective) और कीमोप्रोटेक्टीव (Chemo protective) प्रभाव पाए गए है, जो रेडिएशन से शरीर की रक्षा करने में सक्षम है तथा उसके कारण शरीर में हुए डीएनए (DNA) के नुक्सान को ठीक करने में भी

उपयोगी है. केमिकल और रेडिएशन के द्वारा शरीर के जीनोम (Genome) मतलब गणसुत्रो या वंशसूत्रों में हुए बदलाव (Mutation) को रोकने में और उसे ठीक करने में त्रिफला प्रभावी पायी गई है. शरीर के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक और घातक माने जानेवाले गामा रेडिएशन (Gamma Radiation) जो की आयोनाइज़िंग रेडिएशन का एक प्रकार है, उससे होनेवाले नुक्सान से बचाव के लिए त्रिफला को रक्षक माना गया है Link 69, Link 70, Link 71, Link 72.

डीएनए (DNA) यानी **डी-ऑक्सीराइबोन्यूक्लि अम्ल (Deoxyribonucleic Acid)** जो जीवित कोशिकाओं के गुणसूत्रों में पाए जाने वाले तंतुनुमा अणु को कहते हैं. इसकी संरचना घुमावदार सीढ़ी की तरह होती है. डीएनए चार अलग अणुओं से मिलकर बनती है, जिसे न्यूक्लियोटाइड कहते हैं. यह चार अणु अडेनिन, ग्वानिन, थाइमिन और साइटोसिन हैं. **जब डीएनए शरीर में टूटते हैं तो विकृति का रूप ले लेती है.**

DNA मेमोरी चीप **(Memory Chip)** की तरह शरीर से संबंधित सारी सूचनाएं एकत्रित कर के रखते हैं और एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक आनुवंशिक गुणों को ले जाने का कार्य करते हैं. गुणसूत्र डीएनए के हज़ारों छोटे छोटे खंडो से बने होते हैं, जिन्हें **जीन (Gene)** कहा जाता है. डीएनए जहाँ आनुवंशिक गुणों का वाहक होता है और कोशिकीय कार्यों के संपादन के लिए कोड प्रदान करता है, वहीं **आरएनए (RNA) की भूमिका उस कोड को प्रोटीन में परिवर्तित करना होता है**.

रेडिएशन यानी विकिरण एक ऐसी ऊर्जा के स्त्रोत से आती है जो अदृश्य रूपसे प्रकाश की गति से अंतरिक्ष की यात्रा कर सकती है. विकिरण में तरंग जैसे गुण होते हैं. यह एक ऐसी ऊर्जा होती है जो तरंगों के सहारे चलती है, जिसका एक विधुत क्षेत्र

(Electric Field) और उससे जुड़ा एक चुंबकीय क्षेत्र (Magnetic Field) होता है. आम तौर पे लोग इसे रेडियो तरंगो के नाम से संबोधित करते है. रेडिएशन जितना मानव के लिए खतरनाक है उतना ही पशु-पक्षी और अन्य जीवसृष्टि के लिए भी है.

विधुत परिपथ में इलेक्ट्रान को प्रवाहित करने के लिए एक फ़ोर्स की आवश्यकता होती है, जिसे **इलेक्ट्रो मोटिव फ़ोर्स (EMF)** कहा जाता है. EMF विद्युत सर्किट में लगने वाला एक प्रकार का बल होता है जो सर्किट में इलेक्ट्रान को गति प्रदान करने में मदद करता है जिस की इकाई VOLT होती है तथा इसे Voltmeter से मापा जाता है. EMF को E से और Volt को V से प्रदर्शित किया जाता है. **वैज्ञानिक तरीके से रेडिएशन को मुख्य 2 भागो में बाँट सकते है.**

एक रेडिएशन होता है **नॉन आयोनाइज़िंग रेडिएशन (Non Ionizing Radiation),** मतलब इसमें से जितनी ऊर्जा निकलती है वह बहुत कम शक्तिशाली होती है जो मानव शरीर में आयरन (Iron) तत्व के स्तर को नहीं बढाती, जिस कारण यह शरीर में मौजूद डीएनए (DNA) को नुकसान नहीं पहुंचा पाती और इससे कॅन्सर जैसे गंभीर रोगो के होने का ज्यादा खतरा नहीं होता है. जिसके कुछ प्रमुख उदाहरण है **माइक्रोवेव, लाइट, रेडियो और रडार तरंगे**.



नॉन आयोनाइज़िंग रेडिएशन में कुछ उपकरण अपवाद माने जाते है, जिसका उपयोग सावधानी से करना होता है वरना ये कुछ हद तक नुक्सान भी पहुंचा सकते है. उदहारण के रूप में **लेज़र लाइट (Laser light)** जिसका इस्तेमाल कॉस्मेटिक सर्जरी में किया जाता है यह हमारी त्वचा को जला सकती है. **अल्ट्रावायलेट किरणे (Ultraviolet Rays)** जो हमारी आँखों के लिए हानिकारक और शरीर को कई प्रकार के दूसरे नुकसान भी पहुंचा सकती है. मोबाइल फोन और वाई-फाई यानी वायरलेस

इंटरनेट का उपयोग भी सावधानी से करना होता है और नुक्सान की तीव्रता आप किनते घंटे और किस वातावरण में कितने अंतर से करते है उस पर निर्भर है. **मोबाइल या सेल फ़ोन के टावर से निकलने वाले रेडिएशन को आम तौर पर निश्चित मानक में ज्यादा खतरनाक नहीं बताया गया, लेकिन आंतराष्ट्रीय स्तर पर नयी टेक्नोलॉजी 5G को खतरनाक बताया गया है और 5G पर पर कई अलग से रिसर्च और दावे भी है जो चौंकानेवाले है.**

स्वीडन के वैज्ञानिको की रिसर्च के अनुसार अगर 5G टेक्नॉलोजी से पैदा होनेवाले रेडिएशन को नियंत्रित ना रखा जाए तो इसकी अधिकता से थकान, चक्कर, सरदर्द, अनिद्रा, एकाग्रता का आभाव, स्मृति से संबंधित मानसिक समस्याए पैदा हो सकती है जिसे स्वीडिश वैज्ञानिको ने **"माइक्रोवेव सिंड्रोम"** कहा है. जब टेक्नोलॉजी पुरानी थी तब भी न्यूज़ आर्टिकल के अनुसार रेडिएशन के संभावित खतरों के बारे में जानकारी प्राप्त होती है तो नयी टेक्नॉलजी के संभावित नुक्सान को जानना सुरक्षा की दृष्टि से अति आवश्यक माना गया है.

दूसरा रेडिएशन का प्रकार होता है आयोनाइज़िंग रेडिएशन (Ionizing Radiation) जो किये गए दावों के अनुसार मानव शरीर में आयरन (Iron) तत्व की मात्रा को बढ़ा देता है. इसके कारण कोशिकाओ (Cells) में मौजूद डीएनए (DNA) को नुकसान पहोच सकता है, क्योंकि इलेक्ट्रॉन के स्तर में बढ़ोतरी होने के कारण आयोनाइज़िंग रेडिएशन हमारे शरीर या आसपास की चीजों पर अपना अलग प्रभाव छोड़ती है. तो यह रेडिएशन शरीर की कोशिकाओं को क्षतिग्रस्त करने में अधिक सक्षम है और इसकी उच्च मात्रा शरीर में गंभीर क्षति का कारण बन सकती है. आयोनाइज़िंग रेडिएशन के भी 3 प्रकार होते हैं. आल्फा (Alpha), बीटा (Beta) और फोटोंन (Photon).

• **आल्फा रेडिएशन (Alpha Radiation)**

आल्फा रेडिएशन की गति प्रकाश की गति का केवल 10% होते हैं जो बहुत कमजोर रेडिएशन है. यह बहुत पतली चीज को भी पार नहीं कर सकती अगर किसी रेडियो एक्टिव साधन की हेल्प से किरणे निकल रही है और उसके सामने एक कागज का टुकड़ा रख दिया जाए तो रेडिएशन उस कागज के टुकड़े को भी पार नहीं कर पाएगी. हालांकि अगर यह किरणे किसी तरीके से शरीर में पहुंच जाए तो बहुत ही घातक साबित हो सकती है क्योंकि इसमें पॉजिटिव चार्ज होता है.

• **बीटा रेडिएशन (Beta Radiation)**

बेटा रेडिएशन 0.2 से 1.3 सेंटीमीटर तक शरीर के अंदर प्रवेश कर सकती है. अगर यह हमारी त्वचा पर ज्यादा देर के लिए लगातार केंद्रित रह गया तो यह शरीर के कुछ हिस्से को जला सकता है कोई भी ऐसी वस्तु जो 1.3 सेंटीमीटर से ज्यादा होती है उसे यह पार नहीं कर पाएगा जैसे की दीवार. इसकी गति प्रकाश की गति का 90% होता है तथा इसमें नेगेटिव चार्ज होता है.

• **फोटोंन रेडिएशन (Photon Radiation)**

फोटोंन रेडिएशन के दो प्रकार होते हैं **गामा रेडिएशन (Gamma Radiation)** और **एक्स रेडिएशन (X Radiation)**. गामा किरणों की गति प्रकाश की गति के बराबर होती है जो शरीर के आर पार भी जा सकती है और शरीर को खतरनाक तरीके से नुक्सान पहुंचा सकती है. गामा किरणों से शरीर को कोई भी चार्ज नहीं होता. एक्स रेडिएशन या जिसे एक्स-रे भी कहा जाता है वह गामा रेडिएशन के मुकाबले थोड़ा कम ताकतवर होते है.

चिकित्सीय परीक्षण और उपचार हेतु **X-Ray** और **CT स्कैन** में आयनीकृत रेडिएशन की कम मात्रा का उपयोग किया जाता है. रेडियोथैरेपी कैंसर का सामान्य उपचार है, जिसमें आयनीकृत रेडिएशन से कैंसर कोशिकाओं को नष्ट किया जाता है. चिकित्सा मे प्रयोग किए गए रेडिएशन को बारीकी से नियंत्रित किया जाता है. रेडिएशन से शरीर में कोई गंभीर परिस्थिति पैदा होने से पहले ही त्रिफला का सेवन बचाव हेतु फायदेमंद साबित हो सकता है.

महाराष्ट्र के सन्माननीय डॉक्टर "विलास जगदाले" ने 5G संबंधित जनहित याचिका वैज्ञानिक सबूतों के आधार पर कोर्ट में दाखिल करने की जानकारी दी है. डॉक्टर होके उन्होंने विभिन्न बीमारियों से बचने के लिए दिए जानेवाले टीको के बाद प्रतिकूल घंटनाओ का रिकॉर्ड रखा जाये और अमेरिका की तरह **वैक्सीन कोर्ट निर्माण करने के लिए** औरंगाबाद, महाराष्ट्र के कलेक्टर को आवेदन पत्र दिया है. इसके साथ उन्होंने विभिन्न **टीके बनाने में गाय, सुवर और अबोर्टेड बेबी के पार्ट्स का प्रयोग** किये जाने पर हिन्दू सहित अन्य धर्मो की धार्मिक मान्यता अनुसार लोगो को टीको से बचाने के लिए "रिलीजियस एक्सेम्पशन" **(Religious Exemption)** मिले ऐसी मांग भी की है. स्वतंत्र पत्रकार **कपिल बजाज** भी है जिन्होंने भी विदेशी ताकते अपने प्रभाव से कैसे देश में अपना अधिपत्य स्थापित करने का प्रयत्न कर रही है उस विषय पर विस्तृत जानकारी दी है. **कपिल बजाज जी के ब्लॉग** पे जाकर आप बहुत गहराई में जानकारी प्राप्त कर सकते है.

दिल्ली के **डॉ. तरुण कोठारी**, गुजरात से डॉ. माया वलेछा, महाराष्ट्र से **योहान टेंगरा**, **वीरेन्द्र सिंह** तथा **डॉ. बिस्वरूप चौधरी**, देवेन्द्र बल्हारा, विकास दीवान सहित अन्य बहुत से क्रांतिकारी विदेशियों की अनीति के सामने लड़ाई लड़ रहे है. इस लड़ाई को कानूनी रूप से मुंबई के आदरणीय एडवोकेट **श्री नीलेश ओझा जी, दीपाली ओझा जी, अवेकन इंडिया मूवमेंट (AIM) संगठन** से **अंबर कोइरी, निशा कोइरी** तथा **एडवोकेट साहिल गोहिल जी** “जनता सरकार मोरचा” द्वारा लड़ रहे है. ईमानदार पत्रकारिता में आशुतोष पाठक जी का यूट्यूब चैनल **Qvive** और विश्वशनीय मीडिया के माध्यमों मे प्रकाश पहोरे जी का अख़बार **देशोन्नती** प्रसिद्द है. यूट्यूब के माध्यम से स्वतंत्र

पत्रकारिता के लिए गिरिजेश वशिष्ठ का चैनल **"नॉकिंग न्यूज़"**, मोहित जून का **"मॉडर्न इंडिया टॉक्स"**, विक्रम सिंधु का **"जागो भारत"** विश्वासनीय श्रोत माने जाते है.

24) एचआईवी (HIV) तथा एड्स (AIDS) के इलाज में उपयोगी



त्रिफला की तीनो औषध (हरड़, बहेड़ा और आवला) का **इथेनॉलीक और एकेओस (Ethanolic and Aqueous)** अर्क एचआईवी (HIV) से संक्रमित व्यक्ति के खून, वीर्य, योनि, चमड़ी या अन्य भागो से लिए गए बेक्टेरिया से लड़ने में मददगार साबित हो सकता है. तीनो औषध में नैसर्गिक रूपसे मौजूद **फाइटोकेमिकल्स (Phytochemicals)** के एन्टीबॅक्टेरिअल प्रभाव एचआईवी रोगी के शरीर में मौजूद भिन्न प्रकारके बैक्टीरिया से लड़ने में सहायक हो सकते है **Link 73**.

अन्य रिसर्च के अनुसार त्रिफला शरीर के रक्षक मानेजानेवाले **टी लिम्फोसाइट (T Lymphocytes)** और **नेचरल किलर सेल्स (Natural Killer Cells)** का स्तर बढ़ाने में सहायक माने जाते है जो शरीर को रोगो से लड़ने की ताकत देता है **Link 74**. त्रिफला के साथ अन्य कुछ आयुर्वेद की चमत्कारी औषध और क्रियाएँ कैसे एचआईवी रोगियोके लिए वरदान साबित हो सकती है **इस लेख में विस्तार से जान सकते है.**

एचआईवी (HIV- Human Immunodeficiency Virus) एक वायरस है जो शरीर को वाइरस के संक्रमण से बचानेवाले श्वेतकणों (White Blood Cells) पे हमला कर शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कम करते है. HIV इसी प्रतिरक्षा प्रणाली कि कोशिकाओं पर हमला कर इसे कमजोर करता है, जिन्हे सी डी 4 (CD4) सेल्स भी कहा जाता है. अगर वायरस को नियंत्रित न किया गया तो HIV के जीवाणु CD4 कोशिकाओं पर कब्ज़ा कर उन्हें लाखो वायरस कि प्रतियां बनाने वाली फैक्ट्री

में रूपांतरित कर देते है. इस प्रक्रिया में CD4 कोशिकाएं नष्ट हो जाती है, जिससे प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर होती जाती है.

एचआईवी **(HIV)** का मतलब यह बिल्कुल भी नहीं है कि आपको एड्स **(AIDS)** है. लेकिन यदि एचआईवी का समय से इलाज ना किया जाए तो यह रोग एड्स यानी एक्वायर्ड इम्युनोडेफीसिअन्सी सिंड्रोम **(AIDS- Acquired Immunodeficiency Syndrome)** का रूप ले लेती है. एड्स एचआईवी पॉजिटिव गर्भवती महिला से उसके बच्चों में फेल सकता है. यह बीमारी मुख्य रूप से संभोग के दौरान, किसी स्वस्थ व्यक्ति को एड्स से ग्रस्त व्यक्ति का खून ब्लड चढ़ाने या संक्रमित सुई के इस्तेमाल के कारण भी फैलती है.

25) पोषकतत्वों की पूर्ति और रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए

त्रिफला में कुछ मात्रा में शरीर के लिए आवश्यक नुट्रिएंट्स (Nutrients) यानी पोषकतत्व पाए जाते है जो शरीर के पोषण एवं विकास के लिए अहम् भूमिका निभाते है. त्रिफला में कार्बोहाइड्रेट्स (Carbohydrates), ऊर्जा (Callory), प्रोटीन (Protein), विटामिन्स (Vitamin) और खनिज तत्व (Minerals) पाए जाते है जैसे की फाइबर (Fibre), सोडियम (Sodium), पोटेशियम (Potessium), कैल्शियम (Calcium), मेंगेनीज (Manganese), मैगनेशियम (Magnesium), आयरन (Iron) और विटामिन C Link 75. त्रिफला की तीनो औषध रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्युनिटी (Immunity) को बढ़ाने तथा शरीर की कायाकल्प करने में कैसे उपयोगी है इसका विष्तृत रूपसे वर्णन रिसर्च में किया गया है Link 76.

मुलेठी में भी त्रिफला के तीन औषधो में मौजूद कुछ पोषक तत्वों के साथ **जिंक (Zinc) और फॉस्फोरस (Phosphorus)** भी पाया जाता है जो रोग-प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्युनिटी को मजबूत करने के लिए उतना ही फायदेमंद है. **अमेरिकन संस्था FDA के अनुसार** मुलेठी में मौजूद सभी पोषकतत्वों के बारे विस्तार से जान सकते है. एक अध्ययन के अनुसार, मुलेठी में एंटीऑक्सीडेंट व इम्यूनिटी इफेक्ट गुण पाया जाता है. इसका सेवन सकारात्मक रूप से इम्युनिटी को बढ़ाने में मददगार है **Link 77.**

संतुलित आहार से शरीर को सभी प्रकार के पोषक तत्व मिलते हैं. शरीर के सभी कार्यों के लिए पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है. आहार के द्वारा प्राप्त पोषक तत्वों से शरीर को ऊर्जा मिलती है और आप अपने रोजमर्रा के काम कर पाते हैं. सभी तरह के पोषक तत्व शरीर के सभी कार्य जैसे पसीना आना, तापमान, चयापचय (मेटाबॉलिज्म), ब्लड प्रेशर, थायराइड आदि को नियमित करने में सहायक होते हैं, **जब आपके शरीर के सभी कार्य नियंत्रण में होते हैं तो उस स्थिति को होमियोस्टेसिस (Homeostasis) यानी सरल भाषा में समस्थैतिकता कहा जाता है.**

पोषक तत्वों को सूक्ष्म पोषक तत्व (माइक्रोन्यूट्रिएंट) और बड़े पोषक तत्व (मैक्रोन्यूट्रिएंट्) ऐसे 2 प्रकारो में विभाजित किया जाता है. कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, फैट, विटामिन, खनिज और जल कुछ ऐसे पोषक तत्व है जिनकी आवश्यकता शरीर को सबसे ज्यादा होती है. कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और वसा को मैक्रोन्यूट्रिएंट कहा जाता है क्योंकि वे बड़े होते हैं और इनको ऊर्जा का स्त्रोत माना जाता है. विटामिन और खनिजों को सूक्ष्म पोषक तत्व कहा जाता है, क्योंकि अन्य पोषक तत्वों की तुलना में यह बहुत छोटे होते हैं. इसका मतलब यह बिलकुल भी नहीं है कि विटामिन और खनिज शरीर के लिए कम महत्वपूर्ण होते हैं. शरीर को बेहद कम मात्रा में इनकी भी

आवश्यक होती है. सूक्ष्म पोषक तत्वों को पानी और वसा में घुलने के आधार पर बाटा जाता है. विटामिन ए, डी, ई, और विटामिन के वसा में घुलनशील होते हैं, जबकि विटामिन बी कॉम्प्लेक्स और विटामिन सी पानी में घुलनशील होते हैं. इसके अलावा खनिज व्यक्ति के शरीर की आवश्यकता के आधार पर वर्गीकृत किये जाते हैं.

कार्बोहाइड्रेट, वसा और प्रोटीन मिलकर शरीर को ऊर्जा प्रदान करते हैं, जिससे शरीर की सभी जैव रासायनिक प्रतिक्रियाओं को पूरा करने में मदद मिलती है. शारीरिक ऊर्जा को कैलोरी कहा जाता है. वसा में कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन की तुलना में अधिक कैलोरी होती है, एक ग्राम वसा से शरीर को लगभग 9 कैलोरी मिलती है, जबकि कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन के 2 ग्राम से 4 कैलोरी प्राप्त होती है. वसा, प्रोटीन और मिनिरल्स साथ में मिलकर आपके शरीर के ऊतकों, अंगों, हड्डियों और दांतों के लिए आवश्यक होती है. कार्बोहाइड्रेट को इसमें शामिल नहीं किया जाता है, लेकिन आपके शरीर की अतिरिक्त कार्बोहाइड्रेट वसा में बदलकर एडिपोज ऊतक में एकत्रित हो जाता है. पोषक तत्वों में विटामिन C (एस्कोर्बिक एसिड) के लिए आवला विशाल श्रोत है जो त्रिफला में भरपूर मात्रा में पाया जाता है.

विटामिन D के लिए सूर्यप्रकाश सबसे अच्छा श्रोत है. विटामिन K की शरीर में सबसे ज्यादा जरूरत रक्त का थक्का बनाने के लिए होती है. अगर विटामिन K शरीर में न हो तो चोट लगने पर रक्त का थक्का न बनने की वजह से सारा खून शरीर से बाहर निकल जाएगा. कद्दू और केला विटामिन K के लिए सबसे अच्छे श्रोत माने गए है.

हल्दी (Turmeric) भी त्रिफला की तरह ऐसी औधष है जिसमे कुछ मात्रा में शरीर के लिए आवश्यक विटामिन B1 (थायमिन), विटामिन B2 (राइबोफ्लेविन), विटामिन B3 (नियासिन), विटामिन B6 (पाइरोडौक्ज़ामिन), विटामिन B9 (फोलिक एसिड) और

विटामिन C & E (टोकोफेरोल) पाए जाते है. रात को सोने से पहले पानी या दूध के साथ अच्छेसे आधा-पोना चमच हल्दी को उबालके ठंडा होने के बाद उसे पीनेसे कॅन्सर जैसे अनेको रोगो से रक्षा हो सकती है. काले तिल (Black Sesame) को भी आयुर्वेद में उच्च स्थान प्राप्त है जिसका सेवन आप रोज कुछ मात्रा में करे तो सेहद की दृष्टि से अत्यंत लाभदायी है.

राजमा, शकरकंद, अलसी, मशरूम, चीज और आलू जैसे अन्य खुराक विटामिन **B5 (पैंटोथीनिक एसिड)** के लिए अच्छे श्रोत माने जाते है. बादाम, पालक, दही, एवोकाडो, फूलगोभी वगैरह विटामिन **B7 (बायोटिन)** की पूर्ति करनेवाले है. दिमाग को स्वस्थ और मजबूत बनाने के लिए विटामिन B12 बहुत जरूरी है. सर्कुलेटरी सिस्टम और नर्वस सिस्टम को अच्छा रखने में विटामिन B12 मदद करता है. कोशिकाओं को एक्टिव करने में भी विटामिन यह मदद करता है. **B12 पनीर, दूध, दही जैसे डेरी उत्पादनो में और संभवित ओट्स, सोयाबीन में भी पाए जाने की बात कही जाती है. सोयाबीन में भले ही प्रोटीन सबसे ज्यादा हो, लेकिन रिसर्च के अनुसार इसके अधिक सेवन से बचना चाहिए वरना ये गंभीर समस्या पैदा कर सकता है.**

स्व. राजीव दीक्षित जी की रिसर्च अनुसार सोयाबीन का बीज परदेशी है और इसके फायदे और नुक्सान दिखने अभी बाकी है.

B केटेगरी के कुछ विटामिन्स नॉन वेज प्रोडक्ट जैसे अंडे, मांस और दरियाई जीवो में पाया जाता है, लेकिन मै खुद शाकाहारी हूँ इसीलिए इसपे मेरा ज्यादा अध्यहन नहीं है. प्रचारित जी.एम.ओ (GMO- Genetically Modified Organism) और फोर्टिफाइड (Fortified) चीजों के बारे में कई प्रकार के नुक्सान की बात भी सामने आयी है. तो केवल मीडिया की जानकारी से उसके सेवन के लाभ ना

समझकर स्वज्ञानी और अध्याहन किये व्यक्ति से परामर्श करने के बाद ही उसका सेवन करना चाहिए. विटामिन और उसके बाजार में मिलनेवाले सप्लीमेंट के ऊपर निर्भर ना रहकर सीधे सब्जी, फल या अन्य चीजों के द्वारा ग्रहण करना शुध्दता और तंदुरस्ती के लिए मूलयवान है. आज कल बाज़ार में मिलनेवाले फल और सब्जियों को केमिकल से पकाया जाता है या ताज़ा बनाया जाता है जो स्वास्थ के लिए बड़ा खतरा है, तो इसकी ठीक से जांच करना भी आवश्यक है.

सोडियम और पोटेशियम शरीर के सबसे महत्वपूर्ण खनिज तत्व माने गए है, इन्हीं से शरीर की कई महत्वपूर्ण मेटाबॉलिज्म क्रियाएं संपन्न होती हैं, इसलिए दोनों के बीच में संतुलन जरूरी होता है. शरीर की हर कोशिका के अंदर और बाहर इन दोनों की सही मात्रा हर एक क्रिया के लिए जरूरी है. सोडियम-पोटेशियम दोनों रक्त में होते हैं, जिन्हे इलेक्ट्रोलाइट्स कहते हैं. ये हृदय, मांसपेशियों व दिमाग की कार्यप्रणाली में मदद करते हैं. इनके लेवल को किडनी कंट्रोल करती है. सोडियम हमें नमक से मिलता है, पोटेशियम फलों व सब्जियों से मिलता है. **इंटरनल मेडिसिन नामक जर्नल के पुराने संदर्भों से पता चला है कि हमारे पूर्वज अपने आहार में सोडियम की तुलना में 16 गुना ज्यादा पोटेशियम लेते थे. लेकिन नए दौर के लोग इसका उल्टा करते हैं. हमारे आहार में सोडियम भरपूर है और पोटेशियम कम. यही कारण है कि कार्डियोवस्क्यूलर यानी दिल की बीमारियां बढ़ रही है.**

हृदय के मामले में सोडियम और पोटेशियम एक-दूसरे के विरोधी माने जाते है. जब हम ज्यादा नमक वाली चीजें खाते हैं, तो शरीर में सोडियम की मात्रा बढ़ने से ब्लड प्रेशर और रक्त वाहिकाओं पर दबाव बढ़ता है. जबकि यदि पोटेशियम की मात्रा ज्यादा ली जाए तो ब्लड प्रेशर कम हो जाता है और रक्त वाहिकाओं को आराम मिलता है. पोटेशियम शरीर में नाइट्रिक ऑक्साइड रसायन को सक्रिय करता है, जिससे धमनियों में दबाव और रक्तचाप घटता है. हरी पत्तेदार सब्जियां, केला, मौसमी, आलू, आलूबुखारा, तरबूज, खरबूजा आदि फलों में भरपूर पोटेशियम होता है.

त्रिफला के साथ मिश्रित की जानेवाली मुलेठी में मौजूद सोडियम की मात्रा से लगभग 7 से 8 गुनी मात्रा में ज्यादा पोटेशियम पाया जाता है जो वैज्ञानिक तरीसे भी इसकी औषधीय उपयोगिता को सिद्ध करता है.

त्रिफला का खास परिस्थितियो में उपयोग और सावधानी

पांच साल से कम आयु के बच्चे, गर्भवती और स्तनपान करा रही महिलाओ को ना सिर्फ “त्रिफला” बल्की किसी प्रकार की आयुर्वेदिक दवाई का सेवन बिना वैध के परामर्श नहीं करना चाहिए, क्योकि कुछ ख़ास परिस्थिति में दवाई देने से पहले चिकित्सक को व्यक्ति की प्रकृति और शरीर की स्थिति जानना आवश्यक होता है. इसके अलावा अयोग्य समय से किया गया खानपान, बाहरी मौसमी परिवर्तन, दूषित जल या खानपान के सेवन से या परस्पर विरोधी आहार से शरीर में बुखार, शर्दी और खांसी होना सामान्य बात है. ऐसे समय पर शरीर प्राकृतिक रूपसे विषैले तत्वों से लड़ने के लिए गर्मी उत्पन करता है जो बुखार का कारण भी बन सकता है, लेकिन अत्याधिक तापमान से शरीर को हानी ना हो उसके लिए त्रिफला के साथ भिन्न समय पे तुलसी, अदरक, हल्दी और देशी शक्कर का सेवन करना गुणकारी बताया जाता है. इससे उल्टा, अगर कुछ सामान्य स्थिति में शर्दी, बुखार के साथ अगर दस्त भी हो तो वह ठीक ना हो तब तक त्रिफला का सेवन बंद कर देना चाहिए, क्योकि रेचक गुण होने के कारण यह दस्त की समस्या को और बढ़ा सकता है. दस्त को रोकने के लिए अनार के रस या कोफ़ी जैसे पदार्थो का सेवन करना चाहिए.

पुस्तक में लिखित सभी बिमोरियो पे त्रिफला असरदार पाई गयी है जो साइड इफेक्ट्स से मुक्त है और इसका वैज्ञानिक प्रमाण भी रिसर्च पेपर, लैब, एनिमल और ह्यूमन स्टडीज के साथ लिंक के माध्यम से दिया गया है. लेकिन ऐसा बिलकुल नहीं है की हमें त्रिफला के फायदों को आधुनिक विज्ञान ने 45-60 दिनों के प्रयोगो से साबीति दी है वहीँ तक सिमित समझना है. क्योकि विज्ञान कोई पहली या आखरी किताब नहीं है, परंतु ये निरंतर चलती रहनेवाली खोजो की प्रक्रिया है. वैज्ञानिक खोजे भी समय समय पे एक दूसरे का खंडन करती रहती है. वैज्ञानिक खोजे वर्तमान में

प्रत्यक्ष साबीति देती है जो वस्तुओ के गुण-दोष को समझने में उपयोगी भी है, परंतु उसे आखरी सत्य समझने की भूल कभी नहीं करनी चाहीये.

ऋषि मुनियो ने अपनी दिव्य शक्तिओ के द्वारा जो आपको बताया है वह अमूल्य और निःस्वार्थ है, जिसकी कल्पना आज के व्यापारी जगत से नहीं की जा सकती. फिर भी अगर आप सनातन भारत के ऋषि-मुनियो द्वारा लिखित आयुर्वेद के अलावा दूसरी किसी पैथी पे विश्वास रखते है तो आप अपनी पैथी के अनुभवी चिकित्सक की सलाह लिए बिना अन्य दवाइओ के साथ त्रिफला का सेवन ना करे. खास कर एलोपैथ की दवाइओ के साथ, क्योकि लेब से बने केमिकल, वनस्पति तथा जानवर के शरीर के तत्वों से बननेवाली दवाओं के कुछ कृत्रिम केमिकल्स त्रिफला के नैसर्गिक योगिक के साथ मिलकर कुछ प्रतिकूल प्रभाव दे सकते है. रक्त को पतला रखने की दवा, लिवर और किडनी से संबंधित एलोपैथ की दवाइओ के साथ इसका सेवन प्रकृति अनुसार कम या ज्यादा नुक्सानदेही हो सकता है.

होमियोपैथी या अन्य नैसर्गिक चिकित्सा के साथ आयुर्वेद की ज्यादातर कोई समस्या नहीं है फिर भी दोनों एक साथ उपयोग करने से पहले दोनों के चिकित्सक की सलाह आवश्यक है. आयुर्वेद का ज्ञान किसी विशेष व्यक्ति या वैध के लिए सिमित ना होकर समग्र मानवजाति के लिए बिना किसी भेदभाव के प्राचीन ऋषि-मुनियो द्वारा प्रस्तृत किया गया है. लेकिन हमें भी कुछ ख़ास परिस्थितियों में इसका सेवन करने के लिए ज्ञानी और अनुभवी वैध से परामर्श करना सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक समजे. **अब हम हमारे ऋषि मुनियो द्वारा लिखित प्राचीन आयुर्वेद से त्रिफला के दिव्य गुणों के महत्व को समझने का प्रयास करते है. त्रिफला के दिव्य रासायनिक औषधीय गुणों को समझने से पहले हमे "आयुर्वेद" और उसका मूलभूत "त्रिदोष सिद्धांत" समझना पड़ेगा जिसके उपर पूरा आयुर्वेद टिका हुआ है.**

आयुर्वेद क्या है और किसने लिखा?

आयुर्वेद प्राकृतिक एवं समग्र स्वास्थ्य की पुरातन भारतीय पद्धति है. संस्कृत मूल का यह शब्द दो शब्दों के संयोग से बना है- आयुः + वेद. "आयु" अर्थात लम्बी उम्र (जीवन) और शाब्दिक भाषा में "वेद" अर्थात विज्ञान. अतः आयुर्वेद का शाब्दिक अर्थ "जीवन का विज्ञान' है जिसे अंग्रेजी में सायन्स ऑफ़ लाइफ (Science of Life) कहा जाता है. प्राचीन आचार्यों की व्याख्या अनुसार आयुर्वेद का अर्थ मात्र चिकित्सा ना होकर बहुत व्यापक है जिसमे **"शरीर, इंद्रिय, मन तथा आत्मा के संयोग"** को आयु कहा है. मात्र चिकित्सापद्धति के अनुसार इसे आयुर्विज्ञान का नाम दिया जाता है.



प्रारंभ से भारत में आयुर्वेद की शिक्षा मौखिक रूप से गुरु-शिष्य परंपरा के अंतर्गत ऋषियों द्वारा दी जाती रही है. उस समय विधा को मात्र मौखिक रूप से ही गुरु द्वारा शिष्य को दिया जाता था. पर लगभग 3000 साल पहले इस ज्ञान को ग्रंथों के रूप में लिखा गया. भारत में आयुर्वेद का मूल हिंदू संस्कृति जितना ही

पुराना है और उसके साथ ही विकसित हुआ है. **परंपरा के अनुसार आयुर्वेद एक उपवेद है तथा धर्म और दर्शन से इसका अभिन्न संबंध है.**

"चरक संहिता" आयुर्वेद का एक मूल प्राचीन ग्रन्थ है जो संस्कृत भाषा में है, जिसके रचयिता चरक ऋषि थे. यह आयुर्वेद के सिद्धांत का पूर्ण ग्रंथ है जिसकी रचना का काल ई. पू. 800 का माना जाता है.

"सुश्रुत संहिता" के अनुसार आयुर्वेद की उत्पत्ति स्वयं ब्रह्मा के मुख से हुई है. ब्रह्मा ने पहले एक लाख श्लोकों का "आयुर्वेद शास्त्र" बनाया और सबसे पहले दक्ष प्रजापति को पढ़ाया. दक्ष प्रजापति ने अश्विनीकुमारो को सिखाया और उन्होंने इन्द्रदेव को सिखाया.

सुश्रुत ऋषि प्राचीन भारत के प्रसिद्ध चिकित्साशास्त्री तथा शल्य चिकित्सक थे. सुश्रुत को विश्व में मूल **"शल्य चिकित्सा जनक" (Father of Surgery)** का दर्जा हासिल है. सुश्रुत ने प्रसिद्ध चिकित्सकीय ग्रंथ **"सुश्रुत संहिता"** की रचना की थी. सुश्रुत संहिता में शल्य क्रियाओं के लिए आवश्यक यंत्रों (साधनों) तथा शस्त्रों (उपकरणों) आदि का विस्तार से वर्णन किया गया है. सुश्रुत ने शल्य चिकित्सा में अद्भुत कौशल अर्जित किया तथा इसका ज्ञान अन्य लोगों को कराया. शल्य क्रिया के लिए सुश्रुत **125 तरह के उपकरणों** का प्रयोग करते थे. ये उपकरण शल्य क्रिया की जटिलता को देखते हुए खोजे गए थे. इन उपकरणों में विशेष प्रकार के चाकू, सुइयाँ, चिमटियाँ आदि हैं. सुश्रुत ने **300 प्रकार की ऑपरेशन** प्रक्रियाओं की खोज की. महर्षि सुश्रुत ने अपने दिव्य ज्ञान और कौशलता से डिलिवरी, मोतियाबिंद, कृत्रिम अंग लगाना, पथरी का इलाज और प्लास्टिक सर्जरी जैसी कई तरह की मुश्किल सर्जरी को पूरा किया था.

सुश्रुत संहिता में **1,100 से अधिक रोगों** के बारे में जानकारी दी गई है. सुश्रुत ने अपने ग्रंथ में आयुर्वेद के अन्य पक्षों, जैसे- शरीर संरचना, काया-चिकित्सा, बाल रोग, स्त्री रोग, मनोरोग आदि को भी समाविष्ट किया है. तो जिस सर्जरी को आज दुनिया आधुनिक विज्ञान की उपलब्धि मानती है या उसके नामसे जानती है उसके असली जन्मदाता ऋषि सुश्रुत है.

"अष्टांगहृदयम्" के अनुसार आयुर्वेद का यह ज्ञान इन्द्रदेव से आत्रेय, धन्वन्तरि, निमि, कश्यप मुनियो को सिखाया. बाद में आत्रेय मुनि ने अग्निवेश, भेड, जातुकर्ण,

पराशर, हारित और क्षारपाणि ऋषिओने अपने नामसे 6 अलग अलग तंत्रग्रंथो की रचना की.

"अष्टांगहृदयम्" भी आचार्य वाग्भट द्वारा लिखित आयुर्वेद का एक प्रसिद्ध महान ग्रन्थ है. इसके अलावा **"अष्टांगसंग्रह"** नामक अन्य प्रसिद्ध ग्रंथ भी उनके द्वारा ही लिखा गया है. अष्टांगहृदयम् ग्रन्थ का रचना काल 250 ई. पू. से लेकर 500 ई. पू. तक अनुमानित है. आयुर्वेद के इस ग्रन्थ में औषधि और शल्य चिकित्सा दोनों का समावेश है. **चरक, सुश्रुत और वाग्भट को सम्मिलित रूप से 'वृहत्त्रयी' कहा जाता है.**

भगवान धन्वंतरि आयुर्वेद जगत के प्रणेता तथा वैद्यक शास्त्र के देवता माने जाते हैं. आदिकाल में आयुर्वेद की उत्पत्ति ब्रह्मा से ही मानते हैं और ग्रंथों में रामायण-महाभारत तथा विविध पुराणों की रचना हुई है, जिसमें सभी ग्रंथों ने आयुर्वेदावतरण के प्रसंग में भगवान धन्वंतरि का उल्लेख किया है. इसलिए भगवान धन्वंतरि आरोग्य, सेहत, आयु और तेज के आराध्य देवता माने जाते है. धनतेरस के दिवस पर भगवान धन्वंतरि से प्रार्थना की जाती है कि वे समस्त जगत को निरोग कर मानव समाज को दीर्घायुष्य प्रदान करें.

"माधव निदानम्", "शार्ङ्गधरसंहिता" और "भावप्रकाश" भी आयुर्वेद के श्रेष्ठतम ग्रन्थ है. हर एक ग्रंथ में कुछ वस्तु और क्रियाए गहन में विस्तार से बताई गयी है. आयुर्वेद के पुष्तकों की सूचि बहोत लम्बी है, इसीलिए केवल महत्वपूर्ण पुस्तको के नाम दिए गए है. सभी आयुर्वेदिक ग्रंथो की रचना किस काल मे हुयी उसके समय को लेकर विद्वानों के बिच थोड़ा मतभेद है, पर इसमे लिखित ज्ञान, कौशल्य और उपयोगिता के संदर्भ मे बिलकुल नहीं.

त्रिदोष: आयुर्वेद का मूल सिद्धांत

आयुर्वेद के पुरातन ग्रंथो के अनुसार सृष्टि में व्याप्त पंच महाभूतों- पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि एवं आकाश तत्वों के कारण मनुष्यों के ऊपर होने वाले प्रभावों तथा स्वस्थ एवं सुखी जीवन के लिए के लिए उनको संतुलित रखने की महत्ता को वर्णित किया गया है.

आयुर्वेद इन संयोगों को तीन दोषों के रूप में वर्गीकृत करता है -

- वात दोष - जिसमें वायु और आकाश तत्त्वों की प्रधानता हो.
- पित्त दोष - जिसमें अग्नि तत्त्व की प्रधानता हो.
- कफ दोष - जिसमें पृथ्वी और जल तत्त्वों की प्रधानता हो.

बच्चे की गर्भधारणा के समय माता तथा पिता में जिन प्रकृतियो का दोष प्रबल होता है उसी प्रकार से संतान में प्रकृति का निर्माण होता है. माता-पिता द्वारा गर्भधान के समय वीर्य और अटकाव में अगर वात प्रकृति का दोष अधिक होता है तो हिन् प्रकृति, पित्त है तो मध्य और कफ प्रकृति का दोष हो तो उत्तम दोष प्रकृति मानी जाती है. इन दोषों का प्रभाव न केवल व्यक्ति की शारीरिक संरचना पर होता है, बल्कि उसकी प्रवृतिया जैसे भोजन का चुनाव, पाचन, मन और भावनाओं पर भी होता है.

इसलिए जन्म लेनेवाले अधिकांश व्यक्तियों की प्रकृति में एक मात्र एक दोष ना होकर दो दोषों का संयोग होता है जिससे मिश्र प्रकृतिया बनती है. आयुर्वेद अनुसार मानव शरीर में जब तीन दोषों का संतुलन बिगड़ जाता है तब मानव रोग से ग्रसित

यानि बीमार पड़ता है. मानव के शरीर में तीनो दोष संतुलित होकर समप्रमाण रहे, मतलब की वह ना कम और ना ही ज्यादा हो, तभी निरोगी स्वास्थ्य की कल्पना साकार हो सकती है.

सात धातुएं और भोजन में संबंध

आयुर्वेद अनुसार भोजन के बाद शरीर में सात प्रकार की "धातुएं" निर्माण होती है जैसे रस (प्लाज्मा), रक्त (खून), मांस (मांसपेशियां), मेद (वसा), अस्थि (हड्डियाँ), मज्जा (बोनमैरो), वीर्य (शुक्र). पुरुष की सातवीं धातु वीर्य (शुक्र) है वैसे स्त्री में सातवीं धातु को "रज" कहा जाता है. तीनों दोषों की ही तरह इन सातों धातुओं का निर्माण भी पांच तत्वों (पंच महाभूत) से मिलकर होता है जो भोजन के बाद निश्चित क्रम से शरीर में निर्माण होता जाता है. यही धातुएं शरीर का पोषण करती है और शरीर की संरचना में भी सहायक होती है.

मंदाग्नि (पाचनतंत्र) है सब रोगो का मूल

जब भी हम भोजन करते है तो उसे पचाने के लिए पेट में अग्नि तत्व प्रज्वलित होता है, जो भोजन को रस में बदलने का काम करता है. अग्नि अगर ठीक से प्रज्वलित रहे तो अंत में "मधुर रस" निर्माण होता है और वह शरीर की सभी धातुओं को पोषण देता है. अगर भोजन करने से पहले पानी पिया जाए तो अग्नि मंद हो जाती है या बुझ जाती है. इस क्रिया से भोजन रस की जगह "आम" में बदलता है. भोजन ठीक से रस में नहीं बदल पाने से शरीर में विषैले तत्वों का निर्माण होने लगता है. तो शरीर के पोषण के लिए जो धातुएं निर्माण होनी चाहिए वह नहीं हो पाती और शरीर में विषैले तत्वों के कारण तरह तरह के रोग उत्पन्न होने लगते है. अगर भोजन के तुरंत बाद पानी पिया जाए तो पानी के क्षारीय प्रभाव के कारण कफ की वृद्धि होती है और अग्नि प्रक्रिया मंद होने से रसनिर्माण की प्रक्रियामें अवरोध आता है. इसीलिए भोजन के तुरंत पहले या बादमे नहीं लेकिन जब भोजन आधा हो जाए तो बिच में थोड़ा सा (एक-दो घूंट) पानी पिने का विधान बताया गया है जो भोजन के पाचन तथा शुद्ध धातुओं के निर्माण के लिए श्रेष्ठ माना गया है.

व्यवहारिक दृष्टि से देखे तो स्वदेशी के प्रणेता और सनातन संस्कृति के हिमायती **स्व. श्री राजीवभाई दीक्षित** के अनुसार दैनिक जीवनमे अगर आपका कार्य अधिक शारीरिक श्रम का नहीं है तो भोजन को रस में तब्दील होने में लगभग डेढ़ घंटे (1.5 Hours) का समय लगता है. यदि आप की दिनचर्या में शारीरिक श्रम ज्यादा है तो भोजन से रस निर्माण होने की प्रक्रिया एक घंटे (1 Hour) की है. **तो समय का ध्यान रखते हुए आपको भोजन के पश्चात एक से डेढ़ घंटे तक पानी नहीं पीना चाहिए. समय बीतने के बाद अच्छे से जितना मर्जी चाहे उतना पानी पी सकते है. भोजन करने से पहले अगर पानी का सेवन करना हो तो 20 मिनट पहले ही ग्रहण कर लेना चाहिए.** भोजन को शांतिपूर्वक चबाकर करना चाहिए, जिससे मुँह की लार भोजन में ठीक से समाहित हो.

कुछ लोगो को भोजन के साथ या भोजन के बाद कुछ प्रवाही या तरल पदार्थ पिने की इच्छा होती है तो आप भोजन के साथ या भोजन कर लेने के बाद छाछ, मठ्ठा या लस्सी ले सकते है. कुछ लोगो को सवाल होगा की छाछ, मठ्ठा या लस्सी में भी तो पानी है फिर उसे क्यों ग्रहण किया जाना चाहिए. तो उसके लिए आपको पानी के गुण को समझना पड़ेगा की पानी जिस वस्तु और पात्र के साथ मिल जाता है वह उसके गुण ग्रहण कर लेता है तो पानी को जब खाने चीजो के साथ मिलाया जाता है तो वह पानी ना रहकर उस खाने की वस्तु का गुण ग्रहण कर लेता है.



रस, रक्त, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा और वीर्य ये सात धातुए शरीर में क्रमशः पुष्ट होती हैं और हमारा आहार अंत में सातवीं धातु वीर्य (शुक्र) के रूप में परिवर्तित होता है. अर्थात् जो भोजन पचता है, उसका पहले रस बनता है. 5 दिन तक उसका पाचन होकर रक्त (खून) बनता है. पांच दिन बाद रक्त से मांस, उसमें से 5-5 दिन के अंतर से मेद, अस्थि, मज्जा और अंत में वीर्य (शुक्र) बनता है. इस प्रकार आहार से वीर्य बनने में करीब 1 महीना लग जाता है.

7 धातुओं के पुष्ट और सबल होने पर ही हमारा शरीर स्वस्थ रहता है. इन 7 धातुओं में सातवीं धातु वीर्य परम श्रेष्ठ होती है. शुद्ध और दोषरहित वीर्य गाढ़ा, चिकना, सफेद, मलाई जैसा घट्ट, जलनरहित और कांच जैसा चिकना होता है. जबकि पतला, मैला, पीला, पतले दूध जैसा, बदबूदार, झागदार और पानी की तरह टपकने वाला वीर्य दूषित, कमज़ोर और विकारयुक्त होता है. आहार मल में मुख्य रूप से मल (पुरीष), मूत्र (पेशाब) और स्वेद (पसीना) शामिल है.

याद रखना है की आप कितना भी पौष्टिक यानी पोषकतत्व से भरपूर खाना भोजन करते हो, लेकिन अगर उसमे से रस निर्माण ठीक से न हो पाए तो वह शरीर में पाचन ना होकर मल स्वरुप शरीर से बहार निकल जाता है. तो असली निरोगी जीवन का आधार आपका पाचनतंत्र है इसे ठीक से समज लेना चाहिए. अगर आप भोजन के मूलभूत सामान्य नियमो का पालन ना करे तो शरीर धीरे धीरे रोगो का घर बनता है और बीमारी से स्वस्थ होने के लिए जो औषध आप लेते है उसकी पूरी शक्ति आपकी पाचन क्षमता को ठीक करने में और शरीर में इसके कारण निर्माण हुए विषैले तत्वों से लड़नेमे ही चली जाती है. इस कारण से औषध का पोषण संबधी

लाभ जो आपको मिलना चाहिए उससे आप वंचित रह जाते हो. **यही कारण है एक ही आयुर्वेद की औषध किसी के लिए मात्र रोगनाशक बनी रहती है तो नियमो का अनुसरण करनेवाले दुसरे व्यक्ति के लिए रोगनाशक और पोषकदायी दोनो तरह से कार्य करती है.**

आपने अपने से एक दो पीढ़ी पूर्व लोगो से सुना होगा की "पेट ही शरीर की सब समस्याओ का मूल है" वह असल में सामान्य बात ना होकर प्राचीन आयुर्वेद विज्ञान से संबंधित है जिसका संबंध पेट की अग्नि से है. बस सालो अंग्रेजो के प्रभाव में रहकर कुछ भारतीय अपनी मूल संस्कृति भूल चुके है. पश्चिमी संस्कृति के लोग भी अब इस बात को अच्छे से समझने लगे है की उनकी शारीरिक और मानसिक समस्याओ का इलाज आयुर्वेद के पास ही है और वह अनुभव के बाद बिना किसी अहंकार आयुर्वेद और सनातन संस्कृति को अपना भी रहे है.

इसके अलावा विरुद्ध आहार ना करना जैसे खट्टी चीजो के साथ दूध का सेवन और सूर्यास्त के बाद पाचनमे भारी पदार्थो का सेवन ना करना भी मुलभुत नियमो में शामिल है, जिसका कितना पालन आप करने में सक्षम है उस पर भी आप की सेहत निर्भर है. सामान्य श्रम, विहार, और ऋतुचर्या अनुसार कुछ प्राकृतिक नियमो का पालन हमें रोगो से मुक्त रख सकता है जिसका विस्तृत वर्णन आयुर्वेद में मिलता है. कुछ जन्मजात या आनुवंशिक रोगो को अपवाद मानले तो अन्य सारे संभवित रोगो से बचने के लिए हर एक वयक्ति के लिए कुछ प्रकृतिक नियम का पालन आवश्यक है. भले ही हम धन या मन के प्रभाव में अपनी मर्जी के अनुसार अपनी दिनचर्या चुनते है पर शरीर प्राकृतिक नियमो से ही चलता है और इसके फल स्वरुप हमें अच्छी या बुरी सेहद प्राप्त होती है.

आयुर्वेद अनुसार रोगो को संख्या

आयुर्वेद के त्रिदोष सिद्धांत अनुसार शरीर में वायु (वात) के अंसतुलन से 80, पित्त के असंतुलन से 40 और कफ के असंतुलन से 20 रोग आते है. कई आचार्यो के ग्रंथो मे पेटा प्रकार की गिनती करे तो कफ के विकारो की संख्या 28 भी बताई गयी है. वर्तमान समय में भले ही हम रोगो को नया नाम देते जाते है या उसकी संख्या बढ़ाते रहते है; पर आयुर्वेद मे वात, पित्त और कफ के **त्रिदोष सिद्धांत** अनुसार आंतरिक दृष्टिसे मूल रोगोकी संख्या यही है और इन्ही 3 तत्वों को संतुलित कर शरीर के तमाम शारीरिक एवं मानसिक रोगो से मुक्ति पायी जा सकती है.

शरीर में सात धातुएं जैसे रस, रक्त, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा, वीर्य तथा मल दूषित होने के कारण ही शरीर में भिन्न भिन्न रोग उत्पन्न होते है जिसका विस्तृत वर्णन ग्रंथो में किया गया है. आयुर्वेद ग्रंथो में स्वस्थ व्यक्ति के लक्षण यही बताये गए है की जिससे सभी दोष सम मात्रा में हों, अग्नि सम हो, धातु, मल और उनकी क्रियाएं भी सम तथा जिसकी आत्मा, इंद्रिय और मन प्रसन्न (शुद्ध) हों. इसके विपरीत लक्षण हों तो व्यक्ति को अस्वस्थ समझना चाहिए.

आयुर्वेद में नाड़ी परिक्षण

आयुर्वेद में रोगो की पहचान और उसके इलाज के लिए मूल रूप से वात, पित्त और कफ विकारो के शारीरिक लक्षणों को ही महत्त्व दिया जाता है. परंतु यहाँ सूक्ष्म नाड़ियो की बजह रोगी हाथ की नाड़ी यानी धमनी पे स्पंदनो को महसूस कर विकारो का परिक्षण किया जाता है.

हृदय को चेतना का महत्वपूर्ण स्थान माना गया है. सूक्ष्म रूप से शरीर की सेहत अच्छी होने या बिगड़ने का प्रभाव हृदय की गति (दिल की धड़कन) पर पड़ता है. इस स्पंदन या धड़कन का प्रभाव धमनियों की धड़कन पर पड़ता है. इसी धड़कनो की गति और स्पंदनो को महसूस कर आयुर्वेदिक चिकित्सक आपकी सेहत का अंदाज़ा लगाते हैं. आमतौर पर पुरुषों के दायें हाथ और स्त्रियों के बाएं हाथ की नाड़ी की गति देखी जाती है. हालांकि कभी कभी दोनों हाथों की नाड़ी देखने पर ही स्पष्ट जानकारी हासिल हो पाती है. हथेली से लगभग आधा इंच नीचे का स्थान छोड़कर नाड़ी का परीक्षण किया जाता है.

आयुर्वेद में त्रिदोष, सन्निपात, असाध्य रोग एवं मृत्युसूचक लक्षणों का भी परिक्षण नाड़ी की गति और स्पंदनो द्वारा किया जाता है और रोग की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है.

त्रिफला- एक उत्तम और दिव्य महाऔषध: आयुर्वेद अनुसार

सदियों से रोगों को ठीक करने के लिए एक से बढ़कर एक चमत्कारी आयुर्वेदिक औषधियों का इस्तेमाल किया जाता है; जिनमे से कोई बात का नाश करती है, कोई पित्त का और कोई कफ का. आयुर्वेद में कुछ ऐसी गुणकारी औषधियां भी है जो मात्र 1 दोष की जगह 2 दोषो का एक साथ का शमन करने के लिए भी शक्तिशाली है. लेकिन आयुर्वेद के **"त्रिदोष सिद्धांत"** अनुसार शरीर को निरोगी और रोगमुक्त बनाने के लिए ऐसी औषधो की जरुरत है जो वात, पित्त और कफ यह तीनो दोषो को एकसाथ संतुलित करे. इसलिए व्यक्ति की प्रकृति और दोष की अधिकता अनुसार चिकित्सक को उपयोगी औषधो का चुनाव करना आवश्यक है.

त्रिफला को महाऔषध इसलिए कहा गया है क्योकि यह प्रकृति अनुसार व्यक्ति या रोगी के किसी 1 या 2 दोषो को नहीं, बल्कि वात-पित्त-कफ ये तीनो दोषो को एकसाथ संतुलित करने में समर्थवान औषध है. त्रिफला को आयुर्वेद में शरीर का कायाकल्प करनेवाली सर्वोच्च रसायन औषधि बताई गई है जो ना सिर्फ शरीर की बीमारियों को जड़ से दूर करने के लिए उपयोगी है, परंतु त्रिदोष को संतुलित कर शरीर को हमेशा निरोगी रखने में भी सहायक है. **आयुर्वेद के विभिन्न अध्यायो में लगभग कुल 120 से भी ज्यादा सूत्र अकेले त्रिफला के ऊपर लिखे गए है** जो स्वास्थ प्रदान करनेवाले विभिन्न रसायनो को बनाने तथा गंभीर मानी जानेवाली बीमारीयो के इलाज हेतु अत्यंत उपयोगी है. आयुर्वेद अनुसार त्रिफला में मौजूद आवला, बहेड़ा और हरड़ ये तीनो के औषधीय गुण विस्तार से बताये गए है.

हरड़ "कफ और वायु" दोष का नाश करती है. आवला "कफ और पित्त" का नाश करता है. हरड़ की तासीर गर्म है, इसीलिए उसे उष्णवीर्य कहा जाता है और आवला की तासीर ठंडी है, इसीलिए उसे शीतवीर्य कहा जाता है. बहेड़ा "कफ और वायु" दोष का नाश करता है. इसतरह तीनो औषधि के मिश्रण से त्रिफला अद्भुत रसायन बनता

है जो वात, पित्त और कफ तीनो को एकसाथ संतुलित करने के लिए दिव्य एवं महाऔषध मानी जाती है.

त्रिफला आयुर्वेद की द्रष्टि से उत्तम रसायन क्यों है यह समझने के लिए "रस" का महत्त्व समझना पडेगा. भोजन करने के बाद उसमे से उत्पन होनेवाली 7 धातुएं है जैसे **रस (प्लाज्मा), रक्त (खून), मांस (मांसपेशियां), मेद (वसा), अस्थि (हड्डियाँ), मज्जा (बोनमैरो), वीर्य (शुक्र).** कोई भी चीज जब जीभ के संपर्क में आती है तो उससे हमें जो अनुभव होता है उसे आयुर्वेद में रस कहा गया है. आम भाषा में कुछ भी चीज खाने पर हमें जो स्वाद महसूस होता है वही **रस** है.

आयुर्वेद में 6 प्रकार के रसों के बारे में बताया गया है जैसे मधुर (मीठा), अम्ल (खट्टा), लवण (नमकीन), तिक्त (कड़वा), कटु (तीखा या चरपरा) और कषाय (तूरा). त्रिफला की तीनो औषध में नमकीन रस को छोड़कर कुल पांच रस पाए जाते है जो औषध को श्रेष्ठतम बनाते है.

हरड़ पाचन एवं बुद्धि के लिए हितकर, पचने में हलकी, दीपन करनेवाली, जवानी को टिकाके रखनेवाली, इन्द्रियों को बल देनेवाली और आयुको बढ़ानेवाली श्रेष्ठ औषध है. इसके अलावा कुष्ठ (चमड़ी के अन्य रोग), दम, खांसी, बेहोशी, उलटी, आवाज़ की खराबी, सूजन, पेट के कृमि, दस्त, प्रमेह, पीलिया, ह्रदय रोग, क्षयरोग, पांडुरोग, अत्यधिक पसीना या लार का झरना, बवासीर, कृत्रिम ज़हर, पेट का दर्द, उदासी, अरुचि, सर, आँखों और मूत्र संबंधी रोगो को मिटाने वाली है.

आवला के गुण हरड़ के जैसे ही है. बस तासीर ठंडी होने से ये रक्तपित्त को मिटानेवाला और वीर्य को बढ़ानेवाला उत्तम औषध है.

बहेड़ा में हरड़-आवला ये दोनों औषधियों के मिश्र गुण है, परंतु दोनों के मुकाबले थोड़ी कम मात्रा मे है. इसके अलावा ये खासकर बालो के लिए श्रेष्ठ है.

त्रिफला के साथ सेवनमे ली जानेवाली **मुलेठी** आँखों के लिए हितकर, बल और वीर्य को बढ़ानेवाली मूल्यवान औषध है. इसके उपरांत बाल, वर्ण, स्वर के लिए हितकारी एवं खून की खराबी, सूजन, ज़हर, उलटी, प्यास, ग्लानि और क्षय रोगो को मिटानेवाली है. मुलेठी की तासीर ठंडी है और स्वाद में मीठी है. आयुर्वेद अनुसार मुलेठी **"वायु और पित्त"** का नाश करती है और फक का भी शमन करती है.

रोग-औषध के प्रकार और त्रिफला लेने का श्रेष्ठ समय

आयुर्वेद में औषध मूल 2 स्वरुप के बताये गए है- शोधन औषध और शमन औषध. जो औषध शरीर में बढे वात, पित्त और कफ दोषो को शरीर से बहार निकालकर रोगो को नष्ट करता है उसे शोधन औषध कहते है. इससे विपरीत यह तीनो दोष की मात्रा शरीर में कम है और दोषो को सम बनाने के लिए जो औषध तीनो दोषो की मात्रा शरीर में बढ़ाता है उसे शमन औषध कहते है. विभिन्न प्रकार के औषधो की उपयोगिता और कार्य प्रणाली को वर्णित करने के लिए इसके कुछ ग्रंथो में इसके पेटा प्रकार के भी विस्तृत वर्णन मिलते है.

औषधो के प्रकार में से त्रिफला "रसायन औषध" की श्रेणी में आता है. रसायन औषध शरीर के रोगो को नष्ट करनेवाला एवं शरीर को जवां रख बुढ़ापे को नष्ट करनेवाला श्रेष्ठ औषध माना गया है.

रोगो को भी आयुर्वेद अनुसार 4 प्रकारो में बांटा गया है –

सुखसाध्य रोग
कष्ट साध्य रोग
प्राप्य रोग
असाध्य रोग

जब रोगी का शरीर-मन औषध को सहन करनेमे सक्षम हो, जो रोग मर्म स्थानों को लगा ना हो, रोग के लक्षण अति तीव्र-उपद्रवी ना हो और कुछ ही दिनों के भीतर शरीर में रोग उत्पन्न हुआ हो वह **"सुखसाध्य रोग"** है जो आसानी से

मिटनेवाला जानना चाहिए. शरीर में **मर्म स्थान** क्या है इसका वर्णन आगे लेख में दिया गया है. सुखसाध्य रोगो से विपरीत रोग जो आहार, विहार से काबू में आये ऐसा हो और जिसमे रोगी का आयुष्य बाकी रहा हो ऐसे रोग को **"याप्य रोग"** कहते है. जो रोग शस्त्रक्रिया से मिट सके ऐसा हो या जिनमे रोगी के शरीर की इन्द्रिया काबू में रहे लेकिन रोग मर्मस्थानो में स्थित हो तो वह **"कष्टसाध्य रोग"** रोग कहलाता है, जो कठिन प्रयत्नों के बाद देरी से मिटनेवाला समझना चाहिए. जिस रोग में रोगी के शरीर में रिष्ट यानी मृत्यु के चिह्न दिखने लगे हो और जिसमे आवरदा के साथ इन्द्रियों की शक्ति नष्ट हो गयी हो वह रोग **"असाध्य रोग"** कहलाता है, मतलब उसे कभी ना मिटनेवाला जानना चाहिए.

आयुर्वेद में ज्यादातर औषधो को लेने का सर्वश्रेष्ठ समय सुबह का बताया हुआ है. सूर्योदय के समय लिया हुआ औषध शरीर में अग्नि तत्व को तेज करता है जिससे मंदाग्नि से होनेवाले कफ के प्रकोप से शरीर बचा रहता है. शरीर में पित्त के प्रकोप में विरेचन, कफ के प्रक्रोप में वमन और लेखन क्रिया मतलब दोष को हल्का करना या शरीर के बहार फेकने के लिए औषध को सुबह में लेना ही लाभदायी है. इसके अलावा आयुर्वेद की भिन्न औषधो के लिए दोपकर का भोजन काल, शाम का भोजन काल, बार बार औषध देने का काल और रात का अंतिम काल, जिसमे शरीर की बीमारी और दोषो की प्रधानता अनुसार औषध के काल का चुनाव किया जाता है.

इसलिए त्रिफला की औषधीय उपयोगिता अनुसार औषध लेने के लिए सुबह का समय सर्वश्रेष्ठ बताया गया है. परंतु वायु, कब्ज, बबासीर जैसे रोगो में जल्द लाभ हेतु इसे कुछ समय दिन के साथ रात्रि को न्यूनतम मात्रा में सेवन करने के पश्चात् इसके सेवन का समय केवल सुबह का कर लेना चाहिए. दिनचर्या में अगर खान पान अनियमित हौ या फिर अत्यधिक, तंबाकू, शराब या धूम्रपान से शरीर में विषैले तत्व

निर्माण होते हो तो वैध के परामर्श से दिन के साथ रात में भी निश्चित मात्रा में रोज त्रिफला का सेवन किया जा सकता है.

त्रिफला की मात्रा कितनी होनी चाहिए इसके बारे आगे विस्तार से बताया गया है. त्रिफला का सेवन सादे मटके के पानी के साथ कर सकते है और गुनगुने पानी के साथ भी सेवन करना आयुर्वेद की दृष्टि से लाभ देही है.

अगर आपके आहार मे दूध शामिल है, तो दूध का सेवन करने से 1-1.25 घंटे पहले या बाद में त्रिफला का सेवन करना है. आयुर्वेद में खट्टे पदार्थो का सेवन दूध के साथ वर्जित माना गया है. त्रिफला में आंवले का खट्टा रस ना होकर 5 मिश्र रस है और रसायन बनने के बाद वह किसी एक औषध का नहीं, परंतु मिश्र औषध का गुण धारण करता है. लेकिन, कुछ मात्रा में अम्ल गुण होने के कारण दूध के साथ त्रिफला का सेवन ना करे वह कुछ अनुभवी वैध और मेरे भी आंकलन अनुसार अच्छा रहेगा.

त्रिफला सेवन की मात्रा और अनुपात

आयर्वेद ग्रंथ अनुसार औषध की मात्रा हर एक व्यक्ति के लिए एक जैसी निर्धारित नहीं की जा सकती. वैध को औषध देने के समय, रोगी की जठराग्नि, उम्र, बल, प्रकृति, देश और शरीर में विषम हुए दोषो का परिक्षण करने के बाद औषध की मात्रा निर्धारित करनी होती है.

औषध की मात्रा नवजात बालक, जवान और वृद्ध के लिए अलग अलग बताई गयी है. प्रवाही रूप से दिए जानेवाले औषध, चूर्ण और गुटिका (गोली) के रूप में

औषध की मात्रा अलग दी जाती है. नवजात बच्चे को प्रथम मास मे औषध एक रती यानी 0.18 ग्राम के आसपास दूध, मध्, शक्कर या घी के साथ दिया जाना चाहिए. प्रति मास बालक 12 मास का नहीं हो जाता तब तक हर मास को 1 रती यानी 0.18 ग्राम प्रवाही औषध की मात्रा बढ़ाते जाना चाहिए. बालक जैसे जैसे बड़ा होता जाता है वैसे औषधि का प्रमाण हर एक वर्ष एक माषा यानी 0.97 ग्राम बढ़ाते जाना है. **चूर्ण के रूप में 16 वर्ष की आयु में "16 माषा" औषध की मात्रा दी जानी चाहिए जो ग्राम के नाप से लगभग 15.55 ग्राम के आसपास बनती है. औषधि का यही प्रमाण 16 से 70 वर्ष की आयु तक लागू होता है. 70 साल की आयु के बाद बालक के जैसे ही समयांतर से औषध की मात्रा वृद्ध लोगो के लिए कम करने का विधान है.**

त्रिफला जो की एक रसायन औषध है और उसकी मात्रा के सेवन के बारे में बात की जाए तो व्यक्ति की प्रकृति, शरीर में रोग की स्थिति, त्रिदोष का प्रक्रोप, खान पान और दिनचर्या अनुसार सुबह-श्याम दोनों समय लिया जा सकता है. रसायन औषध की उपयोगिता अनुसार अधिक मात्रा में उसे सुबह में लेना ही उपयोगी और आरोग्य की दृष्टि से लाभप्रद माना गया है. तो उसकी संदर्भ में जो व्यक्ति स्वस्थ है या कुछ सामान्य बीमारी से ग्रस्त है और उसकी दिनचर्या और खानपान प्रकृति के नियम अनुसार है तो उसे त्रिफला का सेवन केवल सुबह में एक बार ही करना जरुरी है. उससे विपरीत अगर किसी व्यक्ति के शरीर में रोग की तीव्रता अधिक हो, बवासीर या पित्त-वायु संबंधित रोग अधिक हो या तंबाकू, शराब या धूम्रपान का सेवन अधिक हो, दिनचर्या प्राकृतिक ना होकर खान पान अनियमित हो या फिर कार्यशैली में आसपास दूषित हवामान शामिल हो तो एक स्वस्थ व्यक्ति के मुकाबले शरीर में विषैले तत्वों का स्तर बढ़ने की संभावना रहती है तो वह व्यक्ति सुबह-श्याम को दोनों समय त्रिफला का सेवन कर सकता है. मात्रा का सही चुनाव वैध से परामर्श कर या आयुर्वेद ग्रंथो के कथन अनुसार कैसे कर सकते है यह आगे विस्तार से बताया है.

आयुर्वेद के ग्रंथो में जैसे चूर्ण के रूप में औषध लेने की अधिक से अधिक मात्रा 15.55 ग्राम की बताई गई है. उस संदर्भ में स्वस्थ या सामान्य बीमारियों से ग्रसित व्यक्ति को ना कम और नाही ज्यादा ऐसे संतुलन कर त्रिफला का सेवन करना अधिकतर वैधो के कथन अनुसार आवश्यक है. लेकिन जैसे ग्रंथो में बताया गया है वैसे रोगी की जठराग्नि, उम्र, बल, प्रकृति, देश और शरीर में विषम हुए दोषो का परिक्षण करने के बाद अनुभवी वैध रोगी की जरुरत के हिसाब से उसमे फेर बदल कर सकता है.

आयुर्वेदिक शास्त्रों के कथन से ये स्पष्ट है की वात, पित्त और कफ के त्रिदोष को मिटाने के लिए त्रिफला रामबाण औषधि है. त्रिदोष में संतुलन बनाके रोगमुक्त होने के लिए उम्र अनुसार निम्नलिखित मात्रा में सुबह त्रिफला का सेवन किया जा सकता है. लेकिन आपकी प्रकुर्ति के अनुकूल सिर्फ एक बार सुबह में त्रिफला का सेवन करना या रोग एवं दिनचर्या अनुसार सुबह-श्याम दोनों समय सेवन करने के लिए कितनी मात्रा अनुकूल हो सकती है यह निचे विस्तार से बताया गया है.

फिरभी मात्रा के बारे में कोई संदेह मन में हो तो किसी ज्ञानी और नीतिवान वैध से परामर्श कर सकते है. भौगोलिक स्थान और दिनचर्या के अवलोकन अनुसार वैध के द्वारा निर्धारित मात्रा हर व्यक्ति के लिए अलग अलग हो सकती है.

सुबह सेवन के लिए उम्र अनुसार त्रिफला की मात्रा														
उम्र	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16+	17-70	70+
सुबह की मात्रा (ग्राम)	3.20	3.84	4.48	5.12	5.76	6.40	7.04	7.68	8.32	8.96	9.60	10.24	10.24	वैध अनुसार
सुबह + रात्रि को सेवन के लिए उम्र अनुसार त्रिफला की मात्रा														
उम्र	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16+	17-70	70+
सुबह की मात्रा (ग्राम)	3.20	3.84	4.48	5.12	5.76	6.40	7.04	7.68	8.32	8.96	9.60	10.24	10.24	वैध अनुसार
शाम की मात्रा (ग्राम)	1.60	1.92	2.24	2.56	2.88	3.20	3.52	3.84	4.16	4.48	4.80	5.12	5.12	वैध अनुसार

ग्राम की मात्रा औषध के वजन पर निर्धारित होती है, लेकिन आयुर्वेद में चूर्ण के रूप में ली जानेवाली अधिकतर औषध का प्रमाण ग्राम में चित्र अनुसार अंदाजे से दिया गया है. सबसे पहली और छोटी चम्मच 3-4 ग्राम की है, उससे थोड़ी दूसरी बड़ी चम्मच 5-6 ग्राम की है. दूसरी चम्मच से थोड़ी बड़ी चम्मच 7-8 ग्राम की है और चौथी सबसे चौड़ी चम्मच 9-10 ग्राम की है. मापदंड के अनुसार वजन तोलने के लिए एक बार किराने की दूकान से या बाजार में मिलनेवाले कांटे को खरीदकर तोलमाप आसानी से किया जा सकता है.

अधिकतर आयुर्वेद के आचार्यो का यही मत है की 5 साल से कम आयु के बच्चो को आयुर्वेद अनुसार औषध केवल प्रवाही के रूप में उम्र अनुसार ही दिया जाना चाहिए, और त्रिफला का सेवन 5 साल से ही शुरू करना चाहिए. त्रिफला की मात्रा जो ऊपर बताई गयी है वह मेरा आयुर्वेद ग्रंथो के पठन, स्व-अनुभव और परिचित लोगो ने जो उनका अनुभव मेरे सामने प्रस्तुत किया उस अनुसार का विधान है. लेकिन यह किसी वैध के विशेष ज्ञान एवं अनुभव से भिन्न हो सकता है. तो आप अपनी प्रकृति अनुसार मात्रा के बारे में किसी अनुभवी और नीतिवान वैध से परामर्श कर थोड़ा फेर बदल कर सकते है. औषध को अगर कम मात्रा में लिया जाए तो लाभ थोड़ी देरी से मिलता है, लेकिन अधिक शीघ्र लाभ पाने हेतु ज्यादा मात्रा में लिया जाए तो लम्बे समय पे थोड़ा नुकसान भी अवश्य दे सकता है.

आयुर्वेद अनुसार जिस रसायन औषध को लेने से शाम को ठीक से भूख न लगे, शाम का भोजन करने की इच्छा ना हो तो वह मात्रा आपकी प्रकृति अनुसार सही नहीं है ऐसा समझकर उसकी मात्रा कम कर देनी चाहिए. मतलब त्रिफला की वही मात्रा पर्याप्त होगी जिसे सुबह लेने पर शाम को नैसर्गिक भूख लगे. तो आप बिना वैध के भी अपने लिए किसी भी औषध की सही मात्रा पहचान सके ऐसा विधान ऋषि मुनियो ने आयुर्वेद के ग्रंथो मे दिया है.

जैसे त्रिफला की मात्रा को लेकर कुछ मतभेद आयुर्वेद के आचार्यो में मिलते है, वैसे ही उसके बनाने की विधि को लेकर भी थोड़ा मतभेद है. आयुर्वेद के ग्रंथो में त्रिफला को बनाने के लिए तीन फलो के उपयोग के बारे में बताया गया है और उसमे औषध के कितने फल लेने है उसके बारे में भी. **परंतु तीनो फल के कद और वजन अनुसार आयुर्वेद आचार्यो के भी भिन्न मतभेद है की कोनसी औषध की कितनी मात्रा उसे बनाने के लिए उपयोग में ली जाए.** तो प्रत्येक औषध के खास अनुपात को लेकर भिन्न भिन्न मान्यता और मतभेद आयुर्वेदाचार्यो में भी मिलते है. लेकिन निश्चित ही

उसकी उपयोगिता और गुणों के बारे में किसी भी आचार्यो में मतभेद नहीं है. तो आप खुद इस विषय पे अधिक जानकारी प्राप्त कर इसे गहराई से समज सकते है और मुल्यांकन कर सकते है.

मेरे अनुभव से त्रिफला को किसी भी अनुपात में बनाया जाए वह शरीर पे अपना अच्छा प्रभाव दीखता ही है. त्रिफला को एक खास अनुपात में बनया जाए तो वह शरीर के कुछ खास अंगो पे पहले अपना प्रभाव दीखता है और कुछ अंगो पे बाद में. यही परिणाम दूसरे प्रकार के अनुपात से बनायीं गयी त्रिफला का भी है, लेकिन औषध का प्रभाव का समय व्यक्ति की प्रकृति अनुसार कुछ खास अंगो पे भिन्न हो सकता है. फिर भी आज के समय की स्थिति अनुसार त्रिफला का कोनसा अनुपात अच्छा रहेगा उसपे मै मेरे खुद के अनुभव से मत दे सकता हूँ, लेकिन एक वैध ना होते हुए उस टिपण्णी को में उचित नहीं समझता. अगर उसे बताया जाए तो टिका-टिपण्णीओ का अम्बार भी लग सकता है और इसका ठीक से मूल्यांकन करने के लिए वाचको के पास आयुर्वेद ग्रंथो के विविध संदर्भो की जानकारी होनी आवश्यक है, जो हर एक वाचक के पास पूर्ण रूप से हो यह संभव नहीं है. परंतु निश्चित ही किसी भी अनुपात से त्रिफला को बनाया जाए वह पूर्ण उपयोगी है.

त्रिफला के साथ उसके तत्वों को अधिक उपयोगी बनाने के लिए साथमें ली जानेवाली मुलेठी या ऋतुचर्या अनुसार त्रिफला को अन्य औषधि के साथ कितनी मात्रा में सेवन किया जाए यह भी आयुर्वेदाचार्यो के लिए मत का विषय है. त्रिफला के अनुपात की तरह उसे भी मेरे द्वारा बताया जाना उचित नहीं है. तो कुल मिलाकर त्रिफला के अनुपात और मुलेठी को त्रिफला के साथ में मिलाने की मात्रा आयुर्वेद के ग्रंथो के गहन अध्यहन या फिर उसकी जानकारी किसी ज्ञानी, अनुभवी एवं नीतिवान वैध से प्राप्त की जा सकती है जो इस परिस्थिति में योग्य न्याय कहलायेगा.

शुद्ध त्रिफला का मापदंड

त्रिफला का खुद के द्वारा किया गया निर्माण सर्वश्रेष्ठ है, क्योकि उसपे आपका अपना पूर्ण भरोसा रहेगा और त्रिफला की शुद्धता साध्य रोगो को पूर्ण रूपसे दूर करने तथा उससे बचाव् हेतु शरीर का रक्षण करने में सक्षम होती है. तो हम शुद्ध त्रिफला निर्माण करने की विधि समझेंगे या अगर आप इसे खुदसे निर्माण करने में सक्षम नहीं है तो आप उसे कैसे और कहा से प्राप्त करे तथा इसकी शुद्धता को परखनेका मापदंड क्या है उसके बारे में समज लेते है.

आयुर्वेदिक औषधो को खेतो या जंगलो से बाजार में लाया जाता है, जिसमे जमींन की धूल-मिटटी से लेके उसे संग्रहित करने के स्थानों की अशुद्धता औषधि के ऊपर आना स्वाभाविक है. व्यापरीकरण और चीजों को बाजार से सस्ता बनाने के लिए औषधि की शुद्धता का मानक अधिक जगहों पर खरा नहीं उतरता. संग्रहित स्थानों पर गीलापन या उसे बड़े व्यापारीयो के गोदाम से छोटे व्यापारियों के गोदाम तक वाहनों से पहोचाने तथा संग्रहित करने की प्रक्रिया तक छोटे किटको और सूक्ष्म जीवो का सूर्यप्रकाश की कमी से औषधि पर हमला होते रहता है. ऐसे में बाजार में सीधे चूर्ण के रूपमे मिलनेवाली औषधियों का सेवन आरोग्य की दृष्टि से काफी हद तक नुक्सानदेहि हो सकता है अगर निर्माता द्वारा औषध को शुद्ध रखने के पूर्ण उपाय चूर्ण बनाने से पहले ना किया जाए. यह भी सत्य है की बड़ी मशीनों द्वारा अधिक गर्मी पैदा होने की बजह से उसका औषधीय गुण चूर्ण में बदलने से पहले कम हो जाता है और अगर उसे पीसने से पहले ठीक से साफ़ ना किया गया हो तो औषध में मौजूद सूक्ष्म जिव-जंतु भी उसमे पीसाके धूल मिटटी के साथ शामिल हो सकते है और इससे शरीर में औषधिय लाभ के साथ पथरी और अन्य रोग भी पैदा हो सकते

है. दूसरा औषधि हेरफेर और संग्रहित करने की प्रक्रिया से जुड़े व्यक्तियों के हाथ-पैर और स्थानों का स्वच्छ होना भी अति आवशयक है.

हर एक औषध की उम्र होती है. जैसे अधिकतर औषधो को बाजारों में लाये जाने के एक साल बाद औषधि का प्रभाव आयुर्वेद अनुसार क्रमशः कम होते जाता है. दूसरा जब एक औषध को दूसरे औषध के साथ मिलाया जाता है तब वह रसायन बन जाता है और आयुर्वेद अनुसार उसकी अवधि भी कुछ समय के बाद कम होने लगती है एवं निश्चित काल पूरा होने के बाद नष्ट भी हो जाती है. मात्र व्यापार की निति से बाजार में बिक रही औषध कब लायी गई है और उसको चूर्ण के रूप में कब तब्दील किया गया यह जानना एक व्यक्ती के लिए काफी मुश्किल काम है और व्यापारियों द्वारा लिखी तारीख पर भरोसा कर यह समझना पड़ता है जो आज के समय में मुश्किल काम है.

तीसरी बात है की बाजार भाव, मूल्य और स्थानांतर करने के लिए आयुर्वेदिक औषधियों को प्लास्टिक के डिब्बे में पैक किया जाता है जो वैज्ञानिक भाषा में फ़ूड ग्रेड प्लास्टिक होता है. लेकिन आयुर्वेद में कभी किसी औषध को प्लास्टिक के डिब्बे में बंद करने का विधान नहीं है, क्योकि वह धातु के रूपमे खोजी या इस्तेमाल नहीं की जाती थी. त्रिफला जैसे रसायन या विशेषकर सभी औषधो को कांच की बोतल और कुछ औषधो को लोहे के डिब्बे में ही रखने का चलन था जिससे औषध के अंदर कोई रासायनिक किया ना हो कर वह पूर्ण रूप से शुद्ध रहे.

चौथा और सबसे महत्वपूर्ण की औषध लम्बे समय तक ख़राब ना हो उसके लिए बाजार में मिलनेवाले कुछ उत्पादकों में सूक्ष्मजीवीरोधी परिरक्षक यानी प्रिज़र्वेटिव के रूप में **मिथाइल पैराबेन (Methyl Paraben)** और **प्रोपिल पैराबेन (Propyl**

Paraben) नामक केमिकल उसके साथ मिलाये जाते है. तो यह समझने के लिए काफी है की त्रिफला सहित ऐसा कोई भी उत्पादक आयुर्वेद अनुसार पूर्ण नैसर्गिक नहीं कहा जा सकता. तो नैसर्गिक विधानों से विपरीत अगर आप बाजार के चूर्ण पर पूर्ण भरोसा करते है तो ये मात्र आपका विश्वास हो सकता है, लेकिन ऐसे औषधो से ज्यादा फायदे की उम्मीद करना मेरे अवलोकन एवं मत अनुसार बेकार है.

मेरे आंकलन अनुसार आज के समय में बाजार में मिलनेवाले चूर्ण या कोई भी आयुर्वेदिक उत्पादक सभी मानकों पर पूर्ण खरे उतरते हो उसकी संभावना केवल 5% है.

शुद्ध त्रिफला निर्माण हेतु जो भी औषध बाजार से लायी जाए वह बीज के साथ पूरी हो और उसे ठीक से पानी के हलके प्रवाह से धोना चाहिए और फिर हलके से सूर्यप्रकाश में उसे सुखाया जाना चाहिए तभी वह दूषित धूल-मिटटी और सुक्ष्म जीवो से मुक्त हो सकती है. ऐसी औधष का बीज निकालकर जब चूर्ण बनाया जाए तभी वह पूर्ण शुद्ध हो सकता है और रोगो पे प्रभावी भी. आयुर्वेद ग्रंथो के अनुसार औषध को चूर्ण बनाने के लिए सिलबट्टा और हाथ से चलनेवाली पत्थर की चक्की से पिसा जाना चाहिए तभी वह पूर्ण गुणकारी होता है. लेकिन मर्यादावश अगर हम जितनी बड़ी या गर्म मशीनों का उपयोग औषध को पीसने के लिए करते है तो वह निश्चित ही अधिक गर्मी के कारण औषध का गुण कुछ हद तक कम अवश्य करता है. **परंतु आज की परिस्थिति अनुसार समय और मूल्य की दृष्टि से ये संभव नहीं की हम बिना मशीनों के यह निर्माण कर पाए.** तो जितना हम औषध को छोटी मशीनों से बनाते है उतना ही उसका गुण ज्यादा रहता है और पानी से धोकर हल्का सूर्यप्रकाश दी गयी औषध आज के समय में सर्वश्रेष्ठ दवा का काम कर सकती है.

यह भी सत्य है की प्राचीन भारत की जमीन की फलद्रुपता के मुकाबले आज की जमीन इतनी श्रेष्ठ नहीं है और केमिकल्स के छिड़काव के कारण यह औषध के गुण भी कम करती है या उसे कुछ हद तक दूषित भी करती है. आज के जमाने में जैविक खाद और पूर्ण और नैसर्गिक खेती के दावे भी बहुत किये जाते है और आर्गेनिक के नाम पे लोगो से बहुत मोटा पैसा वसूला जाता है, पर सही मायने में आर्गेनिक पाना दुर्लभ है. नसीब से आर्गेनिक अगर मिल भी जाए तो वह सामान्य से 4 से 5 गुना महेंगा होता है जो हर एक व्यक्ति के लिए खर्च पाना संभव भी नहीं. फिरभी आयुर्वेद के कथन अनुसार हम जितनी भी औषध की शुद्धता रख पाए उतना ही वह शरीर के लिए असरदार रहता है. तो बिना नकारात्मक सोच के आप जितनी शुद्धता रख पाए उतने ही औषध के सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे और वह मेरे अनुभव अनुसार प्राकृतिक होने के कारण दूसरी चिकित्सा पद्दतियो की दवाई से कई गुना लाभकारी और श्रेष्ठ भी होगा.

त्रिफला कैसे बनाये या कहाँ से प्राप्त करे?

(1) बाजार से आंवला, बहेड़ा, हरड़ और मुलेठी को पूरा लेकर आना है. पुरे से मतलब बीज सहित पूरा औषध. पानी से धोकर इसे हलकी धुप में सुखाकर इनके बीजो को निकालना पड़ेगा. इन औषधियों को पीसकर इनका पावडर यानी चूर्ण बनाने के लिए घर की मिक्सी काम नहीं आ सकती तो आपको इसे औषधि पीसनेवाले के पास ले कर जाना पड़ेगा. लेकिन अधिकतर लोगो के लिए ये अत्यंत जटिल काम है और समय के अभाव और जटिलता के कारण असंभव प्रतीत होगा.

(2) दूसरा तरीका है की किसी अच्छे और विश्वासनीय वैध के पास से त्रिफला लिया जा सकता है. परंतु इसकी शुद्धता के जो मानक बताये गए है उसका पालन होना अति आवश्यक है. तो ऐसा कोई वैध नहीं होना चाहिए जो केवल व्यापार की दृष्टि से भिन्न-भिन्न कंपनियों का त्रिफला बेचता हो, बल्कि शुध्दतम तरीके से त्रिफला खुद उसके द्वारा निर्माण की होनी चाहिए तभी वह गुणकारी साबित हो सकती है. दिन में एक बार औषध लेना है या दो बार उसके बारे में भी आपकी जरूरियात और बीमारी की गंभीरता अनुसार मात्रा के बारे में वैध से परामर्श कर सकते है.

(3) अगर आप खुद से त्रिफला का निर्माण करने में सक्षम नहीं है या आपको अपनी जरुरीयत के हिसाब से उपयुक्त वैध आसपास ना मिल सके, तो त्रिफला पाने के लिए मुज़से संपर्क कर सकते है. इसका वर्तमान उदेश्य आपको बिना किसी व्यापार की अपेक्षा शुद्धतम त्रिफला तक पहोचाने मात्र का रहेगा, जिससे प्राचीन आयुर्वेद की महत्ता लोगो के समजमे आये और शरीर को निरोगी बनाने के लिए स्व-चिकित्सा के रूप मे सबसे सस्ती और प्रभावी औषध लोगो को उपलब्ध हो पाए. इसीलिए, खुद त्रिफला के महत्त्व का पूर्ण पठन कर उसकी उपयोगिता को पूर्णतः समजले.

वैध-रोगी के गुण और उनकी सही पहचान

आयुर्वेद के ग्रंथो में न केवल औषध और रोगो के बारे में बताया गया है, परंतु ऋषि-मुनियो ने वैध-रोगी के गुणों के बारे में भी विस्तार से बताया है, जिससे उन दोनों की सही पहचान की जा सके.

वैध खुद के काम में चतुर, गुरु से आयुर्वेद शाश्त्र का अर्थ सीखा हो, शास्त्र के मुताबिक चिकित्सा करने के लिए कुशलता प्राप्त किया हुआ, पवित्र यानी मन, वाणी, शरीर से मलिन कार्य नहीं करनेवाला और केवल धन के लिए नहीं, परंतु धर्म के लिए भी वैधता करनेवाला होना चाहिए. रोगी भी औषध के लिए जरुरी पैसा खर्चने की तैयारीवाला, वैध की बातो का पालन करनेवाला, खुद के शरीर में होनेवाले बदलाव, औषध लेने के बाद शरीर में क्या फायदा पहुंचा वह पूर्ण सत्य वैध को बतानेवाला, धीरजवान और सत्वगुणी होना आवश्यक है.

उपरोक्त बातो का मुल्यांकन करे तो वैध और रोगी दोनों का निष्ठावान होना आवशयक है. मात्र धन की खातिर व्यापार करनेवाला वैध नहीं होता और जिस रोगी के अंदर रोग को मिटाने के लिए धीरज का अभाव है वह आयुर्वेद चिकित्सा के लिए उपयुक्त व्यक्ति नहीं है ऐसा बिना किसी शंशय के समजलेना चाहिए. **वैध को भी उस रोगी का इलाज कभी नहीं करना चाहिए जो स्वाभाव से द्वेषी, डरपोक, औषध-इलाज के प्रति संशय करता हो या उसपे पूर्ण विश्वास ना करता हो ऐसा आयुर्वेद के शास्त्रो का स्पष्ट कथन है.**

त्रिफला का अन्य आयुर्वेदिक औषधो के साथ मुल्यांकन

सामान्य व्यक्ति के मन में ये सवाल आना नैसर्गिक है की जब आयुर्वेद में एक से बढ़ कर एक चमत्कारिक औषधीया है तो त्रिफला का इतना महत्त्व क्यों है? तो इसे आपको आयुर्वेद अनुसार आसान भाषा में उदाहरण से समझना पड़ेगा.

आयुर्वेद की एक औषध है अश्वगंधा, जिसे भारत में "जिनसेंग" के नाम से भी जाना जाता है. अश्वगंधा को आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों का राजा भी कहा जाता है. यह रक्त शर्करा के स्तर को कम करने, कैंसर से लड़ने, तनाव और चिंता को कम करने और पुरुषों में प्रजनन क्षमता बढ़ाने की अपनी क्षमता रखता है. इसके अलावा यह गठिया, अस्थमा, और उच्च रक्तचाप को रोकने में भी मदद करता है. साथ ही, अश्वगंधा एंटीऑक्सिडेंट की आपूर्ति को बढ़ाता है और इम्यून सिस्टम को नियंत्रित करता है. यह बहुत ही अकल्पनीय है की इन सब के अलावा अश्वगंधा में जीवाणुरोधी और रोगाणुरोधी गुण भी उपस्थित होते हैं. यदि अश्वगंधा के शाब्दिक अर्थ की बात करें तो यह संस्कृत से लिया गया है. संस्कृत में, अश्वगंधा शब्द का अर्थ होता है "घोड़े की गंध", जो संभवतः शक्ति बढ़ाने के रूप में इसके तेज और संभवित गुणों के संदर्भ में दर्शाया गया है.

वात, पित्त और कफ- त्रिदोष के सिद्धांत अनुसार अश्वगंधा वात और कफ को संतुलित करती है. मतलब अगर रोगी की प्रकृति में मात्र वात-कफ का दोष है तो वह अश्वगंधा के सेवन से संतुलित जाता है, परंतु अगर किसी रोगी को "वात-कफ" के साथ "पित्त" प्रकृति का भी दोष है तो अश्वगंधा की मात्रा थोड़ी कम देनी पड़ती है. अगर मात्रा में परिवर्तन मुमकिन ना हो तो वैध पित्त रोगी को अश्वगंधा के साथ में पित्त को संतुलित करने की अन्य कोई औषध भी देता है.

जैसे त्रिदोष सिद्धांत में विस्तार से बताया है की **वात-पित्त, वात-कफ और पित्त-कफ** ये मिश्र प्रकृति गर्भाधान के समय उत्पन्न होती है जो शरीर में रोगो का कारण बनती है. यही कारण है की हर एक औषध और उसकी समान मात्रा दूसरे रोगी के लिए सही नहीं होती. इस नियम को ध्यान में रखते हुए अश्वगंधा गुणकारी होने के बावजूद पित्त की मिश्र प्रकृतियो के रोगीयो के लिए उसकी मात्रा वात-कफ के रोगियों के

मुकाबले अलग दी जाती है. **अश्वगंधा का औषधीय गुण तथा कुछ रोगो में उसके फायदे ज्यादा होने के कारण यह संभव है की, किसी खास रोग को मिटाने के लिए अश्वगंधा त्रिफला से भी ज्यादा गुणकारी हो और त्रिफला के मुकाबले अश्वगंधा उस खास रोग को कम समय में भी ठीक कर दे.** लेकिन रोग ठीक होने के निश्चित समय के बाद अश्वगंधा का सेवन बंद करना होता है, वरना "औषध की मात्रा" की अधिकता से शरीर पर उसका बुरा प्रभाव दिखाना शुरू हो सकता है.

तो यहाँ समझने की बात यह है की रोगी या स्वस्थ व्यक्ति को अश्वगंधा का सेवन करने से पहले उसकी वात, पित्त और कफ की प्रकृति अनुसार "मात्रा का चयन" करने के लिए किसी अनुभवी वैध की जरुरत हमेशा रहेगी. लेकिन अगर त्रिफला की बात करे तो उसमे मौजूद आवला, बहेड़ा, हरड़ और मुलेठी औषधीय गुणों से भरपूर है जो शरीर के अनेको महत्वपूर्ण अंगो को सुरक्षित करते है एवं शरीर में दाखिल हुए विषैले तत्वों को दूर करने तथा रोगप्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में भी सहायक है. सबसे महत्वपूर्ण बात है की त्रिफला बिना किसी वैद्य वात-पित्त, वात-कफ और पित्त-कफ की मिश्र प्रकृतियो के रोगियों के तीनो दोषो को एकसाथ संतुलित कर सकती है.

त्रिफला एक **"रसायन औषध"** होने के कारण स्वस्थ व्यक्ति भी इसे त्रिदोष को संतुलित करने के लिए जीवनभर उपयोग में ले सकता है, जिससे अपनी आयु को बढ़ाने और भविष्य के संभवित रोगो से रक्षण मिल सकता है. बड़ी चीज यह है की रोगी या स्वस्थ व्यक्ति को त्रिफला की आयुर्वेद ग्रंथो के वर्णन अनुसार निश्चित मात्रा में सेवन करने के लिए वैध के परामर्श की आवश्यकता नहीं, क्योकी त्रिफला त्रिदोषशामक उत्तम रसायन है. त्रिफला समय के साथ रोगो को भी नष्ट करती है और रसायन होने के कारण पोषण भी देती है जिसके गुण किसी दिव्य वस्तु से कम नहीं.

त्रिफला का भिन्न रोगो पे असरदार होने का समय और सीमा



रोगी अक्सर अपनी धीरज खो बैठता है और अपने रोग को तुरंत मिटाने के लिए जो भी मार्ग उसे बताया जाये उसपे चलने को राजी भी हो जाता है. इसी बात का फायदा उठाते हुए रोगी का लम्बे समय तक आर्थिक, शारीरिक और मानसिक शोषण भी किया जाता है जो मानवता से विपरीत कार्य है. ऐसा आपके खुदके परिवार से साथ कभी ना हो उसके लिए रोग और चिकित्सा के प्राकृतिक गणित को ठीक से समझ ने के लिए आयुर्वेद अनुसार मेरा आंकलन और अनुभव यहाँ पर प्रस्तुत कर रहा हूँ.

कोई भी सामान्य दिखनेवाला रोग शरीर में ना तो तुरंत उत्पन्न होता है और नाही तुरंत नष्ट हो सकता है. मतलब की उसे मिटने में कुछ दिन या महीने लग सकते है. इसके सुक्ष्म कारण क्या है उसे ठीक से समज लेना आवश्यक है. एक ही गुणकारी औषध को लेने के बाद भिन्न भिन्न प्रकृति के रोगियों के लिए बीमारियो के ठीक होने का समय अलग अलग हो सकता है.

आगे अपने विस्तार से जाना है की भोजन के बाद अनुक्रम में रस (प्लाज्मा), रक्त (खून), मांस (मांसपेशियां), मेद (वसा), अस्थि (हड्डियाँ), मज्जा (बोनमैरो) और अंत में वीर्य (शुक्र) निर्माण होता है. पुरुष की सातवीं धातु वीर्य (शुक्र) है वैसे स्त्री की सातवीं धातु को "रज" कहा जाता है. शरीर की इस धातु निर्माण की प्रक्रिया में जब भी अवरोध होता है तब उस प्रक्रिया से जुड़े अंग को या उसकी कार्यक्षमता को क्षति पहुंचती है या फिर वह अंग विषैले तत्वों से दूषित हो जाता है. ये एकदम से ना हो कर धीरे धीरे होता है. व्यक्ति को जब इस क्षति का वास्तव में अनुभव होता है तब रोग कुछ हद तक आगे बढ़ चूका होता है. ऐसे शरीर में मंद जठराग्नि या पाचनतंत्र के कारण रोग उत्पन्न होने की क्रिया महीनो की होती है. लेकिन इससे अनजान

रोगी उसे 2-4 दिनों में मिटाने का ख्वाब देखता है जो नैसर्गिक तरीके से कभी संभव नहीं है. इसके लिए आप लैब केमिकलो से बनी दवाओं से रोग में तुरंत फायदा देने की कोशिश करते हो तो वह शरीर में कुछ दिनों बाद साइड इफेक्ट्स देना शुरू कर देता है. मतलब की एक रोग को दबाने के चक्कर में दूसरा रोग उत्पन्न हो जाता है.

त्रिफला का सेवन नैसर्गिक तरीके से मंदाग्नि और पाचनतंत्र में सुधर कर शुद्ध धातुओं के निर्माण और शरीर से विषैले तत्वों को दूर करने में अहम् भमिका निभाता है. भोजन से रस और रक्त के बाद अन्य 6 धातुओं के शुद्धिकरण की प्रक्रिया क्रमशः 5-5 दिन की है. तो एक जिनका रोग गंभीर अवस्था में नहीं पहोचा है और शुरुआत के स्तर पर है उसके असर होने मे 30 दिन यानी 1 महीने का समय समज लेना चाहिए. इतने समय में शरीर में पुरानी अशुद्ध धातु से दूषित तत्व निकलना शुरू होते है और बाद में नयी धातुएं आगे शरीर में स्थापित होती जाती है. इस तरह आपको मांसपेशी से जुडी तकलीफ या रोग है तो वह थोड़ा कम समय लेती है, लेकिन अगर समस्या अस्थि और मज्जा से जुडी है तो थोड़ा ज्यादा समय लेगी क्योकि मांसपेशी का निर्माण अस्थि और मज्जा से पहले होता है. सेक्स से जुडी समस्या भी सबसे अंत में मतलब 1 महीने में असर होना शुरू होता है क्योकि शरीर में सबसे अंत में बननेवाली धातु पुरुष का वीर्य या स्त्री की रज है. तो जबतक पीछे की धातु शरीर में शुद्ध होती जायेगी और उसकी मात्रा शरीर में बढ़ती जायेगी वैसे ही उसके क्रम में आगे बनने वाली धातुएं शुद्ध होती जायेगी और उसमे वृद्धि होने के साथ ही उस धातु से जुड़े रोग और बीमारी में अच्छा सुधार होता जाएगा.

इसे ऐसे समझना चाहिए की सालो से एक बंद कमरे में वस्तुओ और उसमे पड़े सामान के ऊपर से धूल निकालने के लिए पानी द्वारा कमरे की सफाई की जाए तो पानी की एक बाल्टी फाफी नहीं होती, क्योकि जब तक वस्तुओ के ऊपर से जमी

धूल-मिटटी और कचरा निकल नहीं जाता तब तक कमरा पूर्ण साफ़ नहीं हो सकता. त्रिफला के दिए गए विविध वैज्ञानिक प्रयोगो और साथ में दिए गए वैज्ञानिक प्रमाणों से भी यह बात सिद्ध होती है जिसमे त्रिफला को **45** से **60** दिनों तक लोगो पर प्रयोग किया गया और उनके शरीर के विविध रोगो में और उसकी परिस्थिति में अद्भुत सुधार हुआ.

दूसरी महत्वपूर्ण बात भी आपकी समझनी है की केवल पोषणयुक्त भोजन ही स्वस्थ जीवन का आधार नहीं है. उसके साथ असमय से किया गया खानपान, दिनचर्या में आपका शारीरिक-मानसिक कार्य, तनाव की मात्रा, पर्याप्त नींद का अभाव, शारीरिक श्रम और पर्यावरण की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है. इसके अलावा तम्बाकू, दारू, धूम्रपान या अन्य विषैले पदार्थो का सेवन भी औषध के असर करने की शक्ति को मंद करता है, क्योकि उसकी अधिक शक्ति या ऊर्जा विषैले तत्वों को शरीर से बहार निकालने मे खर्च हो जाती है. ऐसे व्यक्तियों को सामान्य व्यक्तियो के मुकाबले थोड़ी अधिक मात्रा में औषध का सेवन वैध के परामर्श से करना उचित रास्ता है. **इससे विपरीत औषध के साथ योग, प्राणायाम और ध्यान करनेवाले व्यक्ति को औषध जल्दी से ठीक करता है, क्योकि वह क्रियाएं शरीर से विषैले तत्वों को जल्दी बहार कर औषध का पूर्ण पोषण शरीर को उपलब्ध कराने मे मददगार होती है.**

तो यहाँ पर सार स्वरुप समज लेना है की औषध के गुण तो दिव्य ही है पर आपकी दिनचर्या एवं जीवनचर्या अनुसार इसका असर हर व्यक्ति पर अलग अलग समय पर होता है. इसीलिए रोगो को ठीक होने के समय के संदर्भ में किसी अन्य रोगी या स्वस्थ व्यक्ति के साथ अपने स्वास्थ्य का मूल्यांकन कभी नहीं करना चाहिए. **जैसे मैल से लिप्त कपडे पर चढ़ाया हुआ रंग बेकार जाता है उसी प्रकार देह शुद्धि यानी विषैले तत्व शरीर से बहार निकलने के बाद ही रसायन अपना पूर्ण कार्य**

कर सकता है और प्रभावी बन सकता है, ऐसा विधान आयुर्वेद में स्पष्ट रूप से लिखा हुआ है. इसतरह त्रिफला के फायदे ग्रहण करने के लिए थोड़े दिन या महीनो की धीरज होना आयुर्वेद की पहली शर्त है.

तीसरी बात है की आयुर्वेद अनुसार आपको रोगो के प्रकार के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गयी है. अगर इसका ठीक से पठन किया है तो समजमे आएगा की आपका रोग किस अवस्था मे है उसके ऊपर भी त्रिफला के असर की सीमा रहेगी.

अगर रोग सुखसाध्य है यानी शुरुआत के स्तर पर है उसपे सकारात्मक परिणाम प्राप्त होने का समय होने का समय **30 दिनके अंदर का** ही समजे. दूसरे स्तर का रोग याप्य रोग है जिसमे औषधि के मुकाबले आहार विहार की अधिक जरूरत हो तो उसे भी दिनचर्या अनुसार **30-45 दिन** के आसपास का समज सकते है. तीसरा प्रकार का रोग है कष्टसाध्य जो शरीर के मर्मस्थानो में गहरा गया हो या शरीर के किसी अंग में विकृति आने से शस्त्रक्रिया के बाद भी ऐसे रोगो में औषध का शरीर पर अच्छा असर दिखने में समय जाता है जो अंदाजे से **3-4 महीने या उससे अधिक** हो सकता है. **इन सबसे विपरीत अगर रोग "मंदाग्नि" से संबंधित है यानी भोजन के बाद उसे रस में बदलने में या पाचन में समस्या है तो उपयुक्त रस निर्माण शरीर में ना होने के कारण क्रमशः सभी धातुएं शुद्ध होने में अधिक महीनो का समय लग सकता है जो प्रकृति अनुसार हरएक व्यक्ति के लिए अलग हो सकता है.**

चौथा है असाध्य रोग जिसमे शरीर में इन्द्रियों की शक्ति नष्ट हो गई हो और आवरदा कुछ खास बाकी ना हो तो वह रोग ठीक नहीं हो सकता ऐसा समजना चाहिए. परंतू असाध्य रोगो की पीड़ा में औषध आराम जरूर दे सकता है और कुछ हद तक उसे आगे बढ़ने से रोक कर आयु को थोड़ी लम्बी अवश्य कर सकती है.

जीवन में यह भी सत्य स्वीकार करले की अगर असाध्य रोग पूर्ण नैसर्गिक चिकित्सा से भी ठीक नहीं हो सकता तो दूसरी मानवसर्जित पेथियो से इलाज की अपेक्षा रखना या उसपर हज़ारो-लाखो रुपए खर्चना मेरे विचार अनुसार केवल एक दिलासा और मन की तसल्ली के लिए है. **लेकिन असाध्य रोगियो के लिए त्रिफला के साथ पंचकर्म और पंचगव्य चिकित्सा (गौ चिकित्सा) जीवनी का काम कर सकती है. पूरी दुनिया में केवल भारतीय मूल की देशी नसल की गौमाता के पंचतत्व में कुछ चमत्कारिक गुण है जो कुछ ख़ास रोगनाशक औषध के गुणों को दुगना करने का सामर्थ्य रखती है.** आगे लेख में पंचगव्य चिकित्सा के बारे में विस्तार से बताया गया है. असाध्य रोग सनातन धर्म के संचिंत कर्म के सिद्धांत पर भी निर्भर है जो एक गूढ विषय है. इससे जुड़े कई अन्य विषय पर पुस्तक मे आगे संक्षिप्त में बताया गया है.

आयुर्वेद ग्रंथो के वर्णन अनुसार त्रिफला की असाध्य रोगो को छोड़कर कष्टसाध्य सहित सभी रोगो को नष्ट करने की पूर्ण अवधि 1 साल की बताई गई है. रोगीयो की भिन्न भिन्न वात-पित्त-कफ की मिश्र प्रकृति, मंदाग्नि, आबोहवा, खानपान, विहार सामान्य या गंभीर रोगो को संदर्भ बनाये तो रोगो के नष्ट होने की अवधि आयुर्वेद

अनुसार 30 दिन से शुरू होकर 1 साल के बिच की है ऐसा समज सकते है. आज के परिपेक्ष में त्रिफला की शुद्धता का मानक और मनुष्य की दिनचर्या को पुस्तक में विस्तार से बताया गया है उसके मूल्यांकन अनुसार ये अवधि 6 महीने और बढ़ सकती है ऐसा मानकर चल सकते है.

घी, तेल, शहद (मधु), नमक, गुड़ और शक्कर का महत्त्व

आयुर्वेद अनुसार **शुद्ध "घी" से पित्त शांत होता है. "तेल" से वात शांत होता है और मध् से "कफ" शांत होता है.** लेकिन ये तीनो चीजे शुद्ध मिलना आजके समय में दुर्लभ कर दिया गया है. जहाँ घी का वर्णन किया जा रहा है उसका मतलब "देशी गाय का घी" समझना है. अंग्रेजी में जिसे हम "बटर" कहते है उसका मतलब घी नहीं होता. बटर को दूध की क्रीम से नमक मिलकर बनाया जाता है. बटर में ट्रांस फैट होते हैं और घी में ट्रांस फैट नहीं होते हैं. घर पर मलाई से जो घी बनाने की क्रिया है उससे बननेवाले घटक को पूर्ण रूपसे घी कहना ठीक नहीं होगा. **दूध-दही से फेटकर देशी तरीके से बनाया गया घी ही वैदिक शुद्ध घी कहलाता है.** गाय के अलावा भैंस, बकरी के घी भी कुछ महत्ताये है, पर आयुर्वेद अनुसार देशी गाय का घी ही सबसे गुणकारी और श्रेष्ठ तत्व कहलाता है.

ऐसे ही तेल का भी समज लीजिये की कच्ची घानी से बना तेल ही शुद्ध तेल कहलाता है. कच्ची घानी के रूपमे आजकल बैल की जगह पीसने के लिए मशीन का उपयोग किया जाता है. तो जिस तेल को पीसने के बाद उसे कोई केमिकल के जरिये रिफाइंड ना किया गया हो तो ही वह शुद्ध फिल्टर्ड तेल कहा जाएगा. **केमिकलो से युक्त बनावटी घी और रिफाइंड तेल असंख्य घातक रोगो की जननी है. इससे मुक्त हुए बिना निरोगी शरीर की कल्पना मुश्किल है.**

वसा और चर्बी विषय में अतिशयोक्ति कर षडयंत्रो के तहत हर किसी व्यक्ति को इससे बचने की सलाह दी जाती है, क्योकि स्वास्थ्य को कुछ माफियाओ ने अनीति का व्यापार बनाया है, परंतु **आयुर्वेद अनुसार व्यक्ति के दैनिक जीवन में होनेवाले वात पित्त और कफ के सभी विकार शुद्ध घी, शहद और तेल दूर करता है.** चिकित्सा या पैथी कोइ भी हो, लेकिन इतना याद रहे की शुद्ध धातुओं के निर्माण और पोषण हेतु वसा-चर्बी भी अनिवार्य घटक है. अति भूख से शरीर के प्रोटीन्स और विटामिन्स गिराके शरीर को कम करना सेहद के लिए घातक सिद्ध हो सकता है. ऐसी परिस्थिति में अधिक ऊर्जा की जरुरत ना होने पर घी, शहद और तेल का सेवन कम अवश्य करना है, लेकिन इसकी पूर्ण मात्रा बंद कर देना फायदे में नुक्सान की बात है.

योग, प्राणायाम और त्रिफला के द्वारा शरीर में अतिरिक्त चर्बी को आसानीसे अपनी आवश्यकता अनुसार नियंत्रित किया जा सकता है. वसा-चर्बी अधिकतावाले रोगी के लिए अधिक ऊर्जा की आवश्यकता ना होकर इनकी न्यूनतम मात्रा निर्धारित की जा सकती है और ख़राब चर्बी बढ़ाने वाले खान-पान कम कर देने चाहिए, परंतु इसका सेवन पूर्ण रूप से बंद करना है ऐसे दुष्प्रचारों से बचना चाहिए. **मध्, घी, गुड़ और कुछ गिनी चुनी आयुर्वेद औषधीया जितनी पुरानी होती जाती है उतना ही उतने ही उनके गुण अधिक बढ़ते जाते है जो आयुर्वेद ग्रंथो मे विस्तार से बताया गया है.**

घी बुद्धि, स्मृति, जठराग्नि, बल आयुष्य और वीर्य को बढ़ानेवाला है. यह आँखों के लिए हितकर और अच्छी आवाज़ की कामना करनेवाले व्यक्ति के लिए फायदेमंद है. संतान प्राप्ति की इच्छा रखेवाला, बालक-वृद्ध और जवान के लिए गुणकारी है. क्षय, बुखार, कमजोरी, सर्प ज़हर से पीड़ित और धातुओं के क्षय से दुर्बल हुए व्यक्ति के लिए घी बहोत फायदा पहुंचानेवाला तत्व है. घी शीतवीर्य है और जवानी को टिकाके रखनेवाली उत्तम वस्तु है. योग, संस्कार, पान, अभ्यंग, अनुवासन के भिन्न भिन्न रीत से उपयोग में आनेवाली चीज है.

गाय, भैंस, बकरी जैसे जानवरो के वर्ग में "देशी गाय" के घी को सर्वश्रेष्ठ जीवनीय रसायन की उपाधि दी गयी है जो बुद्धि, बल बढ़ानेवाला, आलस्य को दूर करनेवाला, दम, उधरस, प्यास, भूख, जीर्णज्वर, मूत्रकृच्छ और रक्तपित्त जैसे 11 रोगो को मिटानेवाला है. आयुर्वेद अनुसार घी अगर 10 साल पुराना हो तो उसके गुण अत्यधिक बढ़ जाते है. भादवे (भाद्रपद माह) का गोघृत (घी) की महत्ता आर्टिकल पढ़कर ले सकते है.

शहद आँखों के लिए हितकर, प्यास, कफ, ज़हर, हिचकी, कुष्ठरोग, कृमि, उलटी, दम, उधरस और अतिसार को मिटानेवाला है. मवाद निकालनेमे मदद करने, टूटी हुयी हड्डिया को जोड़ने और घाव को भरने के लिए आयुर्वेद अनुसार शहद को अत्यंत उपयोगी द्रव्य माना जाता है. इसके अलावा अनिंद्रा के रोगीयो के लिए नींद बढ़ानेवाला और अधिक नींद लेनेवाले व्यक्तियो के लिए नींद को सम बनानेवाला और आवाज़, आरोग्य, पाचनमे हल्का एवं प्रतिभा-कांति दिलानेवाला श्रेष्ठ द्रव्य है. मध का युक्तिपूर्वक और निश्चित मात्रा में सेवन शरीर के दोषो की सम बनाने के लिए उपयोगी है. **शहद के बारे में महत्वपूर्ण बात याद रखनी है की आयुर्वेद ग्रंथो में ताजे शहद को "त्रिदोष" उत्पन्न करनेवाला बताया गया है मतलब ताजा शहद वात, पित्त और कफ यह तीनो के दोष को बढ़ाता है. 1 साल की अवधि से पुराने शहद को ही गुणों में श्रेष्ठ बताया गया है जो बात अधिकतर लोग नहीं जानते.**

शहद के खतरनाक सच से भी कई लोग अंजान है जिसमे धुप या अग्नि से गर्म हुआ शहद खाने से मृत्यु भी संभव है. गर्मी से लिप्त होकर आये हुए व्यक्ति, अग्नि की गर्मी या सूर्य की गर्मी से लिप्त इंसान को मध देने से उसकी मृत्यु हो जाती है ऐसा आयुर्वेद में स्पष्ट वर्णन है. गर्मी की ऋतू या गर्म प्रदेश में भी शहद का सेवन और गर्म तासीर वाले खान-पान के साथ में मध लेने से मृत्यु संभव है. इससे विपरीत उल्टी कराने के लिए और निरुबस्ति के लिए गर्म किया हुआ शहद उपयोग में लेने से नुक्सान नहीं होता.

सरसो का तेल कफ-वायु नाशक, उष्णवीर्य, पित्त को बढ़ानेवाला, पचने में हल्का, कृमियो को नष्ट करनेवाला, मलो को उखाड़नेवाला, सिर और कान के रोग, खुजली, कुष्ठ के साथ चमड़ी के रोगो को मिटानेवाला, मेद को दूर करनेवाला और जठराग्नि को प्रदीप्त करनेवाला श्रेष्ठ आहार है.

हर एक प्रकार का तेल वायुनाशक है, परंतु **तिल का तेल उसके विशेष गुणों के कारण वायु नाश करने में अन्य तेलों के मुकाबले ज्यादा प्रभावी है और श्रेष्ठ माना जाता है. आयुर्वेद अनुसार तिल का तेल विशिष्ट गुणों से भरपूर है, परंतु लम्बे समय तक खाने से यह चमड़ी, बाल और आँखों को नुक्सानदेही है.** यही चीज उलटी की जाए, मतलब की तिल के तेल को खाने की बजाये मालिश करने के लिए उपयोग में लिया जाए तो ये चमड़ी, बाल और आँखों के लिए परम हितकारी बताया गया है. घाव, अग्नि से जला हुआ भाग, अपने स्थान से खिसका हुआ अंग, टूटे हुए शरीर के भाग पे तिल के तिल की मालिश करने से अत्यंत प्रभावी और शीघ्रता से नैसर्गिक उपचार होता है. इसके अलावा कुछ खास काम में आनेवाले औषध बनाने में, बस्तिकर्म, नाक-कान में बुँदे डालने से लेकर काफी अन्य बीमारियों के इलाज हेतु तिल के तेल की मूलयवान उपयोगिता है.

आहार हेतु आयुर्वेद के लगभग सभी ग्रंथो मे विशेषकर सरसो, तिल, अलसी, तथा लाल-राति राइ के तेल के गुणों की बात की गई है. **आयुर्वेद अनुसार बिना किसी नुकसान स्वास्थ्य प्राप्त करने के लिए तथा गुण-दोष, स्थान तथा आहार हेतु तेल की उपयोगिता की बात करे तो लम्बे समय तक सेवन करने के लिए "सरसो का तेल" ही सर्वश्रेष्ठ बताया गया है.** तिल के तेल की भी उतनी ही महत्ता है, परंतु आहार हेतु उसे लम्बे समय तक सेवन करने से चमड़ी, बाल और आँखों को कुछ नुक्सान भी है. इसीलिए आहार हेतु तिल का तेल पूर्ण वर्जित ना होकर संतुलन की स्थिति बनाते हुए उसे केवल ठंडी ऋतू में व्यंजन बनाने के लिए या शीत ऋतू में न्यूनतम समय के लिए आहार बनाने हेतु उसकी विशेष उपयोगिता मानी जा सकती है. आज के समय में बाजार में मिलनेवाले अन्य तेल जैसे की सींग, कपास, सूरजमुखी, सोयाबीन या अन्य किसी तेल का आयर्वेद में आहार के रूप में कोई वर्णन मेरे द्वारा देखा नहीं गया है.

आयुर्वेद अनुसार, मूंगफली से दस्त, सर्दी, खांसी और चमड़ी को फायदा पहुंचाने की बात की गई है जो भारत में आसानी से उपलब्ध है और सदियों से उसका सेवन तेल के रूप में भारत में किया जाता है. तो इसकी महत्ता को ध्यान में रखते हुए **मेरे आंकलन अनुसार मूंगफली का तेल भी काफी हद तक सरसो के तेल का दूसरा विकल्प बन सकता है. परंतु आयुर्वेद की साक्षी से अगर गुण-दोष का मूल्यांकन करे तो सरसो के तेल की महत्ता सबसे अधिक है यह बात आयुर्वेद ग्रंथो के कथन से स्पष्ट है.** भौगोलिक परिस्थिति अनुसार तेल के प्रकार और समय की अवधि में थोड़ा हेर फेर किया जा सकता है जो एक गूढ चर्चा का विषय है.

आयुर्वेद अनुसार सेंधा नमक (Rock Salt) सभी प्रकार के लवणवर्ग यानी नमको में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है. **सेंधा नमक जठराग्नि को प्रदीप्त करनेवाला,**

रुचिकारक, वीर्य वर्धक, आँखों को हितकारी, ज्यादा गर्मी उत्पन्न नहीं करनेवाला और त्रिदोष को सम बनानेवाला मधुर रस से युक्त श्रेष्ठ पदार्थ है.

सेंधा नमक को "सिंधालुण", "पहाड़ी नमक" या "लाहोरी नमक" के नाम से भी जाना जाता है. यह नैसर्गिक रूप से निर्मित हुए नमक के पहाड़ होते है जिसे तोड़कर नमक को प्राप्त किया जाता है. सेंधा नमक के अलावा समुद्री नमक (खड़ा नमक) भी दूसरे क्रम से गुणकारी है और वायुनाशक है, लेकिन आँखों के लिए फायदेमंद और त्रिदोष के संतुलन के अद्भुद एवं विशेष गुण सेंधा नमक में ही पाए जाते है. आजकल बाजार में मिलनेवाले आयोडाइज़ नमक अधिकतर समुद्री नमक को केमिकल प्रोसेस करके बनाया जाता है जिसमे ऊपर से आयोडीन डाला जाता है, लेकिन यह सेहद के लिए उतना अच्छा नहीं है और इसका अधिकतर सेवन पथरी और ह्रदय से लेके कई अन्य रोगो को जन्म दे सकता है.

Image Credit: Freepik.com

गुड़ और शक्कर भी घी, तेल और शहद की तरह ही सेहद के लिए अच्छा बताया है, लेकिन इसका मतलब केमिकल से बने आज के गुड़ और चीनी से नहीं है. गुड़ और शक्कर दोनों गन्ने के रस में से बनते है और आजकल बाजार में मिलनेवाले अधिकतर गुड़ गन्ने के रस को केमिकल से साफ़ कर बनाया जाता है जिसका रंग सफ़ेद जैसा या कम पीला दीखता है. ऐसे ही गन्ने के रस को केमिकल प्रोसेस से साफ़ कर उससे चीनी बनती है. तो केमिकल से बना गुड़-शक्कर दोनों ही लाभकारी नहीं और उल्टा सेहद को नुक्सान कर अनेको बीमारियों को जन्म देनेवाले है.

आयुर्वेद अनुसार गुड़ ह्रदय को हितकारी और शरीर के सभी स्त्रोत्रों को साफ़ करनेवाला है. लेकिन इससे विपरीत ताज़ा गुड़ अधिक कफ करनेवाला और जठराग्नि को मंद

करनेवाला है. **इसीलिए गुड़ जितना पुराना होता है उतना ही सेहद के लिए हितकारी बनता है**. देशी खांड भी गन्ने के रस से बनायीं जाती है. गुड़, देशी खांड और शक्कर तीनो रक्तपित्त और वायु का नाश करनेवाले बताये गए है. यह तीनो के गुण एक दूसरे से क्रमशः बढते जाते है, मतलब गुड़ से देशी खांड विशेष गुणोंवाली बनती है और देशी खांड से शक्कर विशेष गुणोंवाली बनती है. अर्थात तीनो में शक्कर श्रेष्ठ गुणोंवाली मानी जाती है.

घातक केमिकल का असर शरीर पर क्या होता है यह आप रिफाइंड तेल की इस खबर से पढ़ सकते है. कई बार सभी चीजों को हलके में लेकर हम अनजाने ही खुद के परिवार के स्वास्थ के साथ खिलवाड़ करते है. कहीँ बहार खाना खाने जाते है या पानी भी पीते है तो उसमे लोग अशुद्धि है की नहीं उसकी जांच कर लेते है, लेकिन हररोज भोजन बनाने मे खुद के घर में जो इस्तेमाल हो रहा है उसकी जांच हम नहीं करते और व्यपारियो के हाथ में अपने स्वास्थ की चाबी दे देते है जो अंत में घातक सिद्ध होता है. तो जितना आप दैनिक जीवन में उपयोग होनाली चीजों में नैसर्गिक चीजों को शामिल करोगे उतना ही आपका जीवन स्वस्थ रहेगा, विषैले तत्व शरीर में कम दाखिल होंगे और रोगो से शरीर की रक्षा भी होगी.

नवभारत

रोगों की जड़ बना रिफाइंड तेल

■ राजीत यादव @ नवभारत

नवी मुंबई. रिफाइंड तेल हार्ट अटैक, हार्ट ब्लॉकिज ब्रेन डैमेज, लकवा, शुगर (डायबिटीज), नपुंसकता, कैंसर, हड्डियों का कमजोर हो जाना, जोड़ों में दर्द, कमर दर्द, किडनी डैमेज, लिवर खराब कोलेस्ट्रॉल, आंखों रोशनी कम होना, प्रदर रोग, बांझपन, पाइल्स, त्वचा रोग आदि सहित एक हजार रोगों का प्रमुख कारण बन गया है. इसकी वजह से रिफाइंड तेल से देश में हर वर्ष 20 लाख लोगों की मौत होती है. जिससे यह साबित होता है कि देश में रिफाइंड तेल खाने से सबसे ज्यादा मौतें होती हैं. यह जानकारी प्राकृतिक चिकित्सक एवं योग गुरु डॉ. अनिल जैन ने दी.

डॉ. जैन ने नवभारत को बताया कि रिफाइंड तेल बनाने के लिए तैलीय बीज को छिलके सहित पेरकर तेल निकाला जाता है. इस विधि में जो भी अशुद्धियां तेल में आती हैं, उन्हें साफ करने के लिए तेल को स्वाद गंध व कलर रहित करने के लिए उसे रिफाइंड किया जाता है. इस विधि के लिए वाशिंग करने के लिए पानी, नमक, कास्टिक सोडा, गंधक, पोटेशियम, तेजाब व अन्य खतरनाक एसिड इस्तेमाल किए जाते हैं. ताकि अशुद्धियां बाहर हो जाएं. इस प्रक्रिया में तारकोल की तरह गाढ़ा वेस्टेज निकलता है. एसिड के कारण यह तेल स्वास्थ्य का दुश्मन बन जाता है.

20 लाख लोगों की हर वर्ष जाती है जान

07 से 8 बार तेल किया जाता है गर्म व ठंडा

तेल में बन जाता है पालीमर्स

डॉ. जैन ने बताया कि तेल के साथ कास्टिक या साबुन को मिक्स करके 180F पर गर्म किया जाता है. जिससे इस तेल के सभी पौष्टिक तत्व नष्ट हो जाते है. इस विधि में प्लास्टर ऑफ पेरिस जो मकान बनाने में काम लिया जाता है, इसका उपयोग करके तेल का कलर और मिलाए गए केमिकल को 130F पर गर्म करके साफ किया जाता है. एक टैंक में तेल के साथ निकोल और हाइड्रोजन को मिक्स करके हिलाया जाता है. इन सारी प्रक्रियाओं में तेल को 7-8 बार गर्म व ठंडा किया जाता है, जिससे तेल में पालीमर्स बन जाते हैं, उससे पाचन प्रणाली को खतरा होता है और भोजन न पचने से सारी बीमारियां होती है. निकेल एक प्रकार का लोहा होता है, जो हमारे शरीर के विभिन्न अंगों, त्वचा, डीएनए और आरएनए को भारी नुकसान पहुंचाता है.

भीतरी अंगों को पहुंचाता है नुकसान

इस तेल के सभी तत्व नष्ट हो जाते हैं और एसिड मिल जाने से यह भीतरी अंगों को नुकसान पहुंचाता है. दूषित पानी पीने से लोगों का जितना नुकसान नहीं होता है उससे अधिक हानि इस तेल से होती है. दूषित पानी मौजूद बैक्टीरिया को लड़कर नष्ट कर देता है, लेकिन रिफाइंड तेल बैक्टीरिया को नष्ट नहीं कर पाता है.मनुष्य का शरीर करोड़ों सेल्स (कोशिकाओं) से मिलकर बना है. शरीर को जीवित रखने के लिए पुराने सेल्स रिप्लेस होते रहते हैं और नए सेल्स (कोशिकाओं) बनाने के लिए शरीर खून का उपयोग करता है.

खून में बढ़ती है टॉक्सिन्स की मात्रा

■ जैन का कहना है कि यदि हम रिफाइंड तेल का उपयोग करते हैं, तो खून में टॉक्सिन्स की मात्रा बढ़ जाती है,जो शरीर को नए सेल बनाने में अवरोध आता है, तो कई बीमारियां जैसे कैंसर मधुमेह, हार्ट अटैक, किडनी खराब आदि हजारो बीमारियां होगी.

■ जैन का कहना है कि रिफाइंड तेल बनाने की प्रक्रिया से तेल बहुत ही महंगा हो जाता है, तो इसमें पाम आयल मिक्स किया जाता है.

■ पाम आयल एक धीमी मौत है. इसलिए अपनी आंखों के सामने निकाला गया सरसों, सूरजमुखी, नारियल, बादाम आदि के तेल का उपयोग करना चाहिए.

Thane-navi-mumbai Edition
27-december-2021 Page No. 2
epaper.enavabharat.com

पंचकर्म चिकित्सा



पंचकर्म रोगी के शरीर से विषैले पदार्थों को निकालने और त्रिदोष को संतुलित की नैसर्गिक आयुर्वेद चिकित्सा है. पंचकर्म आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की विशिष्टता है जो अन्य किसी चिकिंत्सा पद्धति में नहीं है. अनेक जटिल एंव कष्टदायी व्याधियां है जो औषधोपचार के साथ पंचकर्म से सहजता से ठीक की जा सकती है. पंचकर्म आयुर्वेदिक इलाज पूरे दुनिया में बहुत अधिक लोकप्रिय हो रहा है. यह लोगो के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध हुआ है और स्वास्थ्य के लिए इसके कई फायदे हैं.

इस चिकित्सा में प्रमुख रूप से स्नेहन, स्वेदन, वमन, विरेचन, वस्ति, नस्य व रक्त मोक्षण आदि क्रिया-कलापों के माध्यम से शरीर व मन में स्थित विकृत दोषों को बाहर निकाला जाता है जिससे दुबारा रोगों की उत्पति न हो.

स्नेहन-स्वेदनः- ये दोनों प्रक्रियाएं पूर्व कर्म कहलाती हैं, जो कि पंचकर्म की प्रत्येक क्रिया से पहले आवश्यक रूप से की जानी चाहिए, इसके माध्यम से रोग उत्पादक दोषों को शरीर के अंगों से शिथिल कर कोष्ठ में लाया जाता हैं, कई बार अल्प दोष की स्थिति होने पर रोगी को केवल इन पूर्वकर्म से लाभ हो जाता है.

वमन-कर्मः- यह क्रिया प्रमुख रूप से कफज रोगों व वात कफज रोगों के लिये की जाती है. जिसमें उरः प्रदेश, सिर, अस्थि संधिगत व श्लेष्म स्थानों में उत्पन्न विभिन्न कफज रोगों के संशोधन हेतु आवश्यक होता हैं. इस इस प्रक्रिया में मुंह के माध्यम से उल्टी कराया जाता है. इसका मतलब उल्टी निकाल कर दोषों को बाहर निकाला जाता है. यह प्रक्रिया तब तक करना चाहिए जब तक की शरीर की विषाक्त पदार्थ तरल रूप धारण ना कर लें.

विरेचन कर्मः यह क्रिया विकृत पित्तज दोषों के लिये की जाती हैं, जिसमें मुख्य रूप से गुदा मार्ग से दोषों को निर्धारित मापदंडो के तहत क्रमशः प्रवर, मध्यम, अवर के 30, 20 व 10 वेग लाकर रोगी को दोष मुक्त करवाया जाता है. यह मलत्याग की प्रक्रिया है. इस पद्धति में आंत से विषाक्त पदार्थ को निकाला जाता है. इसके बाद आपके शरीर पर तेल लगाया जाता है. इस पद्धति में बूटी खिला कर आपके शरीर से आंत के माध्यम से विषाक्त पदार्थ बाहर निकाला जाता है. जो लोग पित्त की समस्या से पीड़ित है, उनके लिए यह पद्धति बहुत कारगर है.

वस्तिः इस कर्म को आयुर्वेदीय वैज्ञानिकों ने आधी चिकित्सा कहा है. यह प्रमुख रूप से 80 प्रकार के वातज रोगों को ठीक करने के लिये प्रयोग में लायी जाती है. साथ ही इसके प्रमुख प्रकार आस्थापन, अनुवासन, कालवस्ति, क्रमवस्ति, योगवस्ति तथा मात्रावस्ति आदि का रोग व रोगीनुसार प्रयोग कर लाभ पहुंचाया जाता है. यह एक बहुत ही अद्भुत आयुर्वेदिक उपाय है. इस पद्धति में विषाक्त पदार्थो को बाहर निकालने के लिए कुछ तरल पदार्थो का उपयोग किया जाता है. जिसमें तेल,घी और दूध जैसे तरल आपके मल द्वार में पहुँचाया जाता है. यह पुरानी बिमारियों को ठीक करने के लिए बहुत उपयोगी माना जाता है. यह अत्यधिक वात से परेशान मरीजों के लिए उपयोगी माना जाता है. हालाँकि, यह तीनों वात पित्त और कफ के लिए अच्छा माना जाता है.

नस्य: पंचकर्म की इस क्रिया के माध्यम से सिर में स्थित दोषों को नासा मार्ग से बाहर निकाल कर रोगी को लाभ पहुंचाया जाता है. इसके प्रमुख प्रकारों में नस्य, प्रतिमर्शनस्य, नावन, अवपीडन नस्य प्रमुख हैं. जिनका रोग व रोगी अनुसार चयन कर उपयोग में लाया जाता है. इस प्रक्रिया में आपके नाक के माध्यम से औषधि दी जाती है, जो आपके नाक, गले और सिर से विषाक्त पदार्थ को बाहर निकालता है. इस प्रक्रिया में सिर और कंधो पर मालिश है, जिसके बाद आप नस्य पंचकर्म के लिए तैयार हो जाता है. इसके बाद आपके नाक के माध्यम से औषधि की कुछ बूँद डाली जाती है. यह माइग्रेन, सिरदर्द और बालों की समस्या से निजात दिलाती है.

रक्त मोक्षणः पंचकर्म की रक्त मोक्षण विधा द्वारा शरीर के दूषित रक्त को बाहर निकाला जाता हैं जिसमें दोष व रोगी की प्रकृति के अनुसार जलौकावचरण, श्रृंग, अलावू आदि के माध्यम से दोष अनुसार चयन कर रोग को ठीक किया जाता है. इस प्रक्रिया में मुहांसे और चेहरे की समस्या से राहत मालती है. यह आपके शरीर के किसी विशेष हिस्से या पूरे शरीर से रक्त को साफ किया जाता है.

स्वास्थ्य के नियमों का पालन न करने तथा बाहरी कारणों से रोगों की उत्पत्ति होती है जिसका निवारण औषधियों तथा शोधन क्रियाओं अर्थात् पंचकर्म से किया जाता है. इसके बाद स्वस्थ रहने के लिए रसायन औषधियों का भी प्रयोग किया जाता है जिससे हमारी रोग प्रतिरोधक शक्ति बनी रहे.

त्रिदोष को संतुलित करने का जो कार्य पंचकर्म करता है वही कार्य औषध के स्वरुप में त्रिफला करती है देह शुद्धिकरण के लिए. इसके अलावा त्रिफला शरीर के लिए पोषक भी है जो उसे होनेवाले रोगो से रक्षा कर स्वस्थता प्रदान करती है. परंतु पंचकर्म की विविध क्रियाओसे से रोगी को तत्काल लाभ पहुंचता है. इसीलिए नैसर्गिक चिकित्सा के अलावा दूसरी चिकित्सा पर विश्वास करनेवाले व्यक्ति का रोग जब तीव्र हो जाए तब पंचकर्म तुरंत ही लाभ पहुंचा सकता है और अगर त्रिफला का नियमित सेवन किया जाए तो वात, पित्त और कफ नैसर्गिक रूपसे ही संतुलित रहते है.

पंचगव्य चिकित्सा

पंचगव्य भारतीय मूल की देशी गाय (गौमाता) से प्राप्त पांच चीजों का समूह है. इसमें गोदुग्ध (दूध), गोदधी (दही-छाछ), गोमेह (गोबर), गोघृत (घी) और गोमूत्र (मूत्र) शामिल हैं. आयुर्वेद में रोगों से मुक्ति के लिए पंचगव्य को औषधि के रूप में प्रयोग करते हैं.

पंचगव्य की उपयोगिता आयुर्वेद अनुसार समज लेते है जिसमे गाय, भैंस, बकरी जैसे सभी जानवरो के वर्ग में "देशी गाय" के पांचो तत्वों को सर्वश्रेष्ठ गुणकारी बताया गया है. गाय के पंचगव्य के सेवन से शरीर, मनबुद्धि और अंत:करण के विकारों का शमन होता है जिससे शरीर की शक्ति बढ़ती है तेज बल और आयुष्य की प्राप्ति होती है.

देशी गाय का "दूध" रस में मधुर, शीतल, वायु-पित्त और रक्त संबंधी रोगो को मिटानेवाला, वातप्रधान रक्तपित्त से बचानेवाला, धातु, मल, नाड़ियो को कुछ गिला करनेवाला, स्त्री के दूध को बढ़ानेवाला, हमेशा सेवन करनेवालों के लिए बुढ़ापे और सर्व रोगो को नष्ट करनेवाला है. गायो में बड़े बछड़ेवाली गाय का दूध सर्वश्रेष्ठ माना जाता है.

काली गाय का दूध वायु को मिटानेवाला और अधिक गुणोंवाला है. पीली गाय का दूध पित्त और वायु को मिटानेवाला है. सफ़ेद गाय का दूध वायु को मिटनेवाला है और कफ को बढ़ानेवाला है. लाल-बादामी या चितकाबरी (सफ़ेद- बादामी मिश्र रंगवाली) गाय का दूध वायु को हरनेवाला है.

देशी गाय का "घी" विशेषकर नेत्र को हितकारी, मैथुनशक्ति को बढ़ानेवाला, अग्नि को प्रदीप्त करनेवाला, मधुर, शीतल, वात-पित्त-कफ तीनो को मिटानेवाला, कांति, सामर्थ्य की वृद्धि करनेवाला, अलक्ष्मी-पाप और राक्षशो को हरनेवाला (मन के सत्वगुण, संस्कार एवं वीरता बढ़ानेवाला), जवानी को टिकाके रखनेवाला, बल देनेवाला, पवित्र, आयु को बढ़ानेवाला, सुंदर, सुंगधयुक्त, रूचि पैदा करनेवाला और समस्त प्रकार के घी के वर्ग में सर्वश्रेष्ठ है. इसके अलावा ये **बुद्धि, बल बढ़ानेवाला, आलस्य को दूर करनेवाला, दम, उधरस, प्यास, भूख, जीर्णज्वर, मूत्रकृच्छ और रक्तपित्त जैसे 11 रोगो को मिटानेवाला है.**

देशी गाय का "दही" विशेष रूपसे मधुर, खट्टा, रुचिकर, अग्नि को प्रदीप्त करनेवाला, पुष्टि करनेवाला और वायुनाशक है.

देशी गाय का मक्खन वर्ण को अच्छा करनेवाला, मैथुनशक्ति को बढ़ानेवाला, बल देनेवाला, अग्नि को प्रदीप्त करनेवाला, मल को रोकनेवाला, वायु-पित्त को हरनेवाला, उधरस, रक्त की अशुद्धि को मिटानेवाला, बूढ़ो के लिए और खास कर बच्चो के लिए अमृत है.

देशी गाय का मूत्र (गोमूत्र) पचने में हल्का, कफ-वायु को दूर करनेवाला, अग्नि की प्रदीप्त और पित्त बढ़ानेवाला, शूल, उधरस-श्वास-सूजन को मिटानेवाला, पेट का दर्द और नेत्र रोग को दूर करनेवाला, मुँह के रोग, खुजली, हरप्रकार के कुष्ठ रोग, वायु संबंधी आम, दस्त, कब्जियत, कान के दर्द, मूत्र के अटकाव्, कृमि, पीलिया और पांडुरोग को नष्ट करनेवाला है.

देशी गाय का गोबर त्वचा रोग खाज, खुजली, श्वासरोग, शोधक, क्षारक, वीर्यवर्धक, पोषक, रसयुक्त, कान्तिप्रद और लेपन के लिए स्निग्ध तथा मल आदि को दूर करने वाला होता है. गाय का गोबर मल नहीं है यह मलशोधक है दुर्गन्धनाशक है एंव उत्तम वृद्धिकारक तथा मृदा उर्वरता पोषक है.



Source: https://www.pngitem.com/middle/iooJwoh_-cow-with/

हिन्दू धर्म अनुसार गाय में 33 कोटि के देवी-देवता निवास करते हैं. कोटि का अर्थ करोड़ नहीं, प्रकार होता है. इसका मतलब गाय में 33 प्रकार के देवता निवास करते हैं. ये देवता हैं- 12 आदित्य, 8 वसु, 11 रुद्र और 2 अश्विनी कुमार. ये मिलकर कुल 33 होते हैं. यही कारण है कि दिवाली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा के अवसर पर गायों की विशेष पूजा की जाती है और उनका मोर पंखों आदि से श्रृंगार किया जाता है. हिन्दुओं के हर धार्मिक कार्यों में सर्वप्रथम पूज्य गणेश व उनकी माता पार्वती को गाय के गोबर से बने पूजा स्थल में रखा जाता है.

देशी गाय की पीठ पर जो ककुद् (कूबड़) होता है, वह 'बृहस्पति' है. अतः जन्म पत्रिका में यदि बृहस्पति अपनी नीच राशि मकर में हों या अशुभ स्थिति में हों तो देशी गाय के बृहस्पति भाग एवं शिवलिंगरूपी उठाव के दर्शन करने का विधान है.

ऐसा माना जाता है की **गाय की रीढ़ की हड्डी में "सूर्यकेतु नाड़ी" स्थित है जिस पर सूर्य की किरणें पड़ने पर ये नाड़ी स्वर्ण बनाती है जिसके कारण गाय का दूध पीला और उसके पांचो गव्य दिव्य अमृतीय गुणों से भर जाते है.** सूर्यकेतु नाड़ी में विद्युत चुंबकीय ऊर्जा समाहित है जिसके छूने मात्र से व्यक्ति का आभामंडल बढ़ जाता है. सूर्यकेतु नाड़ी हानिकारक विकिरण को रोककर आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाती हैं और इसी कारण गाय की प्रदक्षिणा और पूजा सनातन धर्म में वैदिक काल से की जाती है. सूर्य के संपर्क में आने पर सूर्यकेतु नाड़ी जो स्वर्ण उत्पादन करती है वह गाय का दूध पीने से मनुष्य के शरीर में चला जाता है और गोबर के माध्यम से खेतो में चला जाता है. इस तरह अनेको प्रकार के रोगों को दूर करने में पंचगव्यो का औषधीय महत्त्व है. अधिक जानकारी के लिए **यह वीडियो** देख सकते है.

Source: https://www.pngitem.com/middle/iooJwoh_-cow-with/

गाय हिन्दुओं के लिए सबसे पवित्र धन है और भारत में गाय को देवी का दर्जा प्राप्त है. इतिहास के कुछ स्वतंत्र दावो के अनुसार लगभग 9,500 वर्ष पूर्व गुरु वशिष्ठ ने गायों के कुल का विस्तार किया था जिनका नाम कामधेनु, कपिला, देवनी, नंदनी, भौमा आदि था. नंदिनी गाय के प्रसंग मे राजा कौशिक (विश्वामित्र) ने धन के बदले में नंदिनी गाय मांगी थी जिसे प्राणों से प्रिय बताकर गुरु वशिष्ठ ने देने से इंकार कर दिया था. इसे अपना अपमान समझकर राजा कौशिक सेना को आदेश दिया की वो गुरु से नंदनी गाय छीन ले. मगर जैसे ही सैनिक नंदनी को ले जाने का प्रयास करते

वैसे गुरु वशिष्ठ की आज्ञा से अपनी योग माया दिखाती है और राजा की विशाल सेना का अकेले विध्वंस कर डालती है. वह राजा को भी बंदी बनाकर गुरु वशिष्ठ के सामने खड़ा कर देती है **Link**.

ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार गौ माता के पैरों में समस्त तीर्थ स्थल का वास माना गया है, जो व्यक्ति गाय के पैरों में लगी मिट्टी का नित्य तिलक लगाता है उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और विशेष फल की प्राप्ति होती है. वहीं **महाभारत काल के अनुसार** जो व्यक्ति सुबह जागने के बाद सबसे पहले गौ माता के दर्शन करता है उसकी कभी अकाल मत्यु नहीं हो सकती. **देशी गाय एवं गौमाता का आयुर्वेद, वैदिक और आध्यात्मिक महत्त्व समझने के बाद कुछ पूर्ण या चल रही वैज्ञानिक खोजो के आधार पर पंचगव्यो का महत्व समज लेते है. साथ इसके दैनिक जीवन में उपयोग में आनेवाले तत्वों का मूल्यांकन कर लेते है.**



- देशी गाय का दूध A2 प्रकार का होता है जिसमे स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाला तत्व बीसीएस 7 (बीटा केसोमोर्फीन 7) नहीं होता. वैज्ञानिक शोध अनुसार, A2 दूध में बीटा केसीन प्रोटीन होता है. A2 दूध से शरीर में प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है और नाड़ी तंत्र में किसी भी तरह की कमी को खत्म करता है. देशी गाय का दूध दिमाग, दिल, आँखों और शरीर के सभी अंगों के लिए बहुत ही लाभदायक है. हृदयघात की बीमारी में भी A2 दूध बहुत लाभकारी है **Link**. **होल्स्टीन, फ्रीजियन, जर्सी, ब्राउनस्विश, गर्नसी, जर्मन फ्लेवीह जैसी अन्य विदेशी नस्लों की गायो का दूध A1 प्रकार का माना जाता है जो स्वास्थ के लिए हानिकारक माना जाता है. देशी गाय के पंचतत्वों की तरह विदेशी नस्ल की गायो का कोई विशेष गुण नहीं है Link.**

- गाय के दूध में **कैरोटीन** पाया जाता है जो एक पीला पदार्थ होता है. इसी के कारण गाय का दूध हल्का पीला दिखाई देता है और ये कैरोटीन आंखों के लिए बहुत फायदेमंद होता है, क्योंकि इससे आंखों की रोशनी भी बढ़ती है और आंखों की खूबसूरती में भी इजाफा होता है. साथ ही बच्चों का बौद्धिक विकास करने में भी गाय का दूध प्रभावी रहता है और पाचन सम्बन्धी समस्याओं का निपटारा करने में भी गाय का दूध सर्वश्रेष्ठ साबित होता है.

- गोबर का सबसे बड़ा गुण कीटाणु नाशक है. इसमें हर प्रकार के कीटाणुओं को नष्ट करने की क्षमता है. इसलिए गावों में आज भी शुभ कार्य करने से पूर्व गोबर से लेपा जाता है. इससे पवित्रता व स्वच्छता दोनों बनी रहती है.

- गाय के गोबर मे नाईट्रोजन, फास्फोरस, पोटेशियम, आयरन, जिंक, मैग्निज, ताम्बा, बोरोन, मोलीब्डनम्, बोरेक्स, कोबाल्ट-सलफेट, चूना, गंधक,सोडियम आदि मिलते है. **गाय के गोबर में लगभग 16 प्रकार के उपयोगी खनिज तत्व पाये जाते है** इन तत्वों से जमीन उपजाऊ होती है और खेती समृद्ध होती है. गोबर के कीटनाशक गुण होने के कारण इससे फसलों की भी रक्षा होती है. एन्टिरेडियोएक्टिव एवं एन्टिथर्मल गुण होता है. कृषि में रासायनिक खाद्य और कीटनाशक पदार्थ की जगह गाय का गोबर इस्तेमाल करने से जहां भूमि की उर्वरता बनी रहती है, वहीं उत्पादन भी अधिक होता है. दूसरी ओर पैदा की जा रही सब्जी, फल या अनाज की फसल की गुणवत्ता भी बनी रहती है. जुताई करते समय गिरने वाले गोबर-गौमूत्र से भूमि में स्वतः खाद डलती जाती है.

- घांस खानेवाली और मैदानों में चरनेवाली गाय की बड़ी आँतो में **विटामिन B-12** की उत्पत्ति प्रचूर मात्रा में होती है पर वहाँ इसका पूर्ण आवशोषण नहीं हो पाता. अत: यह विटामिन गोबर के साथ बहार निकल आता है. इस गोबर का उपयोग पौधों और कृषि को खाद डालने से वह विटामिन B-12 ग्रहण करने में सक्षम बनता है. ऐसे शाकाहारी भी बिना माँसाहार, दूध या डेरी उत्पादक के अलावा पौधो और सब्जीयो से B-12 की कमी को दूर कर सकते है **Link**.

- गाय के दूध में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट्स, मिनरल्स और **विटामिन D** होता है जो रोग प्रतिरोधक क्षमता और मानसिक विकास में भी उपयोगी है. देशी गाय के गौमूत्र में कितने प्रकार के तत्व या नैसर्गिक केमिकल जो भिन्न भिन्न

बीमारियों के इलाज में उपयोगी है उसकी संकलित सूचि आर्टऑफलिविंग के **इस आर्टिकल में** दी गयी है.

- यज्ञ-हवन के दौरान गाय के दूध से बने घी की आहुति देने से आसपास के वातावरण में ऑक्सीजन का लेवल बढ़ता है और वातावरण की शुद्धि होती है. गोबर के कंडों से किये गये अग्निहोत्र से सूक्ष्मऊर्जा, तरगें, एवं पौष्टिक वायु वातावरण में नि:सृत होते है; जिसमें वनस्पतियों को पोषण प्राप्त होकर फसल में वृद्धि होती है. पशुधन के स्वास्थ्य में सुधार तथा दूग्ध की गुणवत्ता में और प्रमाण में वृद्धि होती है. इससे केचुएँ व मधुमक्खियों में भी वृद्धि पायी जाती है. अग्निहोत्र का भस्म एक उत्तम खाद एवं कीटनियंत्रक औषध बनाने में भी उपयोगी है.

- सर्पदंश, विषधर साँप, बिच्छु या अन्य जीव के काटने पर रोगी को गोबर पिलाने तथा शरीर पर गोबर का लेप करने से विष नष्ट होता है अति विषाक्त्ता की अवस्था में मस्तिष्क तथा हृदय को सुरक्षित रखता है. बिच्छु के काटने पर उस स्थान पर गोबर लगाने से भी उसके जहर की तीव्रता कम हो जाती है.

- आग से जल जाने पर गोबर का लेपन रामबाण औषधि है. ताज़ा गोबर का बार-बार लेप करते हुए उसे ठंडे पानी से धोते रहना चाहिए यह व्रणरोपण एंव कीटाणु नाशक है.

- गौमूत्र टीबी और कई प्रकार के कॅन्सर के उपचार के लिए भी एक बहुत अच्छी औषधि साबित हुयी है. यह शरीर में सेल डिवीज़न इन्हिबिटरी एक्टिविटी को बढ़ाता है और कैंसर के मरीज़ों के लिए बहुत लाभदायक सिद्ध हुयी है. भारत देश में कई स्वदेशी संस्थाओ द्वारा पंचगव्यो से टीबी, कॅन्सर जैसे गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए प्रयोग किया जाता है. गौमूत्र त्वचारोग, हृदय रोग तथा मधुमेह में भी रामबाण है. पेट के अल्सर, अस्थमा और लीवर की बीमारियों में भी इसका उपयोग किया जाता है.

- गौमूत्र में प्रति-ऑक्सीकरण की क्षमता के कारण डीएनए को नष्ट होने से बचाया जा सकता है. गौमूत्र से बनी औषधियों से भिन्न प्रकार के कैंसर,

ब्लडप्रेशर, आर्थराइटिस, सवाईकल हड्डी संबंधित रोगों का उपचार भी संभव माना जाता है.

- ब्राज़ील का डेरी उधोग भारतीय **नंदी (सांढ़)** की देंन है. ब्राजील देश ने हमारी देशी गायों का आयात और जतन कर अब तक अपने यहां गायों की संख्या लगभग 65 लाख कर ली है और इससे भी दोगुनी भारतीय देसी नस्ल की गायें उन लोंगो ने दूसरे देशों में निर्यात की है.

"Milk is White Poison" यानी दूध सफ़ेद ज़हर है यह वाक्य विदेशी गायो के दूध के संदर्भ में कहा जाता है, भारत की देशी गाय की नस्ल के लिए नहीं, क्योकि देशी गाय का दूध अमृत है. यह देश भारतीय देशी गायो को आयत कर तंदुरस्ती के लिए उनका दूध और अन्य तत्व ग्रहण करते है और भारत में विदेशी गायो के दूध का पावडर बनकर आता है जो पूतना के ज़हर समान अनेक रोग उत्पन्न करनेवला है. इस विषय पर छोटा लेख आपकी आँख खोलने के लिए काफी होगा. **Link.**

गौमूत्र के बारे में वैज्ञानिक रिसर्च और हिन्दू धर्म के अलावा म्यानमार देश जिसमे बौद्ध धर्म प्रचलित है वह पर भी देशी गाय के पंचतत्वों का महत्त्व और रोगो के इलाज में उसका इस्तेमाल होता है. **गौमूत्र के कॅन्सर से लेके अन्य प्रकार रोगो में उपयोगी होने की वैज्ञानिक रिसर्च पढ़ने के लिए यहाँ पर क्लिक करे. 2021 में** देशी गौमाता के **पंचगव्य से कोरोना मरीजो के ठीक होने का दावा** क्लीनिकल ट्रायल द्वारा राष्ट्रीय कामधेनु आयोग ने किया है जो भारतीय आयुष मंत्रालय के मापदंडो के अनुसार किए गए थे. इससे पंचगव्यो की उपयोगिता वैज्ञानिक आधार पर भी सिद्ध होती है.



ऐसा कहा जाता है की जिस समय जापान में हिरोशिमा और नागासाकी पर बम वर्षा की गयी थी तो उस समय जापान ने गाय के गोबर के लेपन का महत्व समझा था. उसके पश्चात वहां पर लोग अपने ओढ़ने की चादर को गोबर के घोल को छानकर उसके पानी में भिगोने के पश्चात सुखाकर ओढ़ते हैं. जिससे उनके स्वास्थ्य की रक्षा होती है तथा उसकी रोग निरोधक क्षमता भी बढ़ती है. रेडियोएक्टिव विकिरण का प्रतिकार करने में गोबर से पुती दीवारें पूर्ण सक्षम मानी जाती है. भारत के गांवों में आज भी एक परंपरा देखने को मिलती है. 1904 ई. में भारत की उन्नत कृषि पद्धति का अध्ययन करने के लिए **ब्रिटेन से आये कृषि वैज्ञानिक सर एलबर्ट** ने बड़ी सूक्ष्मता से अपने विषय का अनुसंधानात्मक अध्ययन किया और अपने निष्कर्षों को **"एन एग्रीकल्चरल टेस्टामेंट"** में लिखा. उनके लेख के अनुसार पूसा (बिहार) के आसपास के गांवों में उपजने वाली फसलें सभी प्रकार के कीटों से गजब की मुक्त थीं. किसानों की अपनी परंपरागत कृषि पद्धति में कीटनाशक जैसी चीजों के लिए कोई स्थान ही नही था.

स्व. राजीवभाई दीक्षित जी के गुरु धर्मपालजी द्वारा लिखित साहित्य में दिए गए प्रमाणों के अनुसार मुस्लिम शासन के समय गौवध अपवादस्वरूप ही होता था. अधिकांश शासकों ने अपने शासन को मजबूत बनाने और हिन्दुओं में लोकप्रिय होने के लिए गौवध पर प्रतिबंध लगाए. अंग्रेज और ईसाई ही वह आक्रमणकारी थे जिन्होंने भारत में गौवध को बढ़ावा दिया. अपने इस कुकर्म पर पर्दा डालने के लिए उन्होंने मुस्लिम कसाइयों की नियुक्ति बूचड़खानों में की. धर्मपालजी द्वारा दिए प्रमाणों से पता चलता है कि ब्रिटेन की रानी के निर्देशन पर मुस्लिम कसाइयों को नियुक्त करने की नीति अपनाई गई थी, जिसके कारण हिन्दू मुस्लिम में नफरत को बढ़ावा दिया गया जो आज भी उच्चतम स्तर पर है और उसका राजनीती में वोटबैंक के लिए इस्तेमाल होने के प्रबल दावे है.

ऋगवेद ने गाय माता को **अघन्या** कहा है, यजुर्वेद कहता है कि **गौ अनुपमेय** है. अथर्वेद में गाय को संपत्तियों का घर बताया गया है. स्कन्द पुराण के अनुसार गौ सर्वदेवमयी और वेद सर्वगौमय है. **तो हिन्दू वेद-पुराणों में जो गाय की महत्ता बताई गयी है वह उसके पंचगव्यो के दिव्य गुणों के कारण है** और वह किसी एक विशेष धर्म के लोगो को लाभ ना पहुंचाकर सभी धर्मो एवं समग्र मनुष्यजाति के लिए जीवनदायी है.

अपाने सर्वतीर्थानी गोमुत्रे जाह्नवी स्वंय।
अष्टऐश्वर्यमयी लक्ष्मी गोमय वसते सदा।।

गाय के मुख से निकली श्वास सभी तीर्थों के समान पवित्र होती है। तथा गौमूत्र में सदा गंगा जी का वास रहता है। और आठ ऐश्वर्यों से सम्पन्न लक्ष्मी गाय के गोबर में वास करती है।

https://www.bbc.com/hindi/science-39515061
गायों की डकार धरती के लिए खतरा - BBC News हिंदी
07-Apr-2017 ... इंसानों की तरह **गायों** को भी पेट के गैस की समस्या होती है. और उनकी **डकार** से जितनी ...

https://hindi.oneindia.com/news/international/burp-catching-mask-for-c...
गाय की डकार कर रही है दुनिया को गर्म, अब स्पेशल मास्क पहनाने की हो रही ...
01-May-2022 ... **गाय की डकार** से मीथेन गैस निकलती है, जो एक ग्रीन हाउस गैस है और इससे ग्लोबल ...

https://jantaserishta.com/science/cow-mask-the-world-is-heating-up-d...
Cow Mask: गाय की डकार से गर्म हो रही दुनिया, अब मास्क लगाने की तैयारी
01-May-2022 ... ऐसा इसलिए क्योंकि **गायों की डकार** से भारी मात्रा में मीथेन गैस निकलती है जो एक ...

https://navbharattimes.indiatimes.com/world/science-news/royal-collag...
Cow Mask: गाय की डकार से गर्म हो रही दुनिया, अब मास्क लगाने की तैयारी
01-May-2022 ... इस मास्क के जरिए **गायों** के मुंह से **डकार** के जरिए निकलने वाली मीथेन गैस को कार्बन ...

https://hindi.news18.com/news/knowledge/cow-burp-is-harmful-for-en...
बढ़ते प्रदूषण के लिए गायों की डकार है कितनी ज़िम्मेदार? - News18 हिंदी
05-Nov-2019 ... ग्रीनहाउस गैस के लिए गाय भी जिम्मेदार है. **गायों की डकार** से मीथेन गैस निकलती है ...

https://loksaakshya.com/2022/04/30/the-burping-of-cows-is-a-threat-t...
गायों की डकार वायुमंडल के लिए खतरा, सबसे ज्यादा मीथेन का करती है ...
30-Apr-2022 ... **गाय की डकार** के रूप में वायुमंडल में ये तत्व फैलते हैं। अब इसे रोकने के लिए ...

https://hindi.asianetnews.com/trending-news/cows-and-buffaloes-are-...
धरती के लिए कार से ज्यादा बड़ा खतरा हैं गाय और भैंस, इनकी डकार वायुमंडल ...
29-Mar-2022 ... धरती के वायुमंडल (Atmosphere) में मीथेन गैस (Methane Gas) की मात्रा बढ़ रही है और ...

गौमाता के श्वास के बारे में वैदिक संस्कृति में इतना महत्वपूर्ण कथन दिया गया है, वहाँ विज्ञान के नाम पे विदेशीयो द्वारा "गाय की डकार" के बारे में क्या कुतर्क चलाया जा रहा है वह भी पढ़िए. उनके अनुसार गाय की डकार से मीथेन गैस निकलती है जिससे पृथ्वी गर्म हो रही है. ऐसा कुतर्क देने के पीछे विदेशियों की क्या नीति हो सकती है उन कारणों का मूल्यांकन भी आगे करते है और पर्यावरण गर्म होने का असली कारण क्या हो सकता है वह भी जानने का प्रयास करते है.

भारतीय देशी गाय के पंचगव्यो की उपयोगिता जब वैज्ञानिक आधार पर सिद्ध की गयी है जो तरह- तरह के वाइरस, बैक्टेरिया की महामारी के सामने लड़ने में भी कारगर साबित हुआ है और बीमारियों को दूर करने में भी. भारतीय देशी गाय के दूध, दही, छाछ, मक्खन, गौमूत्र और गोबर के खेती, मानव शरीर को अनेको रोगो से मुक्त किया जा सकता है और उससे बचा भी जा सकता है. लेकिन यह सारी गुणों की बाते ऐसे कुतर्क के सामने नहीं लायी जायेगी और मुद्दा बस दोष को आगे रखने का चलेगा.

देश के सभी गाँव गाय के गोबर से बायोगैस प्लान्ट लगाकर घर में रसोई के लिए मुफ्त ईंधन, बिजली और खेत के लिए जैविक खाध का निर्माण कर देश की खेती को समृद्ध बना सकते है, बिना सरकार या सरकारी सब्सिडी पे निर्भर रखे गाँव के लोगो को आत्मनिर्भर बना सकते है तथा देश के बजट में जो खर्च दवाइयों और इलाज के पीछे किया जा रहा है उसे ना के बरोबर लाया जा सकता है. गैस और बिजली संकट के दौर में गांवों में आजकल गोबर गैस प्लांट लगाए जाने का प्रचलन चल पड़ा है. पेट्रोल, डीजल, कोयला व गैस तो सब प्राकृतिक स्रोत हैं, किंतु यह बायोगैस तो कभी न समाप्त होने वाला स्रोत है. जब तक गौवंश है, अब तक हमें यह ऊर्जा मिलती रहेगी.



दावों के गणित अनुसार एक गोबर गैस प्लांट से करीब 7 करोड़ टन लकड़ी बचाई जा सकती है, जिससे करीब साढ़े 3 करोड़ पेड़ों को जीवनदान दिया जा सकता है. साथ ही करीब 3 करोड़ टन उत्सर्जित कार्बन डाई ऑक्साइड को भी रोका जा सकता है, लेकिन जनकल्याण की ये सारी असली बाते या इस विषय पर अधिक चर्चा कोई भी मीडीया या अखबार में आपको देखने को नहीं मिलेगी. बस सभी देशो की जनता अपनी सरकार पर निर्भर रहे और आंतराष्ट्रीय स्तर पर यह विदेशी अपनी नीतिया बनाकर उनका व्यापारी समूह सरकारों को उनकी विदेशनीति अनुसार व्यापार करने के लिए अवसर देनेको बाध्य रहे इन कारणों से ऐसे कुतर्को को पैदा किये जाने के दावे किये जाते है.

गाय की डकार से धरती गर्म होने के ऐसे कुतर्को से हर एक देश में खेती के रासायनिक कृत्रिम खाध, बिजली और अन्य सुविधाओंके लिए लोग आत्मनिर्भर ना बने और गुलाम होकर विदेशी कंपनियों एवं देशो की सरकारों पर निर्भर रहे ऐसा वातावरण निर्माण करना उनका मकसद फलित होता है.

दावों के अनुसार, अपना वैश्विक एजेंडा चलने के लिए विदेशी ताकते किसी भी चीजों के गुण के बारे में बात ना कर केवल दोष की बात करने लगते है तथा उसे उतना प्रचारित करवाते है की अंधे की तरह उनकी नीतियों मे विश्वास करनेवाले व्यक्ति को यह सत्य मालूम होने लगता है. जिसे दोष बताया जा रहा होता है वह असल मे एक वैज्ञानिक कुतर्क भी हो सकता है इस बात से अनजान पढ़ा लिखा व्यक्ति भी इंटरनेट-मीडिया के माध्यम से जाने अनजाने कुतर्क को समर्थन देने लगता है. इंटरनेट या मीडिया द्वारा वैज्ञानिक कुतर्क के समर्थन में ऐसा माहौल विश्व में तैयार करवाया जा सकता है की झूठ भी सत्य प्रतीत होने लगता है.

गायो की डकार मे मीथेन गैस के कारण धरती गर्म होने का जो सर्टिफिकेट बांटा जा रहा है, वह मीथेन गैस ऊर्जा का बहोत स्वच्छ श्रोत माना जाता है, क्योकि मीथेन जलने के बाद कोई भी अवशेष बचता नहीं है और पर्यावरण में कोई ऐसा प्रदुषण नहीं होता जो कोयला और अन्य ईंधन जलाने पर धुएं से होता है. मतलब असली हमला प्राकृतिक ईंधन पर है और दूसरा निशाना विश्व की खेती, पशुपालन एवं डेरी उधोग से जुड़े व्यापार को नियंत्रित करने पर है, ऐसा प्रत्यक्ष रूप से फलित होता है. कुतर्क भी समझदारी से दिया जाता है, ताकी दुनिया के ईमानदार वैज्ञानिक सत्य प्रकाशित कर योजना की पोल ना खोल सके ऐसे दावे किये जाते है. तो विदेशी यह नहीं कह रहे की मीथेन गैस ख़राब है, लेकिन नैसर्गिक मीथेन गैस को जलाने पर जो गर्मी उत्पन्न होती है उससे पृथ्वी का पर्यावरण गर्म होने के दावे किये जाते है.

तो कुतर्क बस ऐसा दिया जाता है जिसपे घंटो चर्चा की जा सकती है और सालो तक उसका कोई अंत नहीं आ सकता है. स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा का मात्र एजेंडा चलाकर कुछ कथाकथित एजेंटो को लाभ देकर आंतराष्ट्रीय जनसमर्थन प्राप्त कराया जा सकता है. पृथ्वी आदि अनादि काल से है और इंसानो-जानवर की परस्पर जरुरत सालो से रही है, लेकिन विज्ञान का हवाला देकर अपना लाभ और योजनाए विश्व के देशो में केवल धन के प्रभाव से विदेशी संस्थाओ द्वारा चलाई जा रही है ऐसे दावे किये जाते है.

अब विदेशियों के कुतर्क अनुसार गायो की डकार से जो मीथेन गैस निकलती है उसका समाधान गायो को मास्क पहनाने से है ऐसा प्रकाशित किया जा रहा है. रिपोर्ट के मुताबिक, ये स्पेशल मास्क काफी अलग तरह का है. **जब गायों के मुंह से डकार निकलेगी, उस वक्त ये मास्क उस डकार में मौजूद मीथेन गैस को कार्बन डायऑक्साइड और जलवास्प में बदल देगा. पहले गाय की डकार मास्क में मौजूद एक कन्वर्टर तक पहुंचेगी और फिर इसे जलवाष्प और कार्बन डायऑक्साइड बनाकर**

वातावरण में छोड़ दिया जाएगा. रिपोर्ट के अनुसार इस मास्क की नोक पर एक सेंसर लगाया गया है, जो पता लगाता है कि गाय कब सांस लेती है और मीथेन का कितना प्रतिशत बाहर निकलता है. जब मीथेन का स्तर बहुत अधिक होता है तो मुखौटा ऑक्सीकरण तंत्र को एक्टिवेट कर देता है.

कोरोना काल में भी दुनिया में इंसानो के लिए दिया गया विचार की "अद्श्य वाइरस" कपडे के बने मास्क से रुक सकता है वह अपने आप मे हास्यास्पद है, लेकिन इसे भी विज्ञान का हवाला देकर लम्बे समय तक चलाया गया. मास्क के कपडे के छेद वाइरस से कई गुना बड़े होते है, जिसमे से कई वाइरस के कण हवा के साथ शरीर में आसानी से दाखिल हो सकते है. फिरभी कपड़ो के मास्क का प्रचार प्रसार कोरोना के समय में विशेष व्यक्ति और वैश्विक संस्थाओ द्वारा अधिक किया गया. जबकि अधिकतर वैज्ञानिक रिसर्च मास्क पहनने के अत्यंत घातक नुक्सान भी बता चुके है, जैसे शरीर में ऑक्सीजन की कमी और लम्बे समय तक उसे पहनने के के कारण ब्लैक फंगस जैसे हानिकारक बक्टेरिया का इन्फेक्शन और कैंसर जैसे रोगो को निमंत्रण.

अब ये गायो और पर्यावरण के हित के लिए कुछ नया लेकर आये है, जिसका समय के साथ पता चलेगा की मकसद क्या था और गायो की सेहद पर इसका क्या असर पड़ेगा. इतिहास देखे तो इन विदेशी संस्थाए जनहित के नाम पर ज्यादा अपने स्वार्थो की पूर्ति करती दिखी है. तो जहाँ **5%** फायदों के सामने जीवन और आरोग्य के लिए **95%** घातक नुक्सान हो सकते है और उसमे मास्क के केवल फायदे बताकर लोगो को नुक्सान के बारे में अनजान रखने में जनकल्याण का कोनसा हित समाया है यह विचार प्रत्येक व्यक्ति को करना जरुरी है. ऐसा ही सुरक्षा के नाम पे वाइरस के टीको के बारे में भी देखा गया है, जिसके लम्बे समय के प्रभाव दिखने के लिए समय की प्रतिक्षा की जानी चाहिए वहाँ इसके पूर्ण कारगर, प्रभावी और सुरक्षित होने के

अवैज्ञानिक दावे भी कुछ ही महीनो के भीतर लोगो के सामने किये गए है और दुष्प्रभावों को ना के बराबर प्रस्तुत किये जाने के आरोप लगे है. इसमें कौन से व्यक्तियों या संस्थाओ का फायदा है यह गहरे मनोमंथन करने का विषय है.



ठीक ऐसा ही कुतर्क **"माँ के दूध"** के बारे में सामने आया है जहाँ नवजात बच्चे के दूध को नैसर्गिक और अच्छा नहीं बताया गया. ये तो भारत का प्रश्न ना होकर समग्र विश्व की माताओ के लिए है, क्योकि सदियों से माताए अपना दूध अपने नवजात शिशु को पिलाती आयी है. आयुर्वेद के साथ आधुनिक मेडिकल विज्ञान भी इसका सालो से इसका समर्थन भी करता आया है. पर जब लेब से बना कृत्तिम दूध बाजार में लाने की बाते सामने आयी है, तो अब अपनी माँ का दूध बच्चो के लिए नैसर्गिक नहीं है ऐसा विज्ञान के नाम से प्रचारित कर जो माताए अपने बच्चो को दूध नहीं पिलाना चाहती उनकी कार्बन फुटप्रिंट ये लोग कम करके पर्यावरण को सुरक्षित रखेंगे. इस कारण से कृत्रिम दूध को भविष्य में अच्छा बताया जाएगा और इसके समर्थन में भी आपको बहुत सारे नामी लोग प्रचार मे उतरे दिख सकते है.

कृत्रिम दूध के अलावा भविष्य में संभवित कृत्रिम मांस या अन्य कृत्रिम चीजों का व्यापार करने के लिए लोगो को तरह तरह के प्रलोभन या वैज्ञानिक कुतर्क दिए जा सकते है. कोई "भूत वाइरस" फैलने का स्वांग रचकर नैसर्गिक चीजों को हानिकारक या दूषित बताकर विज्ञान के नाम से लोगो को कृत्रिम चीजों के उपयोग के लिए भविष्य मे प्रेरित किया जा सकता है. जानवर के शरीर या वनस्पति से कोई वाइरस

फैलने का कुतर्क देकर कृत्रिम केमिकल के माध्यम से वाइरस टेस्टिंग के नतीजों को पॉजिटिव या नेगिटिव बनाया जा सकता है तथा उसके जरिए किसी भी देश के खेती, पशुधन या व्यापार पर बायोवॉर द्वारा नियंत्रण पाया जा सकता है. इस तरह मानव या जीव सुरक्षा का नाम लेकर व्यापारिक लाभ हेतु किसी भी देश मे कुछ भी नियंत्रित या बर्बाद किया जा सकता है. इसीलिए वर्तमान समय मे वैज्ञानिक कलरबाजी से सावधान रहने की और विज्ञान के नाम से सामने लायी जा रही चीज वस्तुओ को ईमानदार व्यक्ति एवं विशेषज्ञों से चर्चा कर उपयोग करना सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक बताया जाता है.



नजदीकी भविष्य में अगर वनस्पति-जानवर के जीन एडीटिंग की तकनीक से तैयार करवाए गए जी.एम.ओ बीज (Genetically Modified Organisms- GMO), फोर्टीफ़िएड (Fortified) नामसे सामने लायी जा रही किसी भी चीज जो फायदा बताकर प्रचारित की जाए तो उसे ईंमानदार और अनुभवी वैज्ञानिक के समूह द्वारा जांच परख करवाके ही उपयोग में लाने का विचार करना चाहिए, वरना ये सेहद के लिए खतरनाक और शरीर के लिए गंभीर समस्याए पैदा कर सकता है. इनके प्रचार से विदेशीयो के बड़े घ्येय की पूर्ति हो सकती है जो सामान्य व्यक्ति के समज से परे होती है और नयी टेक्नोलॉजी के बारे में भी अधिकतर साक्षर व्यक्ति भी अनजान होते है. लेकिन धोखे से विज्ञान के नाम से प्रचारित की जा रही वस्तु को वह अच्छा ही समझता है, जिसके परिणाम सालो के बाद भोगने पड सकते है. **जानकारी अनुसार, भारत में जी.एम.ओ (Genetically Modified Organisms- GMO) के खिलाफ महाराष्ट्र के डॉ. विलास जगदाले क़ानूनी लड़ाई लड़ रहे है.**



वर्ल्ड हेल्थ ओर्गेनाइज़ेशन (World Health Organization- WHO), वर्ल्ड इकनोमिक फोरम (The World Economic Forum- WEF), इंटरनेशनल मोनेटरी फंड (The International Monetary Fund- IMF) या वर्ल्ड बैंक (World Bank) की तरफ से कोई संधि (ट्रीटी- Treaty) देश के लिए आती है तो देश के नागरिको को इसकी अच्छे से जांच पड़ताल करनी चाहिए की यह देश के संविधान के हित में है या नहीं और संधि के नाम पर नागरिको के मुलभुत अधिकारों को छीनना इनका मकसद तो नहीं?. वरना विदेशी संस्थाओ द्वारा अपने फायदे की नीतिया किसी देश पर संधि के नाम से लागू करवाकर देश को गुलाम बनाने का प्रयास हो सकता है.

विश्व के जलवायु में बड़ा परिवर्तन केवल नैसर्गिक होता है यही अधिकतर लोग सोचते है, परंतु विकसित वैज्ञानिक तकनिक से इसमें मानवीय हस्तक्षेप संभव माना जाता है. ऐसी ही एक टेक्नोलॉजी का नाम है **HARPP (High Frequency Active Auroral Research Program)**. यह "हाई फ्रीक्वेंसी एक्टिव एरोरल रिसर्च प्रोग्राम" की विशेषता यह मानी जाती है की **इस तकनीक में विद्युत चुंबकीय तरंगें वायुमंडल में उच्च आवृत्ति के तहत छोड़ी जाती है, जिससे वायुमंडल का एक सीमित हिस्सा नियंत्रित किया जा सकता है. इससे बाढ़ तक की स्थिति पैदा की जा सकती है या फिर तूफान भी लाया जा सकता है. साफ है कि इसे विश्व के पर्यावरण को नियंत्रित करके उसे हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है.** इसकी अधिक जानकारी **हिंदी** और **अंग्रेजी** के इस आर्टिकल से ली जा सकती है. इस तरह टेक्नोलॉजी का अच्छा या बुरा उपयोग किसी के भी द्वारा किया जा सकता है. विदेशीयो द्वारा ऐसी ही किसी तकनीक का इस्तेमाल किसी भी देश की खेती, हवामान में परिवर्तन कर बाढ़, सूखे और तूफान की स्थिति पैदा करके देश की अर्थव्यवस्था को नुक्सान पहुंचा कर आर्थिक रूपसे कंगाल बनाने के लिए अथवा देश के साधनो को नुक्सान पहुंचाने के लिए किया जा सकता है जिसके बारे मे हर व्यक्ति को सोचने की आवश्यकता है.

अधिकतर पढ़े लिखे लोगो को इसकी जानकारी ना होकर घटनाओ को ढकने के लिए धरती गर्म या ठंडी होने के कोई वैज्ञानिक कुतर्क से भ्रमित कर किसी वस्तु, जानवर, व्यक्ति या संस्था पर पर्यावरण को दूषित, गर्म या ठंडा करने का आरोप लगाकर एक तीर से कई निशान साधे जा सकते है. देशो में जनता का ध्यान बटाने के लिए टीवी मीडिया या सोशियल मीडिया के माध्यम से सामजिक, राजकीय या अन्य मुद्दों पर लोगो का ध्यान भटकाकर मूल कार्य भ्रष्ट व्यक्तियो या संस्था द्वारा परदे के पीछे से करवाया जा सकता है. इसीलिए कथाकथित वाइरस, बीमारी और इलाज यह तीनो चीजों की ठीक से जांच परख कर लोगो को सजाग रहने की आवश्यकता है और मुख्य मीडिया के अलावा ईमानदार डॉक्टर, वैज्ञानिक एवं विशेषज्ञों के संगठन द्वारा दिए गए अभिप्राय, तर्क और सबूत के आधार पर ही उसपे विश्वास करना चाहिए. ऐसे कुछ संगठन और संस्थाए है जैसे **यूनिवर्सल हेल्थ आर्गेनाईजेशन (UHO), अवेकन इंडिया मूवमेंट (AIM), इंडियन बार एसोसिएशन (IBA)** जिससे आपको सत्य की जानकारी मिल सकती है जो अन्य जगहों पर मुश्किल से मिलने की संभावना है.

विश्व के जागृत व्यक्तियों के ध्यान में कुछ ऐसी वैज्ञानिक तकनीक और खोज सामने आयी है, जिसकी पेटन्ट अप्लाई की गयी है और पुरे विश्व के ऊपर इसका सदुपयोग या दुरूपयोग दोनों संभव है. पेटन्ट नंबर देखे और इंटरनेट पे खोजे की कितनी खोजो पे सरकारो द्वारा ऐसी टेक्नोलॉजी पे पेटन्ट को मान्यता दी गयी है.



ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा अंग्रेज व्यापार और उदारीकरण का बहाना लेकर ही भारत आये थे और षड्यंत्र से अनजान देश सालो तक अंग्रेजो का गुलाम रहा. हमें ये कभी नहीं समझना चाहिए की हमारे या अन्य कोई देश पर किसी अदृश्य आक्रमण का खतरा नहीं है. **हर बार एक ही तरह गोली, बंदूक या बारूद से आक्रमण हो यह जरुरी नहीं, ये वाइरस, बीमारी या दवाई के स्वरुप में बायोवॉर की तरह भी हो सकता है.** नैनो टेक्नोलोजी और इंटरनेट के माध्यम से भी आक्रमण संभव है, इसीलिए देश के हर नागरिक को अपने परिवार की रक्षा के लिए हमेशा जागृत रहना जरुरी है.

अपनी मूल संस्कृति भूल चुके कुछ भारतीय, स्व. राजीव दीक्षित जी की भाषा में विदेशी शिक्षा प्राप्त शरीर से भारतीय, परंतु मनसे अंग्रेज हो चुके कुछ लोग, दुष्प्रचार से भ्रमित हुए जनसमूह और अनिष्ट विदेशी ताकते जानबूजकर धर्म और विज्ञान के नाम पे कुतर्क देकर देशो की मूल संस्कृति को नष्ट करने का काम सालो से करते दिख रहे है. क्योकि भारत एक कृषि-प्रधान देश है और यही भारत की आय का मुख्य स्रोत है. गाय के बिना किसान व भारतीय कृषि अधूरी है. प्राचीन भारत में गाय समृद्धि का प्रतीक मानी जाती थी. **युद्ध के दौरान स्वर्ण, आभूषणों के साथ गायों को भी लूट लिया जाता था. जिस राज्य में जितनी गाएं होती थीं उसको उतना ही संपन्न माना जाता था. किंतु वर्तमान परिस्थितियों में किसान व गाय दोनों की स्थिति हमारे भारतीय समाज में दयनीय है.**

एक समय वह भी था, जब भारतीय किसान कृषि के क्षेत्र में पूरे विश्व में सर्वोपरि था जिसका कारण केवल गाय थी. भारतीय गाय के गोबर से बनी खाद ही कृषि के लिए सबसे उपयुक्त साधन थे. खेती के लिए भारतीय गाय का गोबर अमृत समान माना जाता था. इसी अमृत के कारण भारत भूमि सहस्रों वर्षों से सोना उगलती आ रही है. किंतु हरित क्रांति के नाम पर सन् 1960 से 1985 तक रासायनिक खेती द्वारा भारतीय कृषि को अधिकतर नष्ट कर दिया गया है. अब खेतों

से कैंसर जैसी बीमारियों की उत्पत्ति होती दिखती है. रासायनिक खेती ने धरती की उर्वरा शक्ति को घटाकर बांझ जैसा बना दिया है. **गाय के गोबर में गौमूत्र, नीम, धतूरा, आक आदि के पत्तों को मिलाकर बनाए गए नैसर्गिक कीटनाशक द्वारा खेतों को किसी भी प्रकार के कीड़ों से आसानी से बचाया जा सकता है**. आधुनिक विकास के नाम पर विदेशी लोगों ने सभ्यता-संस्कृति के साथ ही हमारी धरती को भी अधमरा कर नष्ट होने की कगार पर खड़ा कर दिया है.

इसलिए गाय की रक्षा से जैविक खेती और मनुष्य के स्वास्थ दोनों की रक्षा हो सकती है. गौमाता साक्षात् ईश्वर का वरदान है और इसे भारत का राष्ट्रीय पशु बनाकर ही जतन किया जा सकता है जो सभी धर्म के लोगो के लिए हितकारी है. इतने दिव्य गुणों की वैदिक, वैज्ञानिक साबिती के बाद अगर गौमाता को कत्तलखानो का मुँह देखना पड़े तो ये हिन्दू धर्म और देश का दुर्भाग्य है. देश में आज कुछ गिनी चुनी संस्थाए या कुछ संख्या में व्यक्ति या सच्चे गौरक्षक है जिन्होंने गौमाता का पालन और जतन कर सनातन संस्कृति को बचा के रखा है. स्व. राजीव दीक्षित जी और उनके अनुयायी **"भारत बचाओ आंदोलन"** संस्था के द्वारा और ऐसी अन्य कुछ सेविक संस्थाए है जो गौमाता के लिए अपने स्तर पर लड़ाई लड़ रहे है जिनके कार्यो को नमन है. **श्री. उत्तम महेश्वरी जी** ने भी गौमाता, पंचगव्यो और आयुर्वेद का जो विशेष महत्त्व देश-दुनिया को बताया है वह सराहनीय है. रस्ते पर भटकती निराश्रित गाय और उसके साथ आत्महत्या कर रहे भारतीय किसान की दुर्दशा दोनों भारत के लिए कलंक के समान है, जिसके दिए देश के सभी लोगो को आगे आकर इसे मिटाने का प्रयास करना चाहिए. **गौमाता केवल हिन्दुओ के लिए नहीं, परंतु सभी धर्म एवं मानवजात के लिए उपयोगी है क्योकि अगर गाय बचेगी तो ही खेती, मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण, देश और विश्व बचेगा.**

एलोपैथी, होमियोपैथी, आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का मूल्यांकन

एलोपैथि (Allopathy) मूल ग्रीक भाषा का मूल शब्द है जो दो शब्दों को जोड़कर बना है जिसका अर्थ होता है - **Allo** मतलब **"अन्य या दूसरी"** तथा **Pathy** का अर्थ है **"चिकित्सा पद्धति"** यानी इसका पूरा मतलब है **"इलाज की अन्य चिकित्सा पद्धति"**, जिसे आज अंग्रेजी में मॉडर्न मेडिकल प्रेक्टिस या ऐलोपैथी **(Allopathy)** कहा जाता है. **वर्ष 1810 में जर्मनी के होमियोपैथिक चिकित्सक सेम्युअल हैनिमेन (Samuel Hahnemann) ने पहली बार ऐलोपैथी शब्द का इस्तेमाल किया था.** ग्रीक भाषा में पैथॉज **(Pathos)** का मतलब होता है बीमारी. लेकिन **एलॉपथी का मूल जनक 400 ईसा पूर्व ग्रीस के एथेंस शहर में रहने वाले "हिप्पोक्रेट्स" को माना जाता है** जो ग्रीक के जानीते चिकित्सक थे.

इसतरह एलोपैथि चिकित्सा पद्धति का मूल **2600** वर्ष पुराना माना जाता है जो पिछले कुछ वर्षो से विश्व की अधिकतर सरकारों के प्रोत्साहन, वैज्ञानिक रिसर्च, दवा के व्यापार और धंधाकिय हेतु से किये गए धन निवेश के कारण आधुनिक चिकित्सा के रूप में विकसित हुआ है.

ऐलोपैथी में बीमारी के लक्षण से विपरीत यानी उसे दबाने की दवा दी जाती है. उदाहरण के रूप में शरीर का तापमान बढ़ने पर लक्षणों के अनुसार मरीज को बुखार घटाने की दवा दी जाती है. तो ऐलोपैथी में दवाइयों के माध्यम से "बीमारी के लक्षण" का इलाज किया जाता है, लेकिन इसमें बीमारी को जड़ से नहीं मिटाया जा सकता. इसीलिए किसी ऐलोपैथी चिकित्सक को आपने बीमारी को ठीक करने का दावा करते नहीं सुना होगा, क्योकी यहाँ चिकित्सा के मूल सिद्धांत में बीमारी की जड़ का नहीं, बल्की लक्षणों का उपचार किया जाता है जो आयुर्वेद से बिलकुल भिन्न है. ऐलोपैथी लक्षणों को ठीक करने में कारगर है जिससे रोगी को तुरंत आराम मिल सकता है, परंतु मूल रोग शरीर से दूर ना होकर लक्षणों का इलाज करते समय दी गयी दवाई की साइड इफ़ेक्ट या प्रतिकूल घटनाये हो सकती है. ऐलोपैथी में लगभग सभी दवाइयों के छोटे बड़े साइड इफेक्ट होते हैं जो पेथी द्वारा स्वीकार्य भी है. तो एलोपैथी से बीमारी को सिर्फ संभाला जा सकता है, लेकिन यह विशेषकर आपत्तिकाल में शीघ्र आराम हेतु मददगार सिद्ध हो सकती है.

सूक्ष्म में देखे तो एलोपैथी दवा रोगो को नहीं केवल लक्षणों को नियंत्रण में रखने के काम में आती है और रोग के दर्द से तुरंत आराम भी पहोचाती है. परंतु कुछ खास रोगो में जीवनभर वह दवाई मरीज को खानी पड़ती है और रोग वही का वही शरीर में बना रहता है. इस बड़े मुनाफे के कारण भी बड़ी कंपनिया एलॉपथी में निवेश करती है. ऐलोपैथी चिकित्सा महंगी और इसमें अधिक मुनाफा होने के कारण अधिकतर डॉक्टर भी ऐलोपैथी में ही अपनी कारकिर्दी बनाने का स्वप्न देखते है.

होमियोपैथी (Homeopathy) चिकित्सा पद्धति की शुरुआत 1796 में सेम्युअल हैनिमेन (Samuel Hahnemann) द्वारा जर्मनी से हुई. होमियोपैथी शब्द भी दो ग्रीक शब्दों को जोड़कर बनाया गया है. इनमेसे एक शब्द है "होमोइस" जिसका मतलब है

"समानता" और दूसरा शब्द है "पेथोस" जिसका मतलब है **"बीमारी या पीड़ा"**. होमियोपैथी का अर्थ होता है **"समानता के नियमानुसार दी जाने वाली दवाई"**. उदाहरण के तौर पर "जहर जहर को मारता है", "लोहा को लोहा काटता है" वाला नियम या "विष ही विष की औषधि" है. **मतलब होमियोपैथी में दी जानेवाली दवाये उन रोगों के समान होती है जो उन बिमारियों को दूर करती है, जिन्हें वे पैदा कर सकती है.** होमियोपैथी दवा के लिए पौधे और खनिजों जैसे प्राकृतिक पदार्थों का इस्तेमाल किया जाता है जो एक तरह से प्राकृतिक तत्वों द्वारा की जानेवाली नैसर्गिक चिकित्सा कही जा सकती है. इसमें मूल उपचार फूलों-पौधों या औषधीयो के स्रोतों द्वारा लिए गए अर्क से किया जाता है जो आल्कोहोल में घुले होते हैं.

होमियोपैथी का मानना है कि शरीर के अंदर एक महत्वपूर्ण शक्ति है जो कई बाहरी और आंतरिक कारकों से प्रभावित होती है. समान और कमजोर पड़ने के जुड़ने के सिद्धांतों में होम्योपैथी में दवाओं का आधार होता है और चिकित्सक रोगी के लक्षणों के आधार पर दवाइयाँ निर्धारित करता है. होमियोपैथी चिकित्सा का सूक्ष्म ध्येय यह है कि अधिक मात्रा में शरीर में जाने पर स्वस्थ व्यक्ति में हानिकारक लक्षण उत्पन्न करने वाले पदार्थ यदि बीमार व्यक्तियों को कम खुराक में दिए जाए तो समान हानिकारक लक्षणों को ठीक कर सकते हैं.

आयुर्वेद (Ayurved) मूल संस्कृत भाषा का शब्द है जो दो शब्दों के संयोग से बना है– आयुः + वेद. "आयु" अर्थात **लम्बी उम्र (जीवन)** और शाब्दिक भाषा में "वेद" अर्थात **विज्ञान**. अतः आयुर्वेद का शाब्दिक अर्थ जीवन का विज्ञान है जिसे अंग्रेजी में सायन्स ऑफ़ लाइफ (Science of Life) कहा जाता है. प्राचीन आचार्यों की व्याख्या अनुसार **आयुर्वेद का अर्थ मात्र चिकित्सा ना होकर बहुत व्यापक है जिसमे "शरीर, इंद्रिय, मन तथा आत्मा के संयोग" को आयु कहा है.** मात्र

चिकित्सापद्धति के अनुसार इसे आयुर्विज्ञान का नाम दिया जाता है. विज्ञान के रूप में आयुर्वेद ना केवल भारत, बल्की पुरे विश्व की सबसे प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति है. आयुर्वेद के पूर्ण ग्रंथ "चरकसंहिता" की रचनाकाल के समय अनुसार आयुर्वेद का लिखित इतिहास 3000 साल पुराना है, लेकिन ये ज्ञान सदियों से गुरु-शिष्य परंपरा अनुसार मौखिक रूप में अस्तित्व में रहा है, जो ऊपर के लेख में विस्तार से बताया गया है. **ऋग्वेद को सिर्फ भारत की नहीं, बल्की दुनिया की सबसे प्राचीन धार्मिक पुस्तक होने का गौरव प्राप्त है.**

अथर्ववेद में **114** श्लोक ऐसे हैं, जो आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज का जिक्र करते हैं. अथर्ववेद में कई प्रमुख बीमारियों के बारे में बताया गया है जैसे बुखार, खांसी, पेट दर्द और स्कीन की बीमारियां. इन बीमारियों का इलाज कैसे करना है, इसके बारे में अथर्ववेद में उल्लेख मिलता है. इसके अलावा ऋग्वेद में भी **67** औषधियों का उल्लेख मिलता हैं. यजुर्वेद में **82** औषधियों का उल्लेख दिया गया है और सामवेद में आयुर्वेद से सम्बन्धित कुछ मंत्रों का वर्णन प्राप्त होता है.

वेद मानव सभ्यता के लगभग सबसे पुराने लिखित दस्तावेज हैं. वेदों की 28,000 पांडुलिपियां भारत में पुणे के "भंडारकर ओरिएंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट" में रखी हुई हैं. इनमें से ऋग्वेद की 30 पांडुलिपियां बहुत ही महत्वपूर्ण हैं जिन्हें यूनेस्को ने विरासत सूची में शामिल किया है. यूनेस्को ने ऋग्वेद की 1800 से 1500 ई.पू की 30 पांडुलिपियों को सांस्कृतिक धरोहरों की सूची में शामिल किया है.

उल्लेखनीय है कि यूनेस्को की 158 सूची में भारत की महत्वपूर्ण पांडुलिपियों की सूची 38 है. ऋग्वेद के बाद यजु, फिर साम और बाद में अथर्व लिखा गया ऐसा इतिहास की खोज में सामने आया है.

तो अगर वेदो में आयुर्वेद के वर्णन अनुसार समयकाल की गिनती करे तो आयुर्वेद का लिखित इतिहास 3500-3800 वर्ष पुराना मान सकते है, पर अगर वेद और आयुर्वेद के मौखिक इतिहास की बात करे तो यह पृथ्वी की उत्पति के बाद मानवजाती के साथ ही विकसित हुआ माना जा सकता है जिसमे मर्म चिकित्सा भी शामिल है. मर्म शास्त्र और मर्म चिकित्सा का वर्णन आगे लेख में विस्तार से दिया गया है.

आयुर्वेद चिकित्सा पद्दति के सिद्धांत की बात की जाए तो यह "यथा पिण्डे तथा ब्रह्मांडे" अर्थात जो पिंड (शरीर) में है वही ब्रह्मांड में है इस नियम पर आधारित है. जिन पांच तत्वों (जल, वायु, अग्नि, पृथ्वी और आकाश) से यह ब्रह्मांड निर्मित है, उन्ही पांच तत्वों से यह पिंड (शरीर) भी बना है. इस प्रकार जो कुछ ब्रह्मांड में है, वही सब शरीर में भी अवस्थित होता है - ''यत् पिण्डे तद् ब्रह्मांडे''. इसलिए इस पिण्ड को ब्रह्मांड का लघु रूप भी कहा जाता है. इसी सत्यता के आधार पर आयुर्वेद में त्रिदोष सिद्धांत काम करता है. उदाहरण के तौर पर अगर ब्रह्मांड में वायु यानी पवन तेजी से चलने लगे तो चक्रवात की स्तिथि पैदा होगी, अगर सूर्य अधिक गर्मी छोड़ने लगे तो पृथ्वी गर्म होकर सब जलाने लगेगी या चन्द्र सूर्य से अधिक ठंडा हो तो पृथ्वी बर्फ से ढक जायेगी. ठीक इसी प्रकार जो ब्रह्मांड के तत्व शरीर में स्थित है उनके बिच जब असंतुलन पैदा होता है तब बीमारी जन्म लेती है. **शरीर में वायु का मतलब "गति" है. पित्त का मतलब "गर्मी" है और कफ का मतलब "शीतलता" है**. इसलिए निरोगी रेहनेके लिए शरीर में वात, पित्त और कफ (त्रिदोष) का संतुलन आवश्यक है.

वात, पित्त और कफ के त्रिदोष सिद्धांत अनुसार आयुर्वेद बीमारी का जड़ से इलाज करता है जहाँ से रोग उत्पन्न होता है. आयुर्वेद पूर्ण रूपसे नैसर्गिक चिकित्सा है, जिसमे इलाज के लिए औषधो को चूर्ण, प्रवाही या अन्य स्वरूपो से रोगी को दिया

जाता है. **तो अगर कोई चिकित्सा पद्धति पुरे विश्व में है जो सम्पूर्ण रूपसे प्राकृतिक और जड़मूल से साध्य बीमारी का इलाज कर सकती है तो वह केवल आयुर्वेद ही है.** मतलब, आयुर्वेद पद्धति ना केवल बीमारी के लक्षणों को ठीक करती है पर जो कारण उसके जन्म का मूल है उसे ठीक करती है. दूसरी इसकी खूबी यह है की बीमारिया शरीर में आने से पहले ही प्राकृतिक रूपसे अपनी रोगप्रतिकारक क्षमता को बढाकर और बिना शरीर को कोई हानी पहुंचाए स्वस्थ रखने के लिए आयुर्वेद चिकित्सा उपयोग में ली जा सकती है.

आयुर्वेद, होमियोपैथी, एलॉपथी के साथ अन्य चिकित्सा पद्धतियों का संक्षिप्त में इतिहास आपको यह तथ्य आसानी से समझने में मदद करेंगे.

प्राचीन भारत में आमतौर पर गंभीर अपराधों में सजा के तौर पर अपराधी के नाक-कान काट दिए जाते थे. इसके बाद सजा पानेवाला अपराधी चिकित्सा विज्ञान की मदद से नाक वापस पाने की कोशिश करता था. उस समय **सर्जरी के जनक माने जाने वाले सुश्रुत ऋषि नाक वापिस जोड़ने की सर्जरी सफलतापूर्वक किया करते थे.** उन्होंने ग्रंथ मे लिखा है कि नाक की सर्जरी कैसे हो और किस तरह से स्किन ग्राफ्टिंग की जा सकती है. संहिता में लगभग 300 तरह की सर्जिकल प्रक्रियाओं का उल्लेख प्राप्त होता है. इसमें कैटरेक्ट, ब्लैडर स्टोन निकालना, हर्निया और यहां तक कि सर्जरी के जरिए प्रसव करवाए जाने का भी जिक्र मिलता है.

आज जिस एलॉपथी को हम आधुनिक चिकित्सा कहते है और सर्जरी के लिए अत्यंत उपयोगी विज्ञान मानते है उसके जनक महान सुश्रुत ऋषि ही थे. आज उनके ज्ञानसे ही पूरी दुनिया लाभान्वित हुयी है और उनके ही सर्जरी के ज्ञान को तकनिकी मदद से आधुनिक विज्ञान के नाम से आज विकसित किया गया है.

सुश्रुत संहिता में जिक्र है कि गालों या माथे से नाक के बराबर की चमड़ी काट कर कैसे उसका सर्जरी के दौरान इस्तेमाल किया जाता था. सर्जरी के बाद किसी तरह का संक्रमण रोकने के लिए औषधियों के इस्तेमाल की सलाह दी जाती थी. इसके तहत नाक में औषधियां भरकर उसे रूई से ढंक दिया जाता था.



सुश्रुत संहिता का 8 वीं सदी में अरबी भाषा में अनुवाद हुआ, जिसके बाद ये पश्चिमी देशों तक पहुंचा. 14 वीं और 15 वीं सदी में इटलीवालों को इसकी जानकारी हुई. भारत में आधुनिक चिकित्सा पद्धति यानी ऐलोपैथी का इस्तेमाल 16 वीं सदी से शुरू हुआ था. तब पश्चिमी भारत के तटीय इलाकों पर पुर्तगाल का कब्जा था और पुर्तगाल से भारत आने वाले जहाजों में व्यापारियों के साथ डॉक्टर भी हुआ करते थे. पुतर्गाल से आए इन डॉक्टरों के माध्यम से ही भारत में ऐलोपैथी पद्धति का इस्तेमाल शुरू हुआ. 16 वीं सदी तक भारत में इलाज की पश्चिमी पद्धतियां इस्तेमाल नहीं होती थी. उस समय आचार्य, वैद्य, ऋषि और हकीम लोगों का इलाज करते थे और उन्हें भगवान तुल्य माना जाता था.

एलोपैथिक तरीके से इलाज कराने के लिए अंग्रेजों ने भारत में बड़े स्तर पर अभियान चलाया. कहा जाता है कि तब आचार्य और वैद्यों ने इसका विरोध भी किया, लेकिन अंग्रेजों ने इस विरोध को डर दिखाकर दबा दिया. वर्ष 1785 में ईस्ट इंडिया कम्पनी ने बंगाल, मद्रास और बॉम्बे प्रेजिडेंसी में मेडिकल विभाग का गठन किया. फिर वर्ष 1869 में इन तीनों मेडिकल विभागों को मिला कर इंडियन मेडिकल सर्विस की स्थापना की गई, जिसका उद्देश्य था इलाज के पश्चिमी तौर तरीकों को भारत में प्रोत्साहित करना और लोगों में इसके प्रति जागरुकता बढ़ाना. पश्चिमी भारत के तटीय इलाकों में पुर्तगालियों का लम्बे समय तक शासन रहा.

वर्ष 1860 तक गोवा पुर्तगाल के ही अधीन था. उस दौरान वर्ष 1840 में पुतर्गालियों ने गोवा मेडिकल कॉलेज की स्थापना की थी. अंग्रेजों ने भी ऐसा ही एक मेडिकल कॉलेज मद्रास में 1835 में बनाया था. इन संस्थानों में लोगों को मॉडर्न मेडिकल साइंस के बारे में पढ़ाया जाता था. ये उस दौर की बात है, जब भारत में बड़े अस्पताल नहीं होते थे और देश की अधिकतर आबादी अनपढ़ और गांवों में रहने वाली थी. तब लोग बाहर से पढ़ कर आए विदेशी डॉक्टरों से ज्यादा अपने वैद्य या हकीम पर ही भरोसा करते थे. लेकिन अंग्रेजों ने भारत में ऐलोपैथी का हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर **(Health Infrastructure)** खड़ा किया और लोग डॉक्टरों के पास इलाज के लिए जाने लगे.

आयुर्वेद, योग, सिद्ध चिकित्सा पद्धति, यूनानी पद्धति, होमियोपैथी, नेचरोपैथी को इस्टर्न मेडिसिन्स (Eastern Medicines) यानी पूर्वीय देशों से आई इलाज की पद्धति या वैकल्पिक दवाएं (Alternate Medicines) कहा जाता है.

एलोपैथी को भले ही आज के समय में कंप्यूटर और इंजीनियरिंग के समन्वय से आधुनिक चिकित्सा की उपाधि मिली हो और सर्जरी की विशेषता से उसका प्रचार बढ़ा हो, **लेकिन अगर चिकित्सा पद्धति के सिद्धांतो का मूल्यांकन करे जो रोगो को जड़ से मिटा सकती है तो वह केवल आयुर्वेद ही है**. भले ही आज आयुर्वेद वैकल्पिक चिकित्सा के नाम से जाना जाता हो पर आरोग्य और उपयोगिता की दृष्टि से देखे तो आयुर्वेद ही पूर्ण प्राकृतिक और मुख्य चिकित्सा कही जा सकती है. **होमियोपॅथी भी नैसर्गिक होने के कारण आयुर्वेद के बाद दूसरी श्रेष्ठ पद्धति गिनी जा सकती है, क्योकी होमियोपैथी भी आयुर्वेद की तरह प्राकृतिक पद्धति है जो नैसर्गिक औषधो का उपयोग करती है.** नैसर्गिक होने के बावजूद होमियोपैथी में मात्र एक त्रुटि गिनी जा सकती है की उसमे वात, पित्त, कफ जैसी प्रकृतियो का गहरा सिद्धांत नहीं है, परंतु

अपनी प्रकृति के अनुसार यह असर करनेवाली हो तो रोग पर खुद के अनुभव से परखी जा सकती है. नैसर्गिक होने के साथ डॉक्टर के परामर्श से निर्धारित मात्रा ली जाए तो यह साइड इफ़ेक्ट से मुक्त इलाज दे सकती है और रोगी के लिए प्रभावी सिद्ध हो सकती है.

मेरी दृष्टि से एलोपैथी का उपयोग मात्र सर्जरी और आपत्तिकाल में करना श्रेष्ठ है. शरीर के रक्त या अंगो की फोटग्राफी द्वारा जांच कराने, सर्जरी या अपवादित रूप में असाध्य रोग में असह्य पीड़ा से ग्रसित व्यक्ति के लिए भी यह उपयोगी सिद्ध हो सकती है. लेकिन दैनिक जीवन में प्रथम आयुर्वेद और द्वितीय क्रम में होमियोपैथी का उपयोग भी व्यक्ति की प्रकृति अनुसार चिकित्सापद्धति के गुणों की दृष्टि से श्रेष्ठ है.

योग-प्राणायाम, नेचरोपैथी मे भी प्राकृतिक तरीके से इलाज होता है जिसका कुछ हिस्सा आयुर्वेद की ऋतुचर्या से मिलता है वह भी आरोग्य के लिए हितकारी है. सिद्ध चिकित्सा भारत के तमिलनाडु राज्य की की एक पारम्परिक चिकित्सा पद्धति है. सिद्ध चिकित्सा के मूल सिद्धांत अन्य भारतीय स्वास्थ्य विज्ञान- आयुर्वेद जैसे हैं. परंतु इसमें बाल, प्रौढ़ और वृद्ध अवस्था में वात, पित्त और कफ की प्रमुखता को लेकर थोड़ी मान्यताएं भिन्न है. यूनानी चिकित्सा ग्रीक में उत्पन्न हुयी चिकित्सा पद्धति मानी जाती है. यूनानी चिकित्सा पद्धति प्राकृतिक रूप से उत्पन्न मुख्यतः वनौषधियों के प्रयोग पर जोर देती है, हालांकि पशु, समुद्रीय, खनिज मूल के संघटकों का उपयोग भी इसमें किया जाता है. इसकी उत्पत्ति का मूल इतिहास कुछ विवादास्पद माना जाता है और यह भी मूल भारत की आयुर्वेद की प्रेरणा के साथ मिस्र, अरब, ईरान, चीन, सीरिया की प्राचीन सांस्कृतिक परंपराओं और इन राष्ट्रों के युक्तियुक्त विचारों एवं अनुभवों के विलय से विकसित हुई मानी जाती है.

दुनियाभर में इलाज के लिए अलग-अलग पद्धतिया अपनायी जाती हैं जिसमे से भारत में आयुर्वेद, होमियोपैथी और एलोपैथी इलाज के लिए ज्यादा प्रचलित है. लेकिन आपकी जानकारी अनुसार शिक्षण और इलाज ये दोनों जो सदियों से सेवा के संस्थान हुआ करते थे जो आज अधिकतर व्यापार में परिवर्तित हो चुके है. अगर आप सुचमुच पढ़े लिखे है या साक्षर ना होकर भी व्यापार के गणित को समझते है तो आपको हर एक पैथी के लिए उपयोग में लिए जानेवाले शब्दों के मायाजाल को ठीक से समझना पड़ेगा. चाहे आयुर्वेद या होमियोपैथी की दवाई-औषध हो या फिर एलोपैथी दवाई के सॉल्ट या केमिकल्स, हर एक पैथी के अपने दुष्प्रभाव का मूल्यांकन दो प्रकार से किया जा सकता है.

1) चिकित्सा पद्धति में उपयोग में लिए जानेवाले “घटको" के दुष्प्रभाव
2) चिकित्सा पद्धति में उपयोग में लिए जानेवाले “घटको की मात्रा” के दुष्प्रभाव

“घटको के दुष्प्रभाव” की बात करे तो एलॉपथी में उपयोग में लिए जानेवाली दवाइयां सॉल्ट और मोलिक्यूल्स से बनती है. यह एक फॉर्मूला होता है, जिसमें अलग अलग कैमिकल मिलाकर दवाई बनाई जाती है. जैसे किसी दर्द को ठीक करने के लिए जिस पदार्थ का इस्तेमाल होता है, उस पदार्थ से दवाई बना ली जाती है. जब ये दवाई किसी बड़ी ड्रग कंपनी की ओर से बनाई जाती है तो यह ब्रांडेड दवाई बन जाती है. दवाइयों के ब्रांडेड कंपनियों द्वारा पेटेन्ट भी लिए जाते है जिसमे पैसा कमाने का व्यपारी उदेश मुख्य है. एलोपैथी से लाभ तो जो हैं, वे प्रत्यक्ष ही हैं, पर इस पद्धति में जो सबसे बड़ा दोष है, वह है दवाइयों का प्रतिकूल प्रभाव (साइड इफेक्ट).

एलोपैथी दवाइयों को बनाने में उपयोग में आनेवाली वनस्पति और प्राणी के शरीर के तत्व और साथ में कृत्रिम केमिकल्स शरीर की बीमारी में आराम पहुंचाने के साथ शरीर पर अपना दुष्प्रभाव भी छोड़ते है. एक तो दवाइयां रोग को दबा देती हैं, इससे रोग निर्मूल नहीं हो पाता, साथ ही वह किसी अन्य रोग को जन्म भी दे देता है. यह इस एलोपैथी के मौलिक सिद्धांत की न्यूनता कही जा सकती है.

होमियोपैथी और आयुर्वेद दोनों चिकित्सा पद्धतियो में वनस्पति, फल, फूल के चूर्ण, अर्क या खनिज उपयोग में लिए जाते है जो पूर्णतः नैसर्गिक होते है. एलोपैथी के साथ मूल्यांकन किया जाए तो आयुर्वेद और होमियोपैथी दोनो ही निर्दोष है, क्योकि प्राकृतिक तत्वों से बनी औषध या दवाई कृत्रिम तरीके से बनाई गयी दवाई के मुकाबले प्रतिकूल प्रभाव कम करती है. **परंतु आयुर्वेद और होमियोपैथी पूर्णतः प्रतिकूल प्रभाव या साइड इफ़ेक्ट से मुक्त है यह कहना भी गलत होगा, क्योकि यह औषध या दवाई की मात्रा से भी जुड़ा विषय है.**

दवाई या औषध की मात्रा की बात की जाए तो कोई भी चिकित्सा पद्धति प्रतिकूल प्रभाव या साइड इफ़ेक्ट से मुक्त नहीं मानी जा सकती. एलोपैथी की बात की जाए तो उसकी दवाई बनाने में कृत्रिम केमिकल्स का भी पयोग होने से वह निश्चित रूपसे प्रतिकूल प्रभाव देती है. दूसरी तरफ आयुर्वेद और होमियोपैथी की औषध या दवाई में नैसर्गिक केमिकल्स भले ही मौजूद हो, परंतु उसकी अधिक मात्रा भी शरीर के लिए अवश्य नुक्सानदेहि है. जब भी **"मात्रा की अधिकता"** के बारे में बात की जाए तो यह सामान्य ज्ञान है की वह शरीर को निश्चित रूपसे हानि पहोंचा सकता है. इतना फर्क जरूर स्वीकार किया जा सकता है की नैसर्गिक केमिकल्स थोड़ी कम हानि पहुंचाता है, वहीँ कृत्रिम केमिकल्स अधिक हानि पहोचा सकते है.

उदाहरण रूप आप चिकित्सा पद्धति को छोड़कर लड्डू ही ले लीजिये. अगर आपकी मर्यादा 2 लड्डू एकसाथ खाने की है और आप 3 या 4 लड्डू एक साथ खा लेते है तो भले ही लड्डू कोई नुक्सान देनेवाली वस्तु ना होने के बावजूद अधिक मात्रा में उसका सेवन आपका हाजमा बिगाड़ सकता है.

चिकित्सा पद्धति के दुष्प्रभाव और दवाई की मात्रा के अलावा हर एक पैथी को व्यापार की दृष्टि से बदनाम करने और ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए लोगो को तरह भ्रामक प्रचार द्वारा आकर्षित भी किया जाता है. जैसे आयुर्वेदिक तैयारियों में सीसा, पारा और आर्सेनिक पाने की बात कही जाती है जो पदार्थ मनुष्यों के लिए हानिकारक माने जाते हैं. लेकिन हमारे आसपास ऐसी कई औषधिया है जो जहरीली है पर सदियों से इंसान उसका उपयोग नहीं करता है. तो प्राकृतिक चीजवस्तुओ के उपयोग के कुछ दोष अवश्य है, जिसमे केवल उसके दोष के बारे में बात करना और गुणों के बारे में नहीं करना वह दुष्प्रचार का एक जरिया मात्र है.

भस्मों तथा धातुओं को लेकर लोगों में बहुत शोर है कि आयुर्वेद की औषधियां भस्मों से युक्त होती हैं तथा ये शरीर में जाकर किडनियों (वृक्कों) की कार्यशक्ति को समाप्त कर देती हैं. आयुर्वेद की औषधियों में आवश्यक भस्मों का इसलिए उपयोग किया जाता है कि यदि जड़ी-बूटियों के साथ भस्मों को मिलाकर किसी जीर्ण रोग में दिया जाता है तो वह शरीर में जाकर रोग का निवारण शीघ्र करती है. इसमें वैद्य की मुख्य जिम्मेदारी है कि वह ठीक तरह से जांच-परख कर रसौषधि (भस्मों से युक्त औषधि) का प्रयोग करे जो किसी रूपसे दूषित ना हो.

आयुर्वेद दवाओं में स्टिरॉयड्स मिलाने की बात भी होती है तो यह समज लेना आवश्यक है की स्टिरॉयड्स तो हमारा शरीर भी बनाता है. परंतु मूल आयुर्वेद दवाओं में कोई केमिकल स्टिरॉयड्स नहीं मिलाए जाते, बल्कि कुछ औषधीय पौधों में

स्वजनित फाइटोस्टिरॉयड्स होते हैं जो कि अत्यंत अल्प मात्रा में तथा शरीर को स्वस्थ बनाने में लाभप्रद होते हैं.

ऐसे आयुर्वेद के बारे में तरह तरह के दुष्प्रचार लोगो को नैसर्गिक चिकित्सा पद्धति से दूर करने के लिए षडयंत्रो के तहत किया जाता है. कुछ गिनीचुनी औषधो के कुछ दोष को इतना बड़ा शोर कर प्रचारित किया जाता है की लोग आयुर्वेद के प्रति भ्रमित होकर अन्य चिकित्सा पद्धतियो पर भरोसा करना शुरू करे. इन सबसे विपरीत अगर कोई आयुर्वेद का वैध या दवा बनानेवाली संस्थाए कभी कुछ औषध में मिलावट कर उसका उपयोग मुनाफे के चलते कर देते है, तो उसका दोष चिकित्सा पध्दति का ना गिनकर उस वैध या संस्था का समझना चाहिए.

होमियोपैथी जो की एक नैसर्गिक उपचार की पद्धति है जिसके ज्यादा प्रभावी ना होने के दावे पुरे विश्व में किये जाते रहे है. बड़े पैमाने पर किए गए अध्ययनों में होमियोपैथी को प्लेसीबो से अधिक प्रभावी नहीं पाया गया है, ऐसा रिसर्च करनेवाले वैज्ञानिको का दावा है. वहीँ कुछ वैज्ञानिक रिसर्च में उसे प्रभावी भी पाया गया है. प्लेसीबो ऐसी चिकित्सा को कहते हैं जिसका कोई वैज्ञानिक आधार न हो. ऐसी चिकित्सा पद्धति या तो प्रभावहीन होती है, या यदि कोई सुधार दिखता भी है तो उसका कारण मनोवैज्ञानिक या कोई अन्य चीज मानी जाती है. **परंतु सूक्ष्म स्तर पे होमियोपैथी का मूल्यांकन किया जाए तो ऐसा संभव नहीं दीखता की इतने सालो तक कोई चिकित्सा प्लेसीबो तरह की हो और लोगो द्वारा सालो से उसे उपयोग में भी लिया जाता हो.** वास्तव में होमियोपैथी शरीर के रोगो के लक्षणों के आधारित उपचार करनेवाली पद्धति अवश्य है, परंतु नैसर्गिक द्रव्यों के साथ किया गया उपचार कैसे प्रभावी सिद्ध हो सकता है उसका पूरा मुल्यांकन निचे विस्तार से दिया गया है.

होमियोपैथी चिकित्सको के अनुसार यह चिकित्सापद्धति आयुर्वेद की एक शाखा से मिलती है. **जहॉ आयुर्वेद में "समः यम समयति" का सिद्धान्त वर्णित है होमियोपैथी में यही "लॉ ऑफ सिमिलर्स" यानी समरूपता का सिद्धांत बना. इसतरह होमियोपैथी भी आयुर्वेद की तरह नैर्गिक चिकित्सा पद्धति ही है जिसमे फल, फूल और खनिज के अर्क को आल्कोहोल में सुरक्षित रखा जाता है.** इस पद्धति मे रोगी को दवाई देने से पहले उसकी शारीरिक एवं मानसिक स्थिति का इतिहास भी देखा जाता है. मेरे आंकलन अनुसार होमियोपैथी में बस गहरे में आयुर्वेद की तरह वात, पित्त और कफ (त्रिदोष) का मूल्यांकन नहीं है. इसीलिए यह संभव है की कुछ खास प्रकृति के लोगो को होमियोपैथी दवाइयाँ असरदार परिणाम दे सकती है और कुछ प्रकृति के लोगो को नहीं दे सकती. होमियोपैथी दवाईया अगर किसी रोगी की प्रकृति को अनुकूल है और उसकी निश्चित मात्रा अनुभवी चिकित्सक द्वारा निर्धारित की जाए तो यह रोगी के लिए अच्छे परिणाम ला सकती है.

ऐसा सोचना की केवल एलॉपैथी को ही आज के समय में धंधा बनाया गया है वह भी कथन पूर्णतः सत्य नहीं है. लोगो की चाहना आयुर्वेद और होमियोपैथी दोनों की तरफ बढ़ने से इनमे भी दवाईया और चिकित्सा में व्यापारीकरण बढ़ा है. परंतु अधिकतर एलॉपथी की दवाई का कारोबार करोडो से अरबो का है और उसे प्रचारित करने के माध्यम ज्यादा है जैसे इंटरनेट, टीवी, रेडियो और अखबार. एलॉपैथी दवाईयो में धन निवेश, प्रचार का खर्च और मुनाफा अधिक होने के कारण यह दवाए मॅहगी मिलती है और साथ एलॉपैथी चिकित्सक भी अच्छी कमाई करता है. हर एक पैथी का चिकित्सक अपने स्तर पर चिकित्सा पद्धति का प्रचार करता है और उसे ही श्रेष्ठ बताता है, इसीलिए एक पैथी के साथ दुरी पैथी की लड़ाई अनेको माध्यम से हमेशा चलती रहती है, क्योकि उसके पीछे उद्देश्य ज्यादा लोगो को आकर्षित कर अधिक मुनाफा कमाना ही प्रतीत होता है और बहुत ही कम चिकित्सक इससे अपवादरुप माने जाते है.

बेशक हर एक पैथी में ईमानदार चिकित्सक भी है जो अपनी पैथी के फायदे और मर्यादा दोनो जानते है और ईमानदारी से लोगो को सच बताते भी है, लेकिन इनकी संख्या समाज में बहुत ही कम है. किसी रोगी को दुष्प्रचारो से भ्रमित होने की आवश्यकता नहीं है, परंतु अपना रोग और उसके लिए सही चिकित्सा पद्धति का मूल्यांकन करना आवश्यक है ताकी अपने मूल्यवान शरीर की रक्षा हो सके.

एलोपैथी में आयुर्वेद और होमियोपैथी के मुकाबले वैश्विक स्तर पर व्यापार की दृष्टि से बड़ा निवेश हुआ है. एलोपैथी के विकास के लिए अद्यतन टेक्नोलॉजी, प्रचार के लिए माध्यम और मंच तीनो ही आयुर्वेद और होमियोपैथी के मुकाबले ज्यादा बड़े है. दूसरी तरफ जो मुनाफा एलॉपथी दवाइयों के माधयम से कमाया जा सकता है, वह आयुर्वेद और होमियोपैथी चिकित्सा द्वारा नहीं कमाया जा सकता, क्योकि एलोपैथी की दवाईया अन्य चिकित्सा पद्धति की दवाइयों से अनेको गुना महँगी है. **एलॉपैथी के इतने साइड इफेक्ट्स या प्रतिकूल घटनाएं अधिक होने के बावजूद उसपे पर्दा डालनेका और तोड़ मरोड़कर उसे श्रेष्ठ साबित करने का प्रयास अधिक होता है.**

उदाहरण के तौर पर त्रिफ़ला के संदर्भ मे लिवर के साथ ली जानेवाली एलॉपैथी दवाइयों के बारे में खबर को देखले तो **साइटोक्रोम (cytochrome P450)** से संबंधित अथवा डिप्रेशन की एलॉपथी दवाइयों के साथ त्रिफला को लेने से कुछ प्रतिकूल प्रभाव (साइड इफ़ेक्ट) आने का खतरा बताया जाता है. **तो कहने का मतलब यह है की वो लोग आपको यह जताना चाहते है की मुख्य रूपसे आप एलॉपैथी को प्राथमिक तौर की चिकित्सा के रूप में अपनाये और बाकी अन्य चिकित्सा पद्धतियों को वैकल्पिक तौर पर. लेकिन आपको ऐसा नहीं बताया जाएगा की लिवर या डिप्रेशन की एलॉपथी दवाई के कृत्रिम केमिकल्स त्रिफला के नैसर्गिक केमिकल्स के साथ मिलके अगर साइड इफ़ेक्ट दे रहे है, तो आप एलॉपैथी को छोड़ कर लिवर संबंधित बीमारियों या**

डिप्रेशन का इलाज केवल आयुर्वेद की त्रिफला या अन्य किसी नैसर्गिक चिकित्सा पद्धति की दवाइयों से करवाए.

कुछ एलॉपैथी दवाइयों के इलाज के साथ पाचनतंत्र, हार्ट, किडनी या अन्य शरीर के महत्वपूर्ण अंगो पर छोटे बड़े कई प्रकार के साइड इफेक्ट्स आते है यह प्रमाणित और लिखित मे होने के बावजूद जब उनका टीवी, अख़बार या इंटरनेट के माध्यम से प्रचार किया जाता है तब साइड इफ़ेक्ट की ज्यादातर कोई बात ना कर केवल उसके फायदे ही जनता के सामने प्रस्तुत किये जाते है. इसी कारण कुछ पढ़े लिखे लोग भी ज्यादा गहराई से अभ्यास ना कर एलॉपथी से इलाज करवाते है और जो अधिक पढ़ा लिखा नहीं है वह भी दवाईयो के साइड इफ़ेक्ट से अनजान होकर तत्काल आराम मिलता है इसीलिए एलॉपैथी को अपनाते जाता है.

पैथी के मूल सिद्धांत अनुसार एलॉपैथी में कुछ रोग ना मिटने का दावा प्रस्तुत कर उसको केवल नियंत्रण में रखने के लिए दवाईया बनायीं जाती है. **मतलब की जब आप रोगो से मुक्त नहीं होनेवाले और आपको उस बीमारी के लिए जीवनभर दवाई खानी है यह एलॉपथी चिकित्सक और दवाई बनानेवाली कंपनी दोनो के लिए जीवनभर का व्यापार बन सकता है.** क्योकि रोगी का रोग केवल नियंत्रण में रखना है तो उसे हर महीने किसी कंपनी से दवाई खरीदनी है और निदान करने के लिए डॉक्टर के पास भी जाते रहना है जिससे फीस द्वारा डॉक्टर की भी आय बढ़ती है. इस तरह व्यापार की दृष्टि से रोगी के कुछ रोग एलॉपैथी डॉक्टर और एलॉपैथी दवाई बनानेवाली कंपनियों के लिए पैसा कमाने का अवसर भी बन जाते है.

इसमें ध्यान देने की बात यह है की एलॉपथी का डॉक्टर पूर्णतः ईमानदार और निष्ठावान भी हो, लेकिन चिकित्सा पद्धति की मयार्दा के अनुसार आपकी कोई मदद

